RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 157
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 13 अप्रैल, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




ट्विटर का मालिक होना दुखदाई लेकिन यह जरूरी भी था

विदेश-10

# पंजाब के बठिंडा सैन्य स्टेशन पर गोलीबारी में चार सैनिकों की मौत

- दो अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज, जिन्हें इंसास राइफल और कुल्हाड़ी के साथ घटनास्थल पर देखा गया
- तड़के साढ़े चार बजे सोते हुए सैनिकों पर की गई गोलीबारी, पुलिस का आतंकी हमले से इनकार, आपसी फायरिंग के पहलू पर जांच

**पायनियर समाचार सेवा।** बठिंडा/नई दिल्ली



पंजाब के बठिंडा में सैन्य स्टेशन पर जांच के लिए पहुंची पुलिस

**पंजाब** के बठिंडा में सैन्य स्टेशन पर बुधवार तड़के हुई गोलीबारी में चार सैनिकों की मौत हो गई। दो अज्ञात लोगों ने बैरक में सो रहे सैनिकों पर अंधाधुंध फायरिंग कर कर घटना को अंजाम दिया और फरार हो गए।

दोनों हमलावरों की तलाश की जा रही है जिन्हें इंसास राइफल और कुल्हाड़ी के साथ घटनास्थल पर देखा गया था। मारे गए सैनिकों में दो मूल रूप से कर्नाटक के निवासी थे जबकि दो अन्य तमिलनाडु के रहने वाले थे। सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पूरे मामले की जानकारी दे दी है। सेना के सूत्रों ने बताया कि सेना की सहायता से पुलिस घटना की जांच कर रही है और इसके अलावा कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के जरिए भी पूरे प्रकरण की जांच की जाएगी। पुलिस ने बताया कि बठिंडा छावनी पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा-302 (हत्या) और सशस्त्र अधिनियम के तहत दो अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। अभी इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस ने इसके आतंकी घटना होने से भी इनकार किया है।

जानकारी के मुताबिक घटना बुधवार तड़के लगभग चार बजकर 30 मिनट पर तोपखाना इकाई में मेस के पीछे मौजूद बैरक के पास हुई। उस समय चारों सैनिक सो रहे थे। हमले में मारे गए सैनिकों की उम्र 24 से 25 साल के बीच है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि अब तक जो जानकारी हमने जुटाई है, उससे स्पष्ट है कि यह आतंकवादी कृत्य नहीं है। शुरुआत में पुलिस ने संकेत किया कि था कि यह घटना आपसी गोलीबारी की है, लेकिन बाद में अधिकारियों ने कहा कि अब तक स्थिति स्पष्ट नहीं है। ऐसा संदेह था कि इस घटना में दो दिन पहले गुम हुई एक इंसास राइफल और उसकी 28 गोलियों का इस्तेमाल किया गया होगा। हालांकि, सेना ने बुधवार को बताया कि गुम हुई इंसास राइफल और उसकी मैगजीन मिल गई है। पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक एक जवान ने बताया कि उसने दो ( शेष पेज 9 )

# विपक्षी एकजुटता को विस्तार देने का लिया संकल्प

- खरगे, राहुल गांधी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिले बिहार के सीएम नीतीश कुमार, कांग्रेस नेताओं ने बैठक को ऐतिहासिक करार दिया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता को संबोधित करते विपक्षी दलों के नेता

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अगले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ व्यापक विपक्षी एकजुटता सुनिश्चित करने के मकसद से बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल से मुलाकात। इनमें यह तय किया गया कि अधिक से अधिक विपक्षी दलों को एक मंच पर लाने के साथ साथ देश के लिए विपक्ष का दृष्टिकोण सामने रखा जाएगा।

खरगे और राहुल ने नीतीश के साथ बैठक को ऐतिहासिक करार दिया। दूसरी तरफ, जनता दल (यूनाइटेड) ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में नीतीश कुमार विपक्षी एकता के सूत्रधार साबित होंगे। नीतीश ने पहले खरगे और राहुल के साथ बैठक की और फिर दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल से मुलाकात की। कांग्रेस अध्यक्ष के आवास पर दोपहर के भोज पर हुई बैठक में खरगे, नीतीश, राहुल गांधी और तेजस्वी के अलावा जनता दल (यूनाइटेड) के अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, बिहार सरकार के मंत्री संजय झा, राष्ट्रीय जनता दल के सांसद मनोज झा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद और बिहार प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह भी मौजूद थे। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने इस बैठक को ऐतिहासिक करार दिया और कहा कि आगे सभी विपक्षी दलों को एकजुट करना है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, हमने यहां पर ऐतिहासिक बैठक की है और कई मुद्दों पर चर्चा की है। हम सभी ने मिलकर तय किया कि सभी पार्टियों को एकजुट करना है और आने वाले चुनाव में एकजुट होकर लड़ना है।

हम सब मिलकर इसी रास्ते पर काम करेंगे। बाद में खरगे ने ट्वीट किया, संविधान सुरक्षित रखेंगे, और लोकतंत्र बचाएंगे, राहुल गांधी और हमने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव व अन्य नेताओं से मुलाक़ात कर, जनता की आवाज़ को एक साथ उठाने और देश को नई दिशा देने का संकल्प दोहराया। जद(यू) के शीर्ष नेता नीतीश कुमार ने कहा कि यहां अंतिम रूप से बातचीत हो गई और इसी के आधार पर आगे अधिक से अधिक दलों को साथ लाना है। उन्होंने कहा, हम अधिक से अधिक पार्टियों को पूरे देश में एकजुट करने का प्रयास करेंगे। सब लोग सहमति जताएंगे, एकसाथ बैठेंगे, मिलकर चलेंगे। यह बात तय हुई है। अंतिम तौर पर बात हो गई है, उसी के आधार पर आगे चलेंगे। जितने लोग सहमत होंगे, उन सभी लोगों के साथ मिलकर आगे की चीजें तय करेंगे। यह पूछे जाने पर कि कितने दल साथ आएंगे तो बिहार के मुख्यमंत्री ने कहा, जिस दिन बैठेंगे, उस दिन जानिएगा। बहुत ज्यादा लोग इकट्ठा होंगे। राहुल गांधी ने भी इस बैठक को ( शेष पेज 9 )

# राजनीति का अखाड़ा बन गया था रेलवे: मोदी

- राजस्थान से पहली वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई, मुख्यमंत्री गहलोत को मेरे मित्र कहकर संबोधित किया, कांग्रेस में जारी खींचतान के बावजूद कार्यक्रम में आने के लिए उनका आभार जताया

**पीएनएस/एजेंसी।** जयपुर



राजस्थान की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

## सवा पांच घंटे में अजमेर से दिल्ली कैंट

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को देश की 15वीं और राजस्थान की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह ट्रेन जयपुर, अलवर और गुरुग्राम में ठहराव के साथ अजमेर और दिल्ली कैंट स्टेशनों के बीच चलेगी। यह ट्रेन अपनी यात्रा पांच घंटे 15 मिनट में तय करेगी।

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने पूर्ववर्ती सरकारों के कार्यकाल में रेलवे भर्तियों में राजनीति व भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाते हुए बुधवार को कहा कि यह देश का दुर्भाग्य है कि रेलवे को राजनीति का अखाड़ा बना दिया गया था। मोदी ने दावा किया कि रेलवे में हालात 2014 के बाद बदलने शुरू हुए जब देश के लोगों ने केन्द्र में स्थिर सरकार बनवाई।

उन्होंने कहा कि भारतीय रेल का कायाकल्प होते देखकर आज हर भारतवासी गर्व से भरा हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को अजमेर-दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस के उद्घाटन कार्यक्रम को दिल्ली से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने देश की 15वीं और राजस्थान की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम की शुरुआत में मोदी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को मेरे मित्र कहकर संबोधित किया और राज्य की कांग्रेस में जारी राजनीतिक खींचतान के बावजूद इस कार्यक्रम में आने के लिए उनका आभार जताया। इस अवसर पर मोदी ने रेलवे में राजनीति को लेकर पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया, यह ( शेष पेज 9 )

# कोविड: 10-12 दिनों के बाद मामलों के घटने की संभावना

- राजधानी दिल्ली में एक दिन में 1,149 और देश में 7,830 नए मामले आए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** में कोविड स्थानिक चरण की ओर बढ़ रहा है, इसलिए मामले अगले 10-12 दिनों तक बढ़ते रह सकते हैं जिसके बाद इसमें कमी आएगी। वहीं राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बुधवार को कोरोना संक्रमण के 1,149 नए मामले आए और एक मरीज की मौत हो गई।

दिल्ली में संक्रमण दर 23.8 फीसदी है। जबकि देश में संक्रमण के 7,830 नए मामले दर्ज किया गया। सूत्रों ने कहा कि संक्रमण मामले भले ही बढ़ रहे हैं, लेकिन अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या कम है और इसके कम ही बने रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि कोविड मामलों में मौजूदा वृद्धि एक्सबीबी.1.16 की वजह से है जो ओमीक्रोन का सब वेरिएंट ( शेष पेज 9 )

## कोविड अनुकूल व्यवहार अपनाना जरूरी: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि यूपी में कोविड संक्रमण की स्थिति नियंत्रण में है मगर सतर्कता व सावधानी बनाए रखने की जरूरत है। कोविड के हर संदिग्ध मरीज को तत्काल चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराई जाए। स्थानीय जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित करते हुए सभी जिलों में डेडिकेटेड कोविड हॉस्पिटल तत्काल क्रियाशील कर दिया जाए। मुख्यमंत्री ने बुधवार को राज्य स्तरीय कोविड सलाहकार समिति और उच्चस्तरीय टीम-9 के साथ प्रदेश की स्थिति की समीक्षा की और व्यापक जनहित में आवश्यक ( शेष पेज 9 )

# पटना के न्यायालय ने राहुल गांधी को 25 को उपस्थित रहने को कहा

**पटना( भाषा )।** पटना की एक अदालत ने मोदी उपनाम पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी को लेकर दायर मानहनि के मुकदमे में उन्हें 25 अप्रैल को पेश होने को कहा है। गौरतलब है कि 2019 के आम चुनाव के प्रचार के दौरान राहुल गांधी ने कर्नाटक में मोदी उपनाम (सरनेम) पर विवादित टिप्पणी सभी चोरों का मोदी उपनाम क्यों है? की थी। इसे लेकर गुजरात के सूरत की एक अदालत में दायर फौजदारी मानहानि के मामले में कांग्रेस नेता को पिछले महीने दोषी ठहराया गया तथा दो साल की सजा सुनाई गई, जिसके चलते उनकी लोकसभा की सदस्यता समाप्त हो गई। राहुल की इसी टिप्पणी को लेकर भाजपा के राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने पटना की अदालत में उन पर मानहानि का मुकदमा किया है। विशेष न्यायिक दंडाधिकारी आदि देव की एमपी-एमएलए अदालत ने इस साल 18 मार्च को एक आदेश पारित कर राहुल गांधी को 12 अप्रैल को पेश ( शेष पेज 9 )

# पूरा फैसला लिखे बिना निष्कर्ष नहीं दे सकते जज: सुप्रीम कोर्ट

- कुछ आरोपों का न्यायिक घोषणाओं और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं से संबंध होता है, लेकिन वे विभागीय कार्यवाही का आधार नहीं बन सकते: पीठ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने कर्नाटक में निचली अदालत के एक न्यायाधीश को बर्खास्त करने का आदेश देते हुए व्यवस्था दी है कि कोई न्यायिक अधिकारी फैसले के पूरे पाठ को तैयार किए बिना या लिखे बिना, उसके निष्कर्ष वाले हिस्से को खुली अदालत में जाहिर नहीं कर सकते।

उच्चतम न्यायालय ने यह व्यवस्था कर्नाटक उच्च न्यायालय के महापंजीयक (रजिस्ट्रार जनरल) की एक अपील पर दी है। इस अपील में पूर्ण अदालत द्वारा न्यायाधीश को बर्खास्त किए जाने संबंधी आदेश को रद्द कर उनकी बहाली के लिए दिए गए उच्च न्यायालय की खंडपीठ के आदेश को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमण्यम और न्यायमूर्ति पंकज मिठल की पीठ ने गंभीर आरोपों को छिपाने के लिए कर्नाटक उच्च न्यायालय पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि न्यायाधीश का आचरण अस्वीकार्य है।

पीठ ने कहा, यह सच है कि कुछ आरोपों का न्यायिक घोषणाओं और न्यायिक निर्णय लेने की प्रक्रियाओं से संबंध होता है, लेकिन वे विभागीय कार्यवाही का आधार नहीं बन सकते हैं। पीठ ने आगे कहा कि इसलिए, हम उन आरोपों को नजरअंदाज कर रहे हैं। लेकिन जो आरोप प्रतिवादी की ओर से ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,392 | ↑ 235 | |
| निफ्टी | 17,812 | ↑ 90 | |
| सोना | 61,080 | ↑ 330 | /10g |
| चांदी | 75,780 | ↑ 840 | /kg |

## क्विक न्यूज

### बम की सूचना मिलने पर खाली कराया स्कूल

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के सादिक नगर स्थित द इंडियन स्कूल में बुधवार सुबह बम होने संबंधी एक ई-मेल मिलने के बाद आनन-फानन में पुलिस ने परिसर को खाली करा लिया। इससे छात्रों और अभिभावकों में दहशत फैल गई। हालांकि कई घंटे की गहन जांच के बाद पुलिस ने इसे अफवाह करार दिया। बीआरटी रोड पर स्थित द इंडियन स्कूल की प्रधानाध्यापिका तानिया जोशी ने बताया कि बुधवार सुबह स्कूल में बम होने की धमकी भरा ईमेल मिला था। सुबह करीब 10 बजकर 49 मिनट पर पुलिस को जानकारी दी गई। फौरन ही बम निरोधक दस्ता और अन्य एजेंसियों की टीमें मौके पर पहुंच गईं और गहन जांच शुरू की गई। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) चंदन चौधरी ने बताया कि तीन चक्र की सुरक्षा जांच के बाद यह अफवाह साबित हुई। उन्होंने बताया कि स्कूल को पिछले साल नवंबर में भी ऐसा ही एक ईमेल मिला था।



कोलकाता मेट्रो ने बुधवार को इतिहास रच दिया। उसकी एक ट्रेन ने देश में पहली बार नदी में बनी सुरंग में दौड़ लगाई। मेट्रो की इस ट्रेन में केवल अधिकारी और इंजीनियर सवार थे। यह हुगली नदी के नीचे से होती हुई कोलकाता से हावड़ा पहुंची।

# मैं मिट्टी में मिल गया हूं: अतीक अहमद

- योगी सरकार से लगाई गुहार- अब मेरे परिवार की महिलाओं और बच्चों को परेशान न करें

**भाषा।** लखनऊ



**साबरमती** सेंट्रल जेल से प्रयागराज ले जाए जा रहे गैंगस्टर से नेता बने अतीक अहमद ने बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार से गुहार लगाते हुए कहा कि वह मिट्टी में मिल गया है और अब उसके परिवार की महिलाओं और बच्चों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए।

गुजरात की साबरमती जेल से लाए जा रहे अहमद ने रास्ते में पुलिस वैन के अंदर से मीडियाकर्मियों से बातचीत में कहा, हम आपके जरिए सरकार से कहना चाहते हैं, हम बिलकुल मिट्टी में मिल गए हैं अब हमारी औरतों और बच्चों को परेशान न करें। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गत 24 फरवरी को हुए उमेश पाल हत्याकांड के बाद इस मामले पर समाजवादी पार्टी द्वारा उठाए गए सवाल के जवाब में अतीक अहमद की तरफ इशारा करते हुए कहा था, हम इस माफिया को मिट्टी में मिला देंगे। अहमद ने एक सवाल पर कहा, हमारी माफियागीरी तो पहले ही खत्म हो गई है।

अब हमें बस रगड़ा जा रहा है। अतीक अहमद को करीब एक पखवाड़े में दूसरी बार बुधवार को साबरमती जेल से यहां नैनी सेंट्रल जेल लाया गया और वहीं उमेश पाल हत्या मामले में उसे बृहस्पतिवार को अदालत में पेश किया जाएगा। उमेश पाल हत्याकांड में वांछित अपने बेटे असद के बारे में पूछे जाने पर अहमद ने कहा, हम क्या जाने..हम तो जेल में हैं। इससे ( शेष पेज 9 )

## ईडी की अतीक के खिलाफ छापेमारी, 75 लाख नकद और बेनामी संपत्ति के दस्तावेज जब्त

**लखनऊ।** गैंगस्टर से नेता बने अतीक अहमद और उससे जुड़े लोगों के खिलाफ चल रही धन शोधन जांच के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को उत्तर प्रदेश में फिर छापेमारी की। सूत्रों ने कहा कि छापेमारी में 75 लाख रुपए नकद और 200 बैंक खातों और लगभग 50 मुखौटा (शेल) कंपनियों से जुड़े दस्तावेज जब्त किए गए।

प्रयागराज में 15 परिसरों पर सुबह-सुबह छापेमारी की गई, जिसमें उत्तर प्रदेश पुलिस की टीमों ने ईडी अधिकारियों को सशस्त्र सुरक्षा प्रदान की। यह कार्रवाई उस दिन हुई जब समाजवादी पार्टी के 60 वर्षीय पूर्व विधायक को करीब एक पखवाड़े में दूसरी बार अहमदाबाद के साबरमती केंद्रीय कारागार से प्रयागराज के नैनी केंद्रीय कारागार लाया गया। उमेश पाल हत्याकांड के सिलसिले में उसे एक अदालत में पेश किया जाएगा।

अहमद पर उत्तर प्रदेश में 100 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। उसके और उसके परिवार के खिलाफ धनशोधन का ईडी का मामला इन प्राथमिकियों पर आधारित है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि ईडी की टीमों ने 75 लाख रुपए नकद, कुछ विदेशी मुद्रा, लगभग 200 बैंक खातों और 50 मुखौटा संस्थानों ( शेष पेज 9 )

# मेयर टिकट की लाइन में रिटायर आईएएस, उद्यमी व डॉक्टर

## गाजियाबाद में भाजपा में सर्वाधिक मारामारी, 28 साल से मेयर सीट पर पार्टी का एकछत्र कब्जा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद




नगर निगम गाजियाबाद में मेयर का टिकट पाने के लिए सबसे ज्यादा मारामारी भाजपा में है। यहां पूर्व आईएएस ऑफि सर, डॉक्टर, उद्यमी समेत तमाम लोग कतार में हैं।

वे लखनऊ से दिल्ली तक की परिक्रमा कर रहे हैं। जब से गाजियाबाद को नगर निगम का दर्जा मिला है, तब से मेयर सीट पर भाजपा का कब्जा रहा है। इसलिए ऐसा कहा जाता है कि जिसको टिकट मिल गया, वही विजयश्री पा गया। संभवत इन्हीं सब बातों के चलते भाजपा में मेयर टिकट पाने के लिए सर्वाधिक मारामारी है।

वर्तमान में भाजपा से आशा शर्मा मेयर हैं। ये संघ पृष्ठभूमि से आती हैं। इसी वजह से इन्हें 2017 में टिकट मिला। आशा शर्मा को उम्मीद है कि पार्टी उन्हें दोबारा मौका दे सकती है। इसकी वजह स्वच्छता रैंकिंग में यूपी में नंबर वन आना और कई बड़े डवलपमेंट्स हैं। हालांकि पार्टी के ही कुछ लोग कयास लगा रहे हैं कि इस बार किसी अन्य को मौका दिया जा सकता है। भितरघाने आशा शर्मा का विरोध भी है।

पार्टी में टिकट मांगने वालों की कतार लंबी है। इसमें भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीता दयाल का नाम प्रमुख रूप से चर्चाओं में है। वजह ये है कि सुनीता विधानसभा चुनाव लड़ चुकी हैं, पार्टी में भी अच्छे ओहदे पर हैं। भाजपा महिला मोर्चा में राष्ट्रीय महामंत्री, प्रदेश अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर भी रह चुकी हैं। मेयर टिकट की कतार में डॉक्टर उदिता त्यागी भी हैं।

ये फिलहाल भाजपा महिला मोर्चा में पश्चिम क्षेत्र की महामंत्री हैं। समाजसेवा के तमाम कार्यों से जुड़ी रहती हैं और सोशल मीडिया में फैन फॉलोइंग जबरदस्त है। भाजपा महिला मोर्चा की महानगर उपाध्यक्ष रनिता सिंह भी टिकट मांग रही हैं। झांसी कमिश्नर से रिटायर हुए अजय शंकर पांडेय भी भाजपा के सहारे राजनीति में एंट्री करना चाहते हैं।

वे लंबे समय तक पूर्व राज्यपाल कल्याण सिंह के साथ रहे। इस दौरान उन्होंने पार्टी में कई बड़े लोगों से नजदीकियां बना ली। अजय शंकर पांडेय चाहते हैं कि वे पत्नी को गाजियाबाद से मेयर का चुनाव लड़ाएं।

इसके लिए वे दिल्ली-लखनऊ की कई दफा परिक्रमा कर चुके हैं। हालांकि बाहरी होने की वजह से भाजपा की लोकल बॉडी उनके जरा भी पक्ष में नहीं है।

शहर के एक प्रमुख हॉस्पिटल के मालिक ने अपनी पत्नी का बायोडाटा बीजेपी नेतृत्व को भेज दिया है। बीजेपी के तमाम शीर्ष नेता अपने इलाज के लिए इसी हॉस्पिटल में आते रहते हैं। इसके चलते हॉस्पिटल मालिक की उनसे अच्छी-खासी नजदीकियां हो गईं और अब वे चाहते हैं कि मेयर का टिकट उनकी पत्नी को मिले।

इसके अलावा गुरी जन्मेजा, साक्षी नारंग, पुनीता त्यागी, शशि अरोड़ा, ऋचा सूद, सुनीता, मीना भंडारी, सपना बंसल समेत तमाम महिलाएं हैं, जो भाजपा से टिकट मांग रही हैं। भाजपा के गाजियाबाद प्रभारी अमित वाल्मीकि का कहना है कि चुनाव में संगठन के पुराने कार्यकर्ताओं को वरीयता मिलेगी। सभी के बायोडाटा लिए जा रहे हैं। कोर कमेटी के सामने प्रत्येक बायोडाटा पर चर्चा होगी।

### कब-कौन बना मेयर

- 1995 दिनेश चंद्र गर्ग
- 2000 फिर निर्वाचित
- 2006 दमयंती गोयल
- 2012 तेलूराम काम्बोज
- 2017 आशा शर्मा

### होर्डिंग्स लगाकर टिकट बांटने का आरोप

*__गाजियाबाद।__ गाजियाबाद में नगर निकाय चुनाव के टिकट वितरण को लेकर बहुजन समाज पार्टी बसपा में रार छिड़ गई है। टिकट वितरण से नाराज कुछ लोगों ने पार्टी कार्यालय समेत कई स्थानों पर होर्डिंग्स लगा दिए हैं। इन होर्डिंग्स में साफतौर पर दो वरिष्ठ नेताओं पर रुपए लेकर टिकट बांटने के आरोप लगे हैं। फिलहाल पार्टी पदाधिकारी इस मसले पर बोलने के लिए तैयार नहीं हैं। बहुजन समाज पार्टी के पुराने कैडराइज कार्यकर्ता व नए कार्यकर्ता बहनजी से गुजारिश करते हैं कि गाजियाबाद जिले के अंदर पार्टी को खत्म करने के चक्कर में लगे हैं। जिनका नाम मेरठ मंडल पूर्व एमएलसी कॉर्डिनेटर प्रदीप जाटव और जिला गाजियाबाद के अध्यक्ष एडवोकेट वीरेंद्र जाटव है। जो भी इनसे संगठन के बारे में कुछ बोलता है तो उसे मारने की धमकी देते हैं। मीटिंग में मारने के लिए बाउंसर रखते हैं। गाजियाबाद जिले में सभी वार्ड से एक टिकट के नाम पर 3 से 4 लोगों से पैसे लिए गए हैं।*

## संक्षिप्त समाचार



नन्हे परिन्दे कार्यक्रम में बच्चों को स्कूल बैग बांटती पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह।

### आवारा कुत्तों के झुंड ने बच्चे पर किया हमला

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट गौर सिटी सोसायटी के 14 एवेन्यू में पार्क में खेल रहे एक सात वर्षीय बच्चे पर अचानक हमला कर दिया। पार्क में टहल रहे लोग किसी तरह बच्चे को झुंड से मुक्त कराने में कामयाब हुए, लेकिन तब तक कुत्तों का झुंड बच्चे के हाथ पर हमला कर लहूलुहान कर चुके थे। घायल अवस्था में बच्चे नजदीकी अस्पताल भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी मिल गई है। घटना के बाद से बच्चा काफी डरा व सहमा हुआ है। सोसायटी स्थित के टावर की फ्लैट संख्या 11083 में स्वतंत्र कुमार सिंह अपने परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने बताया कि उनका सात वर्षीय बेटा स्वांजल सोसायटी के पार्क में मंगलवार देर शाम को अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। बच्चे पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। जाकर देखा तो बच्चे के हाथ को आवारा कुत्तों ने बुरी तरह जख्मी किया हुआ था।

### आबकारी निरीक्षकों ने दुकानों का किया निरीक्षण

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह एवं जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में अवैध शराब व्यापार के विरूद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला आबकारी अधिकारी राकेश बहादुर सिंह ने बताया कि आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 4 अभिनव शाही व आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 5 चंद्रशेखर सिंह द्वारा सुरजपुर थाना क्षेत्र स्थित देशी-विदेशी व बियर दुकानों व मॉडल शाप का निरीक्षण व सभी दुकानो पर नया रेट लिस्ट लगा हो, बढ़े हुए मूल्य का स्टीकर लगा कर ही विक्रय किया जा रहा होए टोल फ्री नंबर व नये वर्ष का बोर्ड लगा हुआ का सुनिश्चित किया गया।

### सिक्योरिटी गार्ड और डिलीवरी ब्वॉय में मारपीट

**नोएडा।** सिक्योरिटी गार्ड और डिलीवरी ब्वॉय के बीच मारपीट का एक वीडियो सामने आया है। यह वीडियो बिसरख थाना क्षेत्र की एक सोसाइटी का है। डिलीवरी ब्वॉय बिना अप्रूवल के अंदर जाना चाह रहा था। इसी बात को लेकर सिक्योरिटी गार्ड और डिलीवरी बॉय के बीच कहासुनी हो गई और यह मारपीट में बदल गई। आरोप है कि लेकिन डिलीवरी ब्वॉय बिना अप्रूवल के ही अंदर जाने की बात कहने लगाए जबकि सिक्योरिटी गार्ड ने कहा कि बिना अप्रूवल के सोसाइटी के अंदर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इस बात को लेकर ही दोनों में कहासुनी हो गई।

### गारमेंट्स की दुकान में घुसा सांड

नोएडा। ग्रेटर नोएडा के दादरी कस्बे में आवारा सांड का आतंक देखने को मिला। दो सांडों की लड़ाई के दौरान एक सांड गारमेंट्स की दुकान में घुस गया। दुकानदार ने जब उसको डंडा मारकर निकालने का प्रयास किया तो वह भड़क गया। सांड ने तांडव मचाया। व्यापारी और दुकान के सेल्स मैन अपनी जान बचाते नजर आये। काफी मशक्कत के बाद सांड को बाहर निकाला जा सका। लेकिन दुकान में घुसकर सांड ने जो तांडव मचाया उससे व्यापारी को काफी नुकसान उठाना पड़ा। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई। दादरी के मुख्य बाजार में मंगलवार को एक गारमेंट्स की दुकान में घुस कर सांड ने जमकर तांडव मचाया। सांड के तांडव मचाते हुए सांड की तस्वीर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। अब ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।

# ड्राई फ्रूट घोटाले में 25 हजार की इनामी महिला गिरफ्तार



- सेक्टर-58 थाना में 11 मुकदमे दर्ज है

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ड्राई फ्रूट घोटाले में वांछित 25 हजार की इनामी महिला को पुलिस ने इलेक्ट्रानिक सिटी मेट्रो स्टेशन से गिरफ्तार किया है। इसकी पहचान नील कमल पुत्री कमल सिंह है। महिला के खिलाफ कोतवाली सेक्टर-58 थाना में 11 मुकदमे दर्ज है। ये काफी लंबे से फरार थी। जिसको तलाशने के लिए पुलिस की काफी टीम लगी है।

नोएडा पुलिस ने बताया कि महिला ने कई लोगों के साथ मिलकर थाना सेक्टर-58 क्षेत्र में एक आलिशान कार्यालय दुबई ड्राई फ्रूट एंड स्पाइस हब के नाम से खोला था। वहां से ये गैंग पूरे देश और विदेश से ड्राई फ्रूट के थोक विक्रेताओं से संपर्क करके उनसे भारी मात्रा मे अलग तरह के कीमती ड्राई फूड का आर्डर मंगवाते थे। ड्राई फूड मिलने पर ये विकेताओं को माल की कुल रकम का एक बहुत छोटा हिस्सा देकर बाकी रकम के फर्जी चैक देते थे।

जो चैक दिए भी जाते थे वो पेमेंट के दौरान कैंसिल कर दिए जाते थे। जिसके चलते उपरोक्त महिला और इस गैंग के अन्य सदस्यों ने कई व्यापारियों से करोड़ों रुपयों की धोखाधड़ी की। पीड़ितों की शिकायत पर कोतवाली सेक्टर-58 में 17 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। इसमें से 10 की गिरफ्तारी हो चुकी है। सात अभी फरार है जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है।

# 25 मीटर ऊंचे ओवरब्रिज से कूदा चोर

- घायल होकर हुआ गिरफ्तार दूसरा साथी स्कूटी से फरार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद के मसूरी इलाके में चोर ने ग्राम प्रधान के घर के सामने खड़ी सेंट्रो कार चुरा ली।

लोगों ने पीछा किया तो चोर ने ओवरब्रिज पर कार खड़ी करके करीब 25 फीट ऊंचाई से छलांग लगा दी। वो चोटिल हो गया और पकड़ा गया। चोर का दूसरा साथी जो स्कूटी पर सवार था, वो भाग निकला। मसूरी थाने के नजदीक चंद्रलोक कॉलोनी है। यहां गांव ढबारसी के प्रधान बासित अली का मकान है। मंगलवार रात करीब तीन बजे मुरादनगर निवासी ताहिर अली सेंट्रो कार से प्रधान के घर पर आए थे।

इस दौरान स्कूटी से दो संदिग्ध युवक प्रधान के घर के सामने आए। इसमें एक युवक स्कूटी से उतरा और महज 40 सेकेंड के अंदर दरवाजा खोलकर गाड़ी स्टार्ट करके भाग निकला। घर के बाहर लगे कैमरे में ये वारदात कैद हो गई।

जैसे ही कार चोरी का पता चला तो ताहिर अली और प्रधान के भतीजे फिरोज-शहजाद ने स्कॉर्पियो से चोरों का पीछा शुरू कर दिया। नेशनल हाईवे-9 पर कल्लूगढ़ी कट के पास ओवरब्रिज पर चोर ने सेंट्रो कार रोक दी। वो कार से उतरकर करीब 25 फीट ऊंचाई से फ्लाईओवर से नीचे कूद गया।

पैर में चोट लगने की वजह से वो भाग नहीं पाया और पकड़ा गया। आरोपी ने अपना नाम कमरुद्दीन अंसारी निवासी दयालपुरी दिल्ली बताया है। जबकि स्कूटी से भागा आरोपी इरफान है, जो दिली में जाफराबाद का रहने वाला है। इरफान की तलाश जारी है। पुलिस ने घायल चोर को संयुक्त जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

### ईएसआइसी अस्पताल में विजिलेंस टीम ने खंगाले दस्तावेज

**गाजियाबाद।** राजेंद्र नगर के राज्य कर्मचारी बीमा निगम ईएसआइसी अस्पताल में दूसरे दिन भी विजिलेंस की टीम छापेमारी करने पहुंची। विजिलेंस ने मरीजों को रेफर किए जाने वाले दस्तावेजों को खंगाला। अस्पताल में वार्ड और ओपीडी में जाकर जांच पड़ताल की।

ईएसआइसी मुख्यालय पंचदीप भवन से विजिलेंस विभाग टीम सुबह करीब 11;30 बजे अस्पताल पहुंची। टीम पहले चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नीलम नाग के कार्यालय पहुंची। यहां उन्होंने कुछ अहम दस्तावेजों की जानकारी की। टीम ने इमरजेंसी में पहुंचकर कागजों को खंगाला। मरीज को तुरंत उपचार के लिए इमरजेंसी से सीधा मरीज को पैनल के अस्पताल में रेफर कर दिया जाता है। मरीज को फ इल बाद में बनती है। यहां पर रेफर किए जाने वाले मरीजों को कागजों को चेक किया। विजिलेंस के अधिकारी रूम नंबर 30 में पहुंचे। यहां पर मरीजों को रेफर करने की फ इल तैयार होती है। उन्होंने ओपीडी ब्लाक का निरीक्षण किया। इसके बाद टीम फि र से चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय पहुंची। लगभग चार बजे विजिलेंस की टीम पैनल वाले निजी अस्पतालों में रेफर मरीजों की जांच के लिए ईएसआइसी से निकल गई।

# पर्यावरण की रक्षा को लेकर साइकिल रैली



नोएडा साइक्लिंग क्लब की 12वीं वर्षगांठ के अवसर पर साइकिल चालक ग्रुप पोज में।

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा साइक्लिंग क्लब की 12वीं वर्षगांठ के अवसर पर नए साइकिल चालकों की रैली का आयोजन किया गया। यह रैली नोएडा के सेक्टर 38 के ग्रेट इंडिया प्लेस मॉल से शुरू होकर नई दिल्ली के खान मार्केट से होते सुंदर नर्सरी में समाप्त हुई। इस रैली में 40 नए साइकिल चालक शामिल हुए। यह साइकिल रैली 35 किमी की थी, जिसे सभी प्रतिभागी ने सफलतापूर्वक पूरा किया।

इस अवसर पर स्टेडफ़ास्ट न्यूट्रिशन और नोएडा साइक्लिंग क्लब के संस्थापक, अमन पुरी ने कहा कि नए लोगों के लिए इस रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में प्रतीक गुप्ता, मोहसिन अहमद और अभिनव गुप्ता का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

अब उसमें 5000+ सदस्य जुड़ चुके हैं। नोएडा साइक्लिंग क्लब की स्थापना 10 अप्रैल 2011 को अमन पुरी ने की थी, जिसके पीछे का प्राथमिक विचार लोगों को साइकिल चलाने के लिए प्रेरित करना था ताकि उन्हें साइकिल चलाने के अंतहीन लाभों का आनंद मिल सके।

यह पर्यावरण की रक्षा करने, सप्ताहांत पर एक साथ राइड करने के लिए समान विचारधारा वाले लोगों का समुदाय बनाने और लोगों को राइड करने व शहर में घूमने के लिए सड़क पर आने के लिए प्रेरित करने के प्रति भी एक पहल है।

# 24 घंटे में 69 नए मरीज, 36 हुए ठीक

- 350 पहुंचे सक्रिय मामले, 15 अस्पताल में भर्ती

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा। नोएडा में कोरोना की रफ्तार थमने का नाम नहीं ले रही। एक तरफ जहां मॉक ड्रिल के बाद अस्पतालों में तैयारियों का जाएजा लिया गया। वहीं कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है।

24 घंटे में 69 नए मरीज सामने आए। सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 350 हो गई है। 15 मरीज अस्पताल में भर्ती है। जिनका इलाज किया जा रहा है। इन सभी मरीजों की कांट्रैक्ट ट्रैसिंग की जा रही है। इनकी ट्रैवल हिस्ट्री भी ली जा रही है। ताकि संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। इन सभी मरीजों के नमूने जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेजे जाएंगे। रोजाना करीब 2003 मरीजों के सैंपल लिए जा रहे है।

ये जांच का आंकड़ा भी पिछले दिनों के मुकाबले दोगुना कर दिया गया है। सीएमओ ने बताया कि आगामी दो दिनों में जांच का दायरा और बढ़ाया जाएगा।

हालांकि भर्ती होने वाले मरीजों का रेशियो काफ ी कम है। लेकिन यदि मरीजों की संख्या बढ़ी तो भर्ती होने वाले मरीजों का आंकड़ा भी बढ़ेगा। ये चिंता का विषय होगा। हालांकि नौ अस्पतालों में की गई मौक ड्रिल के बाद सीएमओ ने आश्वस्त किया है कि किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। शासन से निर्देश आए विदेश के आने वाले सभी यात्रियों की कोरोना जांच अनिवार्य है। सर्विलांस टीमों को एक्टिव कर दिया गया है। बुखार के सभी मरीजों की कोरोना जांच की जा रही है।

सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में कोविड जांच और संक्रमितों के नमूने जिनोम सीक्वेंसिंग के लिए लखनऊ स्थित केजीएमयू की माइक्रोबायोलॉजी लैब भेजने के निर्देश दिए गए है। वहीं फ्रंट लाइन वर्कर, निगरानी समितियों, सरकारी व निजी अस्पतालों की ओपीडी व सर्विलांस रोगियों को सांस के मरीजों की पहचान कर उनके कोविड जांच के लिए कहा गया है। बढ़ते मामलों को देखते हुए नोएडा के डीएम ने एकीकृत कंट्रोल रूम के टोल फ्र ी नंबर 18004192211 जारी किया है।

### कार के बोनट पर बैठकर स्टंटबाजी

**नोएडा।** पुलिस की कड़ाई के बावजूद भी नोएडा ग्रेटर नोएडा में स्टंटबाज स्टंट करने से बाज नहीं आ रहे हैं। ग्रेटर नोएडा में एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें एक कार के बोनट पर बैठकर कुछ युवक स्टंट कर रहे हैं । पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लिया।

# बजट की कमी: मेट्रो स्टेशन के डिजाइन में बदलाव

- अब नहीं होगा फर्स्ट फ्लोर, खर्च में 40 प्रतिशत की आएगी कमी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क-5 तक जाने वाली मेट्रो के बजट में 258.21 करोड़ की कमी की है। ये कमी मेट्रो स्टेशन के डिजाइन में बदलाव के बाद की गई। नई डिजाइन तैयार की जा रही है।

ये डिजाइन नोएडा, दिल्ली और प्रदेश के अन्य शहरों में बने स्टेशन के डिजाइन से अलग है। नई डिजाइन में स्टेशन से फर्स्ट फ्लोर को हटा दिया गया है। अब तक बन रहे मेट्रो स्टेशन में एक फर्स्ट फ्लोर होता है। जिसमें सीक्यूरिटी, टोकन वेंडिंग मशीन, टिकट काउंटर, शौचालय और अन्य सुविधाओं जिसमें एफ ओबी फुट ओवर ब्रिज भी शामिल होती है।

प्रस्तावित रूट पर बनाए जाने वाले स्टेशनों में फर्स्ट फ्लोर नहीं होगा। लेकिन ये सभी सुविधाएं होंगी। जिनको ग्राउंड फ्लोर पर शिफ्ट किया जाएगा। एफओबी को पिलर के जरिए बनाया जाएगा।

यानी लोग दोनों गेट पर आसानी आ जा सकेंगे। नए डिजाइन में ग्रांउड फ्लोर से सीधे प्लेटफार्म पर आने के लिए सीढ़ियां, लिफ्ट और ऐक्सलरेटर दिया जाएगा। ये सुविधा दोनों तरफ होगी। इसी तरह उतरने के लिए भी ऐक्सलरेटर होंगे। जोकि ग्राउंड फ्लोर तक आएगा। यहां से चेक आउट किया जाएगा। एनएमआरसी ने बताया कि एक स्टेशन बनाने में आम तौर पर 20 करोड़ रुपए का खर्च होता है। नए बदलाव से इसके बजट में 40 प्रतिशत तक की कमी आएगी। क्योंकि इसमें फ र्स्ट फ्लोर होगा ही नहीं। पहले फेज में सेक्टर-51 से शुरू होकर सेक्टर-2 ग्रेनो वेस्ट तक मेट्रो चलेगी।

इसमें 5 स्टेशन होंगे। सेक्टर-122, सेक्टर-4 ग्रेटर नोएडा वेस्ट, सेक्टर.12 ईकोटेक और सेक्टर.2 ग्रेटर नोएडा वेस्ट के स्टेशन है। इसके बाद अगले फेज के मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे। ग्रेनो वेस्ट मेट्रो परियोजना साल 2016 में 14.958 किमी लंबे रूट को बनाने के लिए 2682 करोड़ रुपए निर्धारित की गई थी।

OK PLAY
ओके प्ले इंडिया लिमिटेड
सीआईएन : एल28219एचआर1988पीएलसी030347
पंजी. कार्यालय : 17 18, रोज़ का मेयो इंडस्ट्रियल एस्टेट, तहसील नूह, जिला मेवात, हरियाणा-122103
वेबसाइट : www.okplay.in ई-मेल : info@okplay.in
फोन : +91 124 2362335-36 फैक्स : +91 124 2362326

सूचना

सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 29 के साथ पठित विनियम 47 के अनुसरण में एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक शनिवार, 22 अप्रैल, 2023 को आयोजित की जाएगी, जिसमें अन्य के साथ, 31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु कम्पनी के लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम (पृथक्कृत और समेकित) विचारित और अनुमोदित किए जाएंगे।

वास्ते ओके प्ले इंडिया लिमिटेड
हस्ता/-
तिथि : 12 04 2023 मीनू गोस्वामी
स्थान : नई दिल्ली कम्पनी सचिव

PUBLIC NOTICE

To be known to all that I, **Anirban Chatterjee son of Late Smt. Shipra Chatterjee, R/o House No.156, Rajpur Extension Colony, Maidan Garhi, Chattarpur, Delhi-110074,** my mother **Late Smt. Shipra Chatterjee** had expired on 21.11.2021, she was the owner of the Plot No. 32, Rajpur Extension Colony, PO Maidan Garhi, Delhi-110068. The Original Agreement to Sell, General Power of Attorney, WILL, Payment Receipts, Possession Letter and other related documents etc. pertaining to the said Plot have been lost. An F.I.R./NCR to this effect has been lodged in Delhi SO No: 430 / 2014 Delhi Police P.S: Crime Branch, Delhi LR No: 251165 /2023 Date 17/03/2023 Any person(s) or organisation knowing the whereabouts or having in their possession of original documents may write/contact with the person at address/Mob. No. **9810756576** mentioned herein within 15 days from the date of publication of this notice.

ऋण वसूली
न्यायाधिकरण -2, चंडीगढ़
ओए/1458/2022
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
हिमांशु गुप्ता
आइटम नंबर 55
दिनांकित : 16-03-2023

उपस्थित : श्री सुखविंदर सिंह,
श्री राहुल गर्ग के लिए परोक्षी,
आवेदक बैंक के लिए काउन्सिल
श्री मनदीप सिंह कुंडू,
प्रतिवादी सं. 1 एवं 2 के लिए काउन्सिल
प्रतिवादी सं. 3 के लिए कोई नहीं

प्रतिवादी सं. 3 के लिए प्रकाशन सर्विस की रिपोर्ट अभी तक दाखिल नहीं की गई। अतएव, आवेदक बैंक ने प्रतिवादी सं. 3 के विरूद्ध प्रकाशन के माध्यम से नोटिस दोबारा जारी करने का अनुरोध किया है। ऋण वसूली (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम के अधीन प्रदत्त शक्ति के निबन्धनों में आवेदक बैंक का अनुरोध स्वीकार किया जाता है। नोटिस जारी किए जाएं और दो प्रमुख समाचार पत्रों, एक अंग्रेजी तथा एक क्षेत्रीय भाषा के समाचार पत्र में, जिसका प्रतिवादी के निवास क्षेत्र में व्यापक प्रसार है, प्रकाशित करवाए जाएं। आवेदक बैंक को प्रकाशन का प्रमाण दाखिल करने का निर्देश दिया जाता है।

प्रतिवादी सं. 1 एवं 2 के लिए काउन्सिल ने डब्ल्यूएस दाखिल नहीं किए हैं तथा डब्ल्यूएस दाखिल करने के लिए कुछ और समय मांगा है, तथापि पेपर बुक 14-11-2022 दे दी गई थी और प्रतिवादी काउन्सिल डब्ल्यूएस दाखिल करने के लिए पहले ही पर्याप्त समय ले चुके हैं, परंतु डब्ल्यूएस दाखिल नहीं किए गए हैं, इसलिए डब्ल्यूएस दाखिल करने का अधिकार समाप्त किया जाता है।

यह वाद आगे कार्यवाही के लिए रजिस्ट्रार के समक्ष 17-07-2023 को प्रस्तुत किया जाए।

आरओ-2/रजिस्ट्रार आई/सी
डीआरटी-2, चंडीगढ़

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/ गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रद्युमन मोदी/बृज मोहन मोदी/मोहन लाल अग्रवाल/बृज मोहन मोदी- ए 5, मोहन कुंज, विश्वामित्र मार्ग, श्याम नगर, जयपुर, राजस्थान-302019 | फ्लैट नंबर टी06-03/01, 106, गोल्फ एवेन्यू, सेक्टर-106, गुरूग्राम, हरियाणा-122001 | 14-03-2023 रू. 15,85,025/- | 09-12-2022 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 13 अप्रैल, 2023 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : गुरूग्राम आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

भौतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रू.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मनु भारद्वाज/ सतपाल/ LBGUR00002377203 | फ्लैट नंबर-बी-2/402, टावर बी-2, चौथी मंजिल, एमवीएन एथेंस सोहना सेक्टर 5, सोहना गुड़गांव, हरियाणा/ अप्रैल 09, 2023 | अक्टूबर 31, 2017 रु. 7,02,098/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | बाफना हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड/ सुनील सुमतिलाल मुथा/ LBFDB00005418759 | प्रॉपर्टी नंबर एस-141, फ्लोर-3, ब्लॉक-एस, पंचशील पार्क विद टेरेस ओवर एंड एबव, दिल्ली/ अप्रैल 10, 2023 | जून 18, 2022 रु. 4,41,00,705/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : अप्रैल 13, 2023 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लि.

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# जुलाई से शुरू होगा दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल

## कुश्ती, मुक्केबाजी, निशानेबाजी, वेटलिफ्टिंग, टेबल टेनिस, बैडमिंटन समेत 10 ओलंपिक खेलों का मिलेगा विश्वस्तरीय प्रशिक्षण

## टैलेंट स्काउटिंग के जरिए चुनी जाएंगी खेल प्रतिभाएं, शिक्षा मंत्री आतिशी ने निर्माण कार्यों का लिया जायजा

संजय राय। नई दिल्ली

दिल्ली स्पोर्टस स्कूल में नए सत्र (जुलाई) से शुरू होगा। यह स्कूल 10 चुने गए ओलंपिक खेलों आर्चरी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, शूटिंग, वेटलिफ्टिंग, रेसलिंग, बॉक्सिंग, स्विमिंग, टेबल टेनिस और लॉन टेनिस के लिए खेल प्रशिक्षण और सुविधाएं प्रदान करेगा।

इन खेलों में देशभर से प्रतिभाशाली बच्चों का चुनाव कर उनको दाखिला दिया जाएगा। स्कूल में पंजीकृत छात्रों को विशेष कोचों के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण दिया जाएगा। शैक्षणिक प्रदर्शन के साथ-साथ उनके खेल प्रशिक्षण और प्रदर्शन का लगातार मूल्यांकन किया जाएगा। इसके अलावा स्कूल में स्पोर्ट्स साइंस सेंटर और एथलीट मॉनिटरिंग सिस्टम भी स्थापित किया जायेगा जो साइंटिफिक तरीकों से छात्रों के खेल प्रदर्शन को बेहतर करने में मदद करेगा। इसका मकसद ओलंपिक में पदक जीतने वाले विश्वस्तरीय खिलाड़ी तैयार करना है।

शिक्षा मंत्री आतिशी ने बुधवार को इसका दौरा कर नए सत्र में स्कूल शुरू होने की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्कूल में विकसित की जा रही खेलों से संबंधी मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों को अंतिम चरण में चल रहे कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि दिल्ली खेल विश्वविद्यालय द्वारा संचालित दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल के माध्यम से कम उम्र से ही खेल प्रतिभाओं को निखारना और उन्हें विश्वस्तरीय सुविधाएं व प्रशिक्षण मुहैया कराकर अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं के लिए तैयार करना है।

उन्होंने कहा कि इस दिशा में दिल्ली को देश का स्पोर्ट्स कैपिटल बनाने के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के विजन को पूरा करने में अहम भूमिका निभाएगा।

आतिशी ने कहा कि अबतक देश में हमेशा पढ़ाई और खेल को अलग-अलग माना गया है। यही कारण है कि इतनी बड़ी जनसँख्या होने के बावजूद भी ओलंपिक में जब पदक तालिका देखी जाती है तो देश का नाम बहुत नीचे होता है। केजरीवाल सरकार इस अवधारणा को बदलने का काम कर रही है। वह दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी और इसके अंतर्गत दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल के द्वारा ये माहौल बनाने का प्रयास कर रहे है।


शिक्षा मंत्री आतिशी ने दिल्ली स्पोर्टस स्कूल का दौरा कर नए सत्र में स्कूल शुरू होने की तैयारियों का जायजा लिया।

### क्या है दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल

*यह सह शिक्षा पूरी तरह आवासीय होगा तथा छात्र और छात्राओं के लिए अलग-अलग हॉस्टल सुविधा उपलब्ध होंगी। स्कूल 10 चुने गए ओलंपिक खेलों के लिए खेल प्रशिक्षण और सुविधाएं प्रदान करेगा। आर्चरी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, शूटिंग, वेटलिफ्टिंग, रेसलिंग, बॉक्सिंग, स्विमिंग, टेबल टेनिस और लॉन टेनिस। इस स्कूल का उद्देश्य एक विशेष और अनुकूलित स्पोर्ट्स इंटीग्रेटेड करिकुलम के माध्यम से उनके समग्र विकास को सुनिश्चित करते हुए स्पोर्ट्स चैंपियन तैयार करना होगा।*

### 250 लोगों की क्षमता वाला ऑडीटोरियम

*250 लोगों की क्षमता वाला ऑडीटोरियम, स्पोर्ट्स साइंस लैब, आईटी सेंटर रूम, टेबल टेनिस कोर्ट, स्विमिंग पूल, मल्टीपल स्पोर्ट्स ट्रेनिंग ब्लाक( कुश्ती, मुक्केबाजी और निशानेबाजी के लिए), हॉस्टल मेस, मल्टीपर्पस रूम, रीडिंग रूम, अकेडमिक ब्लाक, वेटलिफ्टिंग हॉल, वार्म-अप ट्रैक, 4 मंजिला हॉस्टल (लड़के-लड़कियों के लिए अलग-अलग क्षमता 200+)*

### देशभर से खेल प्रतिभाओं को चुना जाएगा

**स्पोर्ट्स स्कूल कक्षा 6 से 9 के लिए इस सत्र से ही शुरू हो जायेगा जिसके लिए देशभर की खेल प्रतिभाओं को शामिल किया जायेगा जिन्हें शानदार खेल सुविधाएं और विश्वस्तरीय प्रशिक्षण देकर अंतराष्ट्रीय स्तर पर देश के लिए पदक जीतने के लिए तैयार करना है। यह स्कूल एक रिहायशी स्कूल है, जहाँ छात्र व छात्राओं के लिए अलग-अलग हॉस्टल है। स्कूल परिसर में ही मौजूद 4 मंजिला इस हॉस्टल में छात्रों के लिए किचेन मेस सहित अन्य सभी सुविधाएँ मौजूद है।**



# लंच का इंतजार कर रहे छात्रों में फैली दहशत


सादिक नगर स्थित द इंडियन स्कूल में बुधवार सुबह बम होने संबंधी एक ई-मेल मिलने के बाद पुलिस ने परिसर को खाली करा लिया। कई घंटे की गहन जांच के बाद पुलिस ने इसे अफवाह करार दिया। फोटो : रंजन डिमरी

**स्कूल में बम की सूचना**

- कई चक्र की जांच के बाद पुलिस ने अफवाह करार दिया, सभी ने ली राहत की सांस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दक्षिणी दिल्ली के सादिक नगर स्थित द इंडियन स्कूल में बुधवार सुबह बम होने की खबर मिलते ही जहां स्कूल प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए, वहीं अभिभावकों की भी सांसें अटक गईं।

आनन-फानन में सभी अपने बच्चों को लेने के लिए स्कूल की और दौड़े। जब अभिभावक वहां पहुंचे तो बच्चे स्कूल से बाहर एक सुरक्षित मैदान में खड़े थे। राहत की बात यह रही कि गहन जांच के बाद पुलिस ने इसे अफवाह करार दिया।

स्कूल में बम होने संबंधी ईमेल सुबह मिला था और करीब 10 बजकर 49 मिनट पर पुलिस को सूचना दी गई। यह वह समय होता है जब बच्चे लंच से पहले वाला पीरियड ले रहे होते हैं और उन्हें बेसब्री से लंच का इंतजार रहता है। पीरियड खत्म होने से पहले ही पूरे स्कूल के बच्चों को परिसर से बाहर निकालने का फरमान दिया गया तो हर तरफ दहशत का माहौल बन गया। बच्चों को समझ नहीं आ रहा था कि ऐसा क्यों किया जा रहा है।

स्कूल के बाहर मैदान में खड़े 5वीं कक्षा में पढ़ने वाले एक छात्र ने बताया कि उसे और उसके सहपाठियों को स्कूल भवन से निकालकर इस मैदान में लाया गया। वहीं, एक अन्य छात्र ने बताया कि हमें दोपहर के भोजन से पहले ही घर जाने के लिए कहा गया था। हमें इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई कि हमें क्यों निकाला गया।

अपने बेटे को लेने के लिए स्कूल के बाहर इंतजार कर रहे एक अभिभावक ने बताया कि कई छात्रों ने उन्हें बताया कि उन्होंने परिसर के अंदर बम निरोधक दस्ते को देखा। स्कूल से उन्हें सूचना मिली थी कि बच्चे को लेने आ जाइए, वह उसी समय कुछ गलत होने की आशंका से डर गए थे। हालांकि स्कूल के भीतर और बाहर भारी पुलिस बल देख डर तो लगा लेकिन यह देख राहत भी मिली कि उनके बच्चे सुरक्षित हैं।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) चंदन चौधरी ने बताया कि बम निरोधी दस्ते, स्पेशल सेल और स्पेशल ब्रांच के साथ-साथ विशेष हथियार और रणनीति (स्वाट) टीम ने स्कूल परिसर में तीन बार तलाशी ली। इसके बाद में यह घोषणा की गई कि यह महज एक अफवाह थी। उन्होंने कहा कि हम ई-मेल के स्रोत की तलाश कर रहे हैं। पिछले साल नवंबर में स्कूल को इसी तरह का एक मेल मिला था, जो एक जर्मन सर्वर के जरिए भेजा गया था।

स्कूल की प्रधानाध्यापिका तानिया जोशी ने बताया कि बुधवार सुबह स्कूल में बम होने की धमकी भरा ईमेल मिला, तो तुरंत सभी सुरक्षा संबंधी प्रोटोकॉल का पालन किया गया और छात्रों और कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

# प्रदूषण से निपटने को सरकार ने मांगा एक्शन प्लान



- जल, वायु, उद्योग, ध्वनि जैस प्रदूषण समेत अन्य विकास गतिविधियों पर 30 विभागों को एक सप्ताह में देनी होगी रिपोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

वायु प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में प्रदूषण की समस्या को दूर करने के लिए दिल्ली सरकार समर एक्शन प्लान तैयार करेगी। इस साल के समर एक्शन प्लान में वायु, औद्योगिक, ध्वनि व जल प्रदूषण और पड़ोसी राज्यों से संवाद समेत अन्य बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

गर्मी के मौसम में विभिन्न कारणों से पैदा होने वाले प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए सरकार ने अपनी तैयारियाँ शुरू कर दी हैं। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बुधवार को समर एक्शन प्लान को लेकर 30 विभागों के साथ बैठक की। इस बैठक में उन्होंने से सभी विभागों से अपनी-अपनी विस्तृत रिपोर्ट 20 अप्रैल तक सौंपने का निर्देश दिया है। गोपाल राय बुधवार को पर्यावरण विभाग, डीपीसीसी, विकास विभाग, दिल्ली कैंटोनमेंट बोर्ड, सीपीडब्लूडी, डीडीए, ट्रैफिक पुलिस, दिल्ली पुलिस, डीटीसी, राजस्व विभाग, डीएसआईआईडीसी, शिक्षा विभाग, डीएमआरसी, पीडब्लूडी, ट्रांसपोर्ट विभाग, एनएचएआई, दिल्ली जल बोर्ड, डूसिब, एनडीएमसी आदि के विभागों को निर्धारित 16 फोकस बिंदुओं पर अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है। समर एक्शन प्लान तैयार किया जाएगा। सभी विभागों को 7 दिन अर्थात 20 अप्रैल तक अपनी-अपनी विस्तृत कार्ययोजना एवं सुझाव पर्यावरण विभाग को सौंपने का निर्देश दिया गया है।

राय ने बताया कि सर्दियों के मौसम में केजरीवाल सरकार द्वारा लागू किए गए विंटर एक्शन प्लान के परिणामस्वरूप पीएम 10 और पीएम 2.5 की मौजूदगी में लगातार गिरावट दर्ज की गई है।

### दंगा मामले में कोर्ट से पिता-पुत्र बरी

**नई दिल्ली।** एक अदालत ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए सांप्रदायिक दंगों के दौरान आगजनी और दंगाई भीड़ का हिस्सा होने के आरोपों से एक व्यक्ति और उसके पुत्र को यह कहते हुए बरी कर दिया कि उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं है।

वहीं एक अन्य मामले में हेड कांस्टेबल रतन लाल की हत्या मामले में आरोपी शाहिद को जमानत दे दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने आरोपी मिठन सिंह और उनके बेटे जॉनी कुमार के खिलाफ दो मामलों की सुनवाई कर रहे थे। अभियोजन पक्ष के अनुसार, दोनों आरोपी एक विशेष समुदाय के लोगों की संपत्तियों की पहचान बता रहे थे।

# 26 को होगा मेयर चुनाव, अधिसूचना जारी

- आप से निवर्तमान मेयर शैली ओबेरॉय को दोबारा इस पद का उम्मीदवार बनाए जाने की उम्मीद



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के महापौर के चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिसूचना के मुताबिक 26 अप्रैल को एमसीडी में सदन की बैठक होगी।

इस बैठक में मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव होगा। अधिसूचना जारी होने के बाद अब प्रत्याशी नामांकन दाखिल कर सकते हैं। नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया 18 अप्रैल को समाप्त होगी।

इसके बाद मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव के लिए 26 अप्रैल मतदान होगा। इससे पहले मेयर का चुनाव फरवरी में हुआ था, जिसमें आम आम पार्टी की प्रत्याशी शैली ओबेरॉय ने भाजपा की रेखा गुप्ता को हराया था। वहीं उपमहापौर के पद भी आप के ही उम्मीदवार आले मोहम्मद इकबाल को जीत मिली थी।

हालांकि, एमसीडी में आप को स्पष्ट जनादेश मिलने की वजह से दिल्ली भाजपा की ओर से मेयर चुनाव में उम्मीदवार उतारने की संभावना नहीं है।

पार्टी के एक शीर्ष नेता ने यह बात कही। भाजपा पदाधिकारी ने कहा महापौर चुनाव में किसी प्रत्याशी को खड़ा करने के बारे में विचार नहीं किया है क्योंकि पार्टी के पास जीतने के लिए पर्याप्त वोट नहीं हैं। वहीं आप से निवर्तमान मेयर शैली ओबेरॉय को दोबारा इस पद का उम्मीदवार बनाए जाने की उम्मीद है।

# केजरीवाल ने नीतीश कुमार संग एकजुटता दिखाई

- कहा- केंद्र में सरकार को बदलने के लिए पूरे विपक्ष को एक साथ आना होगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


बिहार के सीएम नीतिश कुमार के साथ मुख्यमंत्री केजरीवाल और तेजस्वी यादव।

विपक्षी एकजुटता के मुद्दे पर बुधवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ मुलाकात के बाद केजरीवाल ने कहा, देश बहुत मुश्किल दौर से गुजर रहा है।

शायद आजादी के बाद सबसे भ्रष्ट सरकार देश में है। जरूरी है कि सारा विपक्ष और लोग एकत्र होकर केंद्र में सरकार बदलें। एक ऐसी सरकार आनी चाहिए कि जो देश का विकास कर सके और लोगों की समस्याओं से मुक्ति दे सके। केजरीवाल ने कहा नीतीश जी विपक्षी दलों को इकट्ठा कर रहे हैं। हम पूरी तरह से इनके साथ हैं।

नीतीश के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार को लेकर पूछे गए सवाल पर केजरीवाल ने कहा कि आपके दिमाग में कई सारे सवाल होंगे, लेकिन एक बैठक के बाद अभी उनका जवाब नहीं दिया जा सकता। उन्होंने कहा कि हम जैसे आगे बढ़ेंगे आपके सवालों का जवाब देंगे।

इससे पहले नीतीश कुमार ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मुलाकात कर अधिक से अधिक विपक्षी दलों को एक मंच पर लाने का संकल्प लिया। कांग्रेस नेताओं ने इस बैठक को ऐतिहासिक करार दिया।

## संक्षिप्त समाचार


दीपक का फर्जी पासपोर्ट बनवाने वाला आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

### दीपक बॉक्सर का फर्जी पासपोर्ट बनावाने वाला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** स्पेशल सेल ने गैंगस्टर दीपक बॉक्सर का फर्जी पासपोर्ट व अन्य आईडी बनाने वाला मुरादाबाद निवासी महफूज खान उर्फ भूरा दलाल को रोहिणी इलाके से गिरफ्तार किया। वह मुरादाबाद का रहने वाला है। आरोपी कई लोगों के फर्जी पासपोर्ट बना चुका है। उसने थाने, चौकी, एलआईयू में तैनात पुलिस कर्मियों से अच्छे संबंध बना रखे थे। जिसका फायदा उठाकर वो लोगों के फर्जी दस्तावेज बनवाने में सफल होता रहा। बरेली स्थित पासपोर्ट ऑफिस के कर्मचारी भी उसके संपर्क में हैं। खान के कब्जे से 15 पासपोर्ट, 7 आधार कार्ड, 7 पैन कार्ड और 6 मतदाता पहचान पत्र जब्त किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, महफूज खान ने अपने घर में ही फर्जी दस्तावेज बनाने का दफ्तर खोल रखा था। आधार कार्ड, राशन कार्ड, वोटर आईडी कार्ड से लेकर अन्य दस्तावेज भी आरोपी खुद ही तैयार कर लेता था।

### छात्रों ने यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**नई दिल्ली।** अस्मिता थीएटर ग्रुप और दिल्ली पुलिस व दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर स्कूली छात्र ने लोगों में यातायात नियमों के प्रति लोगों को जाकरूक करने की मुहीम शुरू की है। इसमें फिल्म अभिनेता राहुल खन्ना भी बच्चों के साथ अहम किरदार निभा रहे हैं। इस मुहीम का नाम हटके बचके रखा है। जो कि बीते 15 दिनों से इस मुहीम को लोगों के बीच पहुंचा रहे हैं। बुधवार को छात्रों ने कनॉट प्लेस में नुक्कड़ नाटक किया। जिसे देखने के लिए लोग एक जुट नजर आए और छात्रों के मंचन को देख लोग नियमों की सीख लेते दिखे। दर्शकों ने इस नाटक का खूब आनंद लिया नाटक में शामिल देवांश गुप्ता ने कहा कि रोजाना खबरों में सड़क दुर्घटना की खबर अंदर से परेशान करती है। जिससे नाटक एक सशक्त माध्यम है कि लोगों को जागरूक किया जाए।

# धौला कुआं से आईजीआई एयरपोर्ट के बीच दिखेंगे खूबसूरत नजारे

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और उपराज्यपाल ने नवीनीकरण और सौंदर्यीकरण खंड का किया उद्घाटन

- सेंट्रल रोड फंड से और 1500 करोड़ देने का ऐलान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



धौला कुआं से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक करीब 8 किलोमीटर तक जाने वाले मार्ग पर सड़क के दोनों किनारे को फूलों और पौधों से सजाया गया है। पैदल यात्रियों की सुविधाओं को बढ़ाया गया है।

सड़क किनारे पहले से जो ग्रिल और फुट ओवर ब्रिज थे, उसे सुंदर रूप दिया गया है। जगह-जगह फव्वारे, बेंच और कलाकृति वाली मूर्तियों को समायोजित किया गया है। रंगीन लाइटें लगाई गई हैं और दीवारों पर स्क्रॉलिंग स्क्रीन और सड़क पर एलईडी स्क्रीन भी लगाई गई हैं। सौंदर्यीकरण की सबसे बड़ी खासियत यह है कि धौला कुआं गोलचक्कर से एनएचआई दीवार के बीच 30 हाई जेट प्रकार के फाउंटेन लगाए गए हैं। इसी प्रकार 9 स्टोन फव्वारे, 2 बड़े स्टोन कार्व्ड (नक्काशीदार) और 2 छोटे स्टोन कार्व्ड फव्वारे लगाए गए हैं। जी-20 सम्मेलन के दौरान विदेशी मेहमानों के स्वागत को देखते हुए इस मार्ग का विशेष रूप से सौंदर्यीकरण किया है। इस लिहाज से इस सड़क का बहुत अधिक महत्व है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने बुधवार को धौला कुआं और आईजीआई एयरपोर्ट के बीच नवीनीकरण, आधुनिक और सौंदर्यीकृत सड़क खंड का उद्घाटन किया।

इस मौके पर गडकरी ने दिल्ली में इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास और शहर के सौंदर्यीकरण के लगातार हो रहे प्रयासों की सराहना की और ऐसी ही अन्य परियोजनाओं के लिए सेंट्रल रोड फंड से और 1500 करोड़ रूपये देने का ऐलान किया। गडकरी ने कहा कि इस फंड का उपयोग उपराज्यपाल के दिशा निर्देश एवं निगरानी में राज्य सरकार द्वारा विभिन्न परियोजनाओं में किया जायेगा। इस सड़क का कार्य रिकॉर्ड 9 महीनों में पूरा हुआ है। आधुनिक दृष्टि से कायाकल्प हो जाने के बाद यह सड़क खंड राष्ट्रीय राजधानी का मुख्य प्रवेश द्वार और एग्जिट प्वाइंट बन गया है। पदभर संभालने के बाद ही उपराज्यपाल ने केंद्रीय मंत्री गडकरी से इस परियोजना में मदद का अनुरोध किया था।

### 22 करोड़ रुपये की लागत से किया गया सौंदर्यीकरण

सड़क के सौंदर्यीकरण के लिए पूरी राशि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने दिया है। इसमें 22 करोड़ रुपये की लागत आई है। सौंदर्यीकरण के तहत सड़क के दोनों किनारे को फूलों और पौधों से सजाया गया है। सुराहीदार गीजर फाउंटेन से घिरा एक कार्व्ड स्टोन कलात्मक बुल को एनएचएआई की दीवार के पास लगाया गया है। 13 फुट लंबे ग्रे स्टोन से बने दो बड़े शेरों को गीजर फाउंटेन में लगाया गया है। सफेद संगमरमर से बने 6 छोटे शेरों की मूर्तियां लगाई गई है।



# आईजीआई और हिसार एयरपोर्ट के बीच रेल प्रस्ताव को मंजूरी

- पहले चरण में गढ़ी हरसरू- फरुखनगर- झज्जर के रास्ते रेल संपर्क विकसित किया जाएगा

पीएनएस। नई दिल्ली/चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे और हिसार में महाराजा अग्रसेन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बीच रेल संपर्क के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने कहा कि रेल गलियारा बिजवासन, गुरुग्राम, गढ़ी हरसरू, सुल्तानपुर, फरुखनगर और झज्जर से होकर गुजरेगा। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मुख्य सचिव एवं एचआरआईडीसी के अध्यक्ष संजीव कौशल की अध्यक्षता में हरियाणा रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचआरआईडीसी) की बैठक में परियोजना की व्यवहार्यता रिपोर्ट पेश की गई। कौशल ने कहा कि अब हरियाणा सरकार परियोजना के लिए रेल मंत्रालय से मंजूरी लेगी। उन्होंने कहा कि पहले चरण में गढ़ी हरसरू-फरुखनगर-झज्जर के रास्ते रेल संपर्क विकसित किया जाएगा जबकि दूसरे चरण में हिसार हवाई अड्डे से जोड़ने के लिए कार्य होगा।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 13 अप्रैल, 2023



# गुरुग्राम में थमे वंदे भारत के पहिये पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

**विधायक सुधीर सिंगला, जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़, सोहना विधायक संजय सिंह ने किया स्वागत**

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम



गुरुग्राम पहुंची वंदे भारत ट्रेन को झंडी दिखाकर दिल्ली कैंट के लिए रवाना करते विधायक सुधीर सिंगला।

**इंतजार** की घड़ियां समाप्त हुई और बुधवार से वाया गुरुग्राम दिल्ली कैंट से अजमेर के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की गुरुग्राम में भी ठहराव की सीटी बजी। बुधवार को जयपुर से दिल्ली कैंट के लिए वंदे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिल्ली से वर्चुअली झंडी दिखाकर जयपुर से रवाना की गई वंदे भारत ट्रेन का गुरुग्राम समेत हर स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया।

गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर ट्रेन का स्वागत किया और झंडी दिखाकर दिल्ली कैंट के लिए रवाना किया। बुधवार को शाम करीब 04:00 बजे वंदे भारत ट्रेन गुरुग्राम स्टेशन पहुंची। विधायक सुधीर सिंगला, जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़, सोहना के विधायक कुंवर संजय सिंह समेत अनेक नेता पहले से ही रेलवे स्टेशन पहुंच चुके थे। रेलवे स्टेशन पर तिरंगे झंडे और भाजपा के ही झंडे नजर आ रहे थे। तय समय से करीब 50 मिनट की देरी पर वंदे भारत ट्रेन गुरुग्राम रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर पहुंची। ट्रेन के पहुंचते ही भारत माता के जयकारे, नरेंद्र मोदी के जयकारे कार्यकर्ताओं ने लगाने शुरू कर दिए। रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन सीटी बजते ही सैंकड़ों बीजेपी नेताओं, कार्यकर्ताओं ने ट्रेन का स्वागत किया। स्टाफ को फूलमालाएं पहनाई।

विधायक सुधीर सिंगला ने गुरुग्राम के लोगों के इस सपने को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, केंद्रीय संसदीय बोर्ड की सदस्य डॉ. सुधा यादव का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह हम सबके लिए गर्व की बात है कि एक महत्वपूर्ण लंबी दूरी की ट्रेन वंदे भारत का रूट गुरुग्राम से है और अब इसका यहां ठहराव भी यहां से जयपुर, अजमेर तक जाने वाले यात्रियों के लिए, महत्वपूर्ण हो गया है। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि वंदे भारत सिर्फ एक ट्रेन नहीं, बल्कि यह उस वायदे, उम्मीद, सपने का पूरा होना है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संजोया है। अलग-अलग रेल ट्रैकों पर, अलग-अलग शहरों के लिए वंदे भारत ट्रेनों का लगातार संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश की पटरी के रास्ते तरक्की पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चला रहे हैं। विधायक ने कहा कि परिवहन सुविधाओं में चाहे सड़क मार्ग हो या रेल मार्ग, इन दोनों मार्गों का विस्तार भी किया गया है और यहां परिवहन की सुविधाओं में भी इजाफा किया गया है। एक्सप्रेस-वे बनाकर दिल्ली से मुंबई बंदरगाह तक जाने का मार्ग बेहतरीन बनाया गया है।

# भारत अपने ज्ञान के प्रकाश पुंज से विश्व को एक नई दृष्टि देगा : हरिवंश



गुरुग्राम विवि में दो दिवसीय राष्ट्रीय मीडिया संवाद 2023 कार्यक्रम में बोलते राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश।

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**राज्यसभा** में उपसभापति हरिवंश ने कहा कि मैं उन युवाओं के बीच हूं जो भारत को शिखर पर ले कर जाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत ने जिस प्रकार कोविड संकट के दौरान सारे विश्व को कोविड वैक्सीन उपलब्ध करवा कर मानवता की सेवा की, उसी प्रकार जी-20 के माध्यम से भारत आज विश्व के समक्ष आ रही चुनौतियों और समस्याओं के समाधान के लिये विश्व की आवाज बनेगा। यह बात उन्होंने बुधवार को यहां गुरुग्राम विश्वविद्यालय में दो दिवसीय मीडिया संगोष्ठी में बोलते हुए कही।

विश्वविद्यालय के मीडिया अध्ययन विभाग द्वारा इस दो दिवसीय राष्ट्रीय मीडिया संवाद कार्यक्रम का शानदार आगाज हुआ। संवाद का विषय जी20 : वैश्विक नेतृत्व के पथ पर भारत: मीडिया में धारणाएं और चुनौतियां रखा गया। संगोष्ठी में बड़ी संख्या में देश से पत्रकार, लेखक और अन्य बुद्धिजीवी वर्ग शामिल हुआ। उपसभापति हरिवंश ने कहा कि हम पूरे विश्व को एक परिवार मानते हैं। आज पूरा विश्व भारत के संकल्प पर विश्वास दिखा रहा है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि जी20 की अध्यक्षता भारत को मिलना इस बात का प्रमाण है कि भारत आज वैश्विक नेतृत्व के मार्ग पर तेजी से अग्रसर है।

## संक्षिप्त समाचार

### अंबेडकर जयंती से पहले गंदगी मुक्त होंगे गांव और वार्ड



**गुरुग्राम।** गुरुवार को स्टेट लेवल टास्क फोर्स स्वच्छ भारत मिशन की जिला स्तरीय पहली बैठक यहां एडीसी कार्यालय के कांफ्रेंस हॉल में हुई। बैठक में समिति के सदस्यों के बीच औपचारिक परिचय के बाद स्वच्छता को लेकर चर्चा हुई। सभी सदस्यों ने अपनी नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल और कमेटी के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्रा का आभार जताया। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद की कार्यकारी अधिकारी अनु श्योकंद ने की। कमेटी के वाईस चेयरमैन सुभाष चंद्रा वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक से जुड़े। बैठक में सरोज खटाना, कुलदीप सिंह, सरोज सारवान, महेश डावरा, राज सैनी बिसरवाल, प्रदीप कुमार, सुमेर सिंह तंवर आदि मौजूद रहे। कार्यकारी अधिकारी अनु श्योकंद ने सदस्यों के साथ बैठक में जानकारी दी कि आगामी अंबेडकर जयंती के अवसर पर जिले में सफाई अभियान चलाया जाएगा। ग्राम पंचायतों व वार्डों में चलाए जाने वाले अभियान के दौरान वहां बिखरे हुए कूड़े-करकट को उठाकर एक जगह एकत्रित कराया जाएगा। लोगों द्वारा जगह-जगह पर कूड़ा, गोबर व मिट्टी आदि डालकर बनाई गई कुड़ीयों को भी वहां से हटवाया जाएगा। सार्वजनिक शौचालयों की सफाई करवाई जाएगी। पंचायत घर, वाटर वर्क्स, आंगनबाड़ी केंद्र, पार्कों, पीएचसी, सीएचसी व अन्य सरकारी भवनों में सफाई करवाई जाएगी। यह सभी कार्य आगामी 14 अप्रैल तक पूरे करवाने के निर्देश दिए गए हैं। संबंधित विभागों, सदस्यों को ये कार्य पूरे होने के बाद उनकी तस्वीरें भी ई-मेल करने के लिए कहा गया है।

### महात्मा फुले को भारत रत्न देने की गुरुग्राम से उठी मांग



**गुरुग्राम।** महात्मा ज्योतिबा फुले जी की 196वीं जयंती के अवसर पर गुरुग्राम सैनी युवा जागृति मंच ने मांग उठाई है कि महात्मा फुले को भारत रत्न देकर ना केवल सैनी समाज का सम्मान किया जाए, बल्कि उनके समाज सुधार में किए गए कार्यों को आगे बढ़ाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एडीसी दर्शन यादव को गुरुग्राम सैनी युवा जागृति मंच की ओर से यह ज्ञापन सौंपा गया। संस्था के अध्यक्ष गगनदीप सैनी ने बताया कि सत्य शोधक समाज के निर्माता महात्मा ज्योतिबा फुले जी ने अपना संपूर्ण जीवन महिलाओं, दलित एवं पिछड़े वर्ग को शिक्षित करने और उनका उत्थान करने में समर्पित कर दिया था। समाज के सभी वर्गों को शिक्षा प्रदान करने के ये प्रबल समर्थक थे। वे भारतीय समाज में प्रचलित जाति पर आधारित विभाजन और भेदभाव के विरुद्ध थे। सैनी सभा के प्रधान तेजिंदर सैनी ने कहा कि महात्मा फुले का मूल उद्देश्य स्त्रियों को शिक्षा का अधिकार प्रदान करना, बाल विवाह का विरोध, विधवा विवाह का समर्थन करना रहा। वे समाज को कुप्रथा, अंधश्रद्धा के जाल से मुक्त करना चाहते थे। गौतम सैनी ने बताया कि महात्मा फुले महिलाओं को स्त्री-पुरुष भेदभाव से बचाना चाहते थे। उन्होंने कन्याओं के लिए भारत देश की पहली पाठशाला पुणे में बनाई थीं। स्त्रियों की तत्कालीन दयनीय स्थिति से फुले बहुत व्याकुल और दुखी होते थे। इसीलिए उन्होंने दृढ़ निश्चय किया कि वे समाज में क्रांतिकारी बदलाव लाकर ही रहेंगे। उन्होंने अपनी धर्मपत्नी सावित्रीबाई फुले को स्वयं शिक्षा प्रदान की। सावित्रीबाई फुले भारत की प्रथम महिला अध्यापिका थीं। गुरुग्राम सैनी युवा जागृति मंच इस ज्ञापन के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से ये अनुरोध करते हैं कि ऐसी महान शख्सियत को उनके ऐतिहासिक कार्यों के लिए भारत रत्न अवश्य दिया जाना चाहिए। जिससे उनके द्वारा किये गए समाजहित कार्यों के प्रति उनको पूर्ण सम्मान मिल सके। इस दौरान संरक्षक सूबे सिंह सैनी, बुधराम सैनी, नरेश सैनी, हितेश सैनी, राजेश, महेंद्र सिंह लीलू प्रधान समाज उत्थान न्यास (सन फाउंडेशन), संस्था के कानूनी सलाहकार एडवोकेट मुकेश सैनी, महाबीर, विजय, धीरज सैनी, विकास सैनी, धीरज, राज सहित अन्य सामाजिक लोग उपस्थित रहे।

### नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 के भीतर, बाहरी क्षेत्र में टूटी सड़क

**गुरुग्राम।** मिलेनियम सिटी गुरुग्राम में निर्माण कार्यों में ठेकेदार अक्सर लापरवाही बरतते हैं। ऐसे उन पर जनता के आरोप भी लगते रहते हैं। एक लापरवाही नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 व इसके पास भी उजागर हुई है। यहां सेक्टर-10 की तरफ जाने वाली सड़क पर कई फुट बरसाती पानी भरने की समस्या के समाधान के लिए नाला तो बना दिया, लेकिन सड़क को अधूरा छोड़ दिया गया। इसके साथ ही कई साल से अस्पताल के भीतरी क्षेत्र में टूटी सड़क व उड़ती धूल मरीजों के जीवन से खिलवाड़ है। इन सब को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं वरिष्ठ नेता रमन मलिक ने संज्ञान लिया है। रमन मलिक ने कहा कि शहर में किस तरह की समस्याओं से लोग जूझ रहे हैं। क्योंकि उन्हें परेशानियां आ रही हैं और अधिकारियों द्वारा किस तरह से लापरवाही बरती जा रही है, इसकी रिपोर्ट सरकार तक पहुंचाना उनका कर्तव्य है। रमन मलिक ने कहा कि उन्होंने सेक्टर-10 क्षेत्र और नागरिक अस्पताल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पाया कि अस्पताल के साथ सेक्टर-10 में आने वाली सड़क पूरी तरह से टूटी हुई है। वहां के लोगों से बातचीत में पता चला कि यहां बरसात के समय 4-5 फुट तक पानी भर जाता है। लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता है। यहां बरसाती नाला तो बनाया गया है, लेकिन उसकी सफाई तक नहीं है। सड़क का काम अधूरा छोड़ दिया गया है। अस्पताल के भीतर की सड़क देखी तो बहुत बुरा हाल मिला। अस्पताल के मेन गेट में प्रवेश करते ही उल्टे हाथ की तरफ टीबी सेंटर है। यहां मरीज टीबी का उपचार कराने तो आते हैं, लेकिन यहां टूटी सड़क से उड़ती धूल उनकी बीमारी को बढ़ाने का काम कर रही है। सीधे हाथ की तरफ अस्पताल की इमरजेंसी है।

# आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को लिखा पत्र

**सोहना।** आयुष्मान मित्रां संघ ने प्रदेश आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को पत्र लिखते हुए मानदेय में बढ़ोत्तरी की मांग की है। संघ के पदाधिकारियों ने जनआरोग्य योजना आयोग पर झूठे आश्वासन देने का आरोप लगाया है।

पिछले माह से प्रदेश में हड़ताल पर चल रहे आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना के कर्मचारियों ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में मुख्य कार्यकारी अधिकारी से मानदेय 5000 को बढ़ाएं जाने की मांग की है। आयुष्मान मित्रां संघ के पदाधिकारी नीतिन का कहना है कि हर बार ही सरकार और आरोग्य योजना के अधिकारी झूठा आश्वासन देकर उनके जोश को शांत कर दिया जाता है। जबकि दो मई 2022 को प्रदेश सरकार ने आयुष्मान योजना के तहत लगे कर्मचारियों को 12 घंटा ही ड्यूटी करने के आदेश जारी किए थे, लेकिन वेतन बढ़ौत्तरी का दिया गया आश्वासन आज भी वैसा का वैसा ही है। राजबाला का कहना है कि एक तरफ सरकार बेरोजगारों का रोजगार देने के दावा कर रही है।

वहीं रोजगार देने के नाम पर युवाओं के साथ छलावा किया जा रहा है। आयुष्मान आरोग्य में तैनाम कर्मचारियों को वेतन बढ़ाने व पक्के करने के नाम पर मजाक उड़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे बड़ा कर्मचारियों का शोषण कहीं और देखने को नहीं मिलेगा। उन्होंने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि जिस दिन आयुष्मान कर्मी सड़कों पर उतर आएंगे। उस दिन सरकार और आयोग्य को उनकी कथनी और करनी में फर्क पता चल जाएगा।

# सार्वजनिक स्थानों कोविड नियमों की पालना है जरुरी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**प्रदीप मलिक ने कहा, सार्वजनिक स्थान से लेकर शादी व धार्मिक समारोह में 100 लोगों पर नियम लागू**

**उपायुक्त के आदेश पर एसडीएम ने जन जागरुकता अभियान चलाने के निर्देश दिए**



सोहना एसडीएम प्रदीप मलिक।

> **कोविड** का अभी तक खंड में एक भी मामला नहीं आया है, लेकिन सभी सरकारी विभाग अधिकारियों को कोविड नियमों की पालना कार्यालयों में बनाए रखने और नागरिकों को जागरुक करने के आदेश जारी कर दिए हैं। लापरवाही बरतने वाले विभाग अधिकारी के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी।
>
> **प्रदीप मलिक (एसडीएम सोहना)**

**किसी** भी सार्वजनिक स्थान से लेकर शादी समारोह व धार्मिक कार्यक्रमों में 100 या इससे अधिक जनसमूह को कोविड नियमों की पालना करनी होगी। अधिक भीड़भाड़ वाले स्थानों पर मास्क लगाना अनिवार्य होगा। नगर परिषद समेत ग्राम पंचायतों में आम जन को जागरुक करने के लिए मुनादी कराने के आदेश जारी कर दिए गए है।

कोविड के बढ़ते मामलों को देखते आम नागरिकों को कोविड नियमों की पालना करने के आदेश जारी कर दिए गए है। उपायुक्त के आदेश पर उपमंडल नागरिक अधिकारी कार्यालय से शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को कोविड नियमों को पालना करने के लिए जागरुक अभियान चलाने के निर्देश जारी किए गए है। नगर परिषद कार्यालय, नागरिक अस्पताल सोहना, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घंघौला तथा समस्त पीएचसी सेंटर, सामान्य बस स्टैंड, तहसील कार्यालय, बैंक शाखाओं में 100 या इससे अधिक भीड़भाड़ वाले स्थानों पर कोविड नियम के तहत मास्क लगाना जरुरी होगा। किसी भी धार्मिक व शोक सभा वाले कार्यक्रम में यदि 100 या इससे अधिक नागरिक एक साथ समूह में इकट्ठे होते हैं। वहां पर कोविड नियम की पालना करनी होगी। सामाजिक दूरी से लेकर मास्क व सेनेटाइजर का उपयोग जरुरी होगा।

## मुनादी कराने के आदेश

**शहरी** व ग्रामीण क्षेत्र में कोविड नियमों की पालना करने के लिए नगर परिषद और बीडीपीओ कार्यालय से सभी 35 ग्राम पंचायतों में मुनादी कराने के आदेश जारी कर दिए हैं। सरपंच और वार्ड पार्षद अपने-अपने वार्ड के नागरिकों को कोविड निमयों की पालना करने के प्रति जागरुक करेंगे। सभी सरकारी व गैर सरकारी और बैंक शाखाओं में भी सामाजिक दूरी और मास्क लगाने आदेश दिए गए है।

# थिंकरबेल लैब्स के मेड-इन-इंडिया टेक्नोलॉजी एनी का क्रियान्वयन

पायनियर समाचार सेवा। गुरूग्राम



**अग्रणी** एजुकेशन टेक्नॉलॉजी कंपनी, थिंकरबेल लैब्स ने रीवा, मध्यप्रदेश में यमुना प्रसाद शास्त्री नेत्रहीन एवं विकलांग महाविद्यालय में अपनी अत्याधुनिक टेक्नॉलॉजी, एनी का क्रियान्वयन किया। यह कंपनी के मिशन, भारत में नेत्रहीन विद्यार्थियों के लिए समावेशी शिक्षा के व्यवस्था का निर्माण करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

एनी एक अभिनव स्मार्ट क्लास टेक्नॉलॉजी है, जो नेत्रहीन विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा उपलब्ध कराती है। एनी का अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर, संवादपूर्ण ऑडियो एवं स्पर्श के माध्यम से अध्याय को दिलचस्प बनाता है एवं विद्यार्थियों को अपनी गति एवं अपने अनुसार सीखने देती है। रीवा में यमुना प्रसाद शास्त्री नेत्रहीन एवं विकलांग महाविद्यालय में एनी का क्रियान्वयन स्थानीय समुदाय के सहयोग और अत्यधिक उत्साह के साथ पूरा किया गया। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री, शिवराज सिंह चौहान और जिला कलेक्टर, मनोज पुष्प ने इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर स्कूल को एनी टेक्नॉलॉजी दान की। मनोज पुष्प, जिला कलेक्टर, रीवा ने कहा, "एनी स्मार्ट क्लास के माध्यम से बच्चे बहुत ही जल्द ब्रेल लिपि लिखने और पढ़ने में पारंगत हो जाएंगे। यदि जरूरत होगी, तो हम स्कूलों में और ज्यादा डिवाईस स्थापित करेंगे, और सुनिश्चित करेंगे कि एनी हर विद्यार्थी को उपलब्ध हो सके।" थिंकरबेल लैब्स के को-फाउंडर एवं डायरेक्टर, अमन श्रीवास्तव ने यमुना प्रसाद शास्त्री नेत्रहीन एवं विकलांग महाविद्यालय और रीवा के जिला प्रशासन के साथ काम करने के लिए अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, "हम मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं मनोज पुष्प के आभारी हैं की।

# सीकरी हनुमान चालीसा पाठ के आह्वान को आमजन ने बना दिया है अभियान

**गुरुग्राम।** युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाने और समाज को धार्मिक गतिविधियों के माध्यम से एकजुट करने के लिए बोधराज सीकरी की हनुमान चालीसा पाठ करने की मुहिम ने एक नया रंग ले लिया है। बोधराज सीकरी के थोड़ा अस्वस्थ होने के कारण एक सप्ताह का ब्रेक देना चाहते थे, परंतु उनके शुभचिंतकों ने अलग-अलग स्थान पर मिलकर छोटी-छोटी टोली में हनुमान चालीसा का पाठ किया, ताकि उनके संकल्प में कोई रुकावट न आए।



हनुमान चालीसा का पाठ करते लोग।

बोधराज सीकरी के निवास स्थान क्षेत्र में सुबह सात बजे 25 महिला और पुरुष फ्लायर पार्क सुशांत लोक में हनुमान चालीसा का ग्रंथ लेकर पहुंचे। सभी ने मिलकर सात-सात बार पाठ किया। जिसका संचालन उनके मित्र राजीव छाबड़ा ने किया। इसी प्रकार जामपुर शिव मंदिर ईस्ट ऑफ कैलाश, न्यू दिल्ली जिसके बोधराज सीकरी प्रधान हैं। उनके लगभग 30 विप्र और अन्य लोगों ने मिलकर 11-11 बार पाठ किया। जिसका संचालन पंडित श्याम और जामपुर बिरादरी के मंत्री एसपी नंगिया ने किया। मदनपुरी हनुमान मंदिर की मैनेजमेंट ने भी शाम को 35 लोगों के साथ मिलकर सामूहिक पाठ किया। जिसका समन्वय राम लाल ग्रोवर ने किया। हनुमान मंदिर, मदनपुरी में राम लाल ग्रोवर, रमेश चुट्टानी, रवि मनोचा, लीला धर कालड़ा, जय गोपाल, उमेश ग्रोवर, हरीश गाबा व स्त्री सभा ने भाग लिया एवं 351 बार हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। श्याम मंदिर में हनुमान चालीसा का 151 बार पाठ हुआ। श्याम मंदिर से रणधीर टंडन, अश्वनी वर्मा, मदन लाल सतीजा, राजीव सहगल, पं. भीम दत्त, पं. प्रेम शास्त्री व स्त्री सभा ने सहभागिता की। इसका समन्वय गजेंद्र गोसाई ने किया। बुधवार को श्याम मंदिर में कांता बुधिराजा पत्नी स्वर्गीय त्रिलोक बुधिराजा की पगड़ी रस्म थी। परिवार ने प्रार्थना सभा के प्रारंभ में और अंत में हनुमान चालीसा का पाठ किया। जिसमें लगभग 200 लोग उपस्थित थे। इस प्रकार वहां 400 बार पाठ हुआ।

# ट्रूकॉलर ने आईफोन के लिए लाइव कॉलर आईडी प्रस्तुत की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**दुनिया** के प्रमुख वैश्विक दूर-संचार प्लैटफॉर्म, ट्रूकॉलर ने आईफोन पर अपने उत्पाद के लिए महत्वपूर्ण अपडेट पेश करने की घोषणा की है। यह अपडेट नई, रोमांचक सुविधायें प्रदान करता है, जो दुनिया भर में आईफ़ोन का उपयोग करनेवाले लोगों के लिए बातचीत का एक बेहतर और अधिक सुरक्षित संचार अनुभव प्रदान करेगा। लाइव कॉलर आई.डी. का पूर्ण अनुभव अब आईफोन पर पहली बार आया है, जो आपको यह बताने के लिए कि कौन कॉल कर रहा है एक साधारण से सिरी शॉर्टकट का उपयोग करता है।

**आईफोन पर ट्रूकॉलर लाइव कॉलर आईडी कैसे सेटअप करें : ऐप** के भीतर प्रीमियम टैब पर जायें और 'एड टू सिरी' पर क्लिक करें। यह आपको एक टैप से शॉर्टकट शामिल करने में मदद करता है। पहली बार जब आप इस सुविधा का उपयोग करते हैं, तो आपको ट्रूकॉलर के लिए एक्सेस की अनुमति देने के लिए कहा जायेगा; दोबारा संकेत न मिले इसके के लिए 'हमेशा अनुमति दें' चुनें। जब आपने चरण 1 में सिरी शॉर्टकट सेट कर लिया हो तो, जब भी आपके फ़ोन में इनकमिंग कॉल आती है, तो बस 'हे सिरी, सर्च ट्रूकॉलर' कहें और ट्रूकॉलर आपको तुरंत बतायेगा कि कौन फ़ोन कर रहा है। नए अपडेट के बारे में बताते हुए ट्रूकॉलर में भारत के प्रबंध निदेशक, ऋषित झुनझुनवाला ने कहा, हम देख रहे हैं कि आईफोन्स को अधिक से अधिक लोगों के द्वारा अपनाया जा रहा है और हम इस प्लैटफॉर्म के भीतर लगातार अभिनवता ला रहे हैं। इस सिरी के द्वारा चलने वाले लाइव कॉलर आईडी के अनुभव को तैयार करने के लिए हमारी टीम ने काफी रचनात्मकता का उपयोग किया है। अंतत: हमारी कम्युनिटी इनकमिंग कॉल के दौरान 'हे सीरी, सर्च ट्रूकॉलर' बोलकर लाइव कॉलर आई.डी. का अनुभव प्राप्त कर सकती है। हम इस वैश्विक रिलीज़ से बहुत उत्साहित हैं और आई.ओ.एस. प्लैटफॉर्म पर नई-नई चीज़ें करना जारी रखेंगे।

**नई सुविधायें : सिरी के जरिए लाइव कॉलर आईडी** ट्रूकॉलर पहली बार ऑपरेटिंग सिस्टम्स के विश्वसनीय वर्चुअल असिस्टेंट सिरी के साथ एकीकृत करके आईफोन पर लाइव कॉलर आईडी का अनुभव प्रदान कर रहा है। अब, जब भी किसी आईफोन उपयोगकर्ता को किसी अज्ञात नंबर से इनकमिंग कॉल प्राप्त होती है, तो वे केवल हे सीरी, सर्च ट्रूकॉलर कहकर अपनी आवाज़ से ट्रूकॉलर को सक्रिय कर सकते हैं। यह ऐप तब उस नंबर को जल्दी से कैप्चर करेगा, कॉल करने वाले के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करेगा और उसे कॉलिंग स्क्रीन के ऊपर प्रस्तुत करेगा। यह नई सुविधा विशेष रूप से आईओएस. 16 और उसके बाद वाले उपकरणों पर ट्रूकॉलर के प्रीमियम ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। यह कुछ ही सेकेंडों के भीतर तेज और सटीक परिणाम देने के लिए सिरी शॉर्टकट और ऐप इंटेंट्स का लाभ उठाता है।

# हरजस हरजायी की रूठे रूठे व्यक्ति के दिल टूटने के दर्द को करता है बयां

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**आप** एक ऐसे गाने की खोज में हैं जो जीवन के सबसे मुश्किल/अशांत समय में आपको थिरकने पर मजबूर करने के साथ आपकी भावनाओं से जुड़ जाए? सोनी म्यूजिक की सहकार्यता से दिल्ली के कलाकार हरजस हरजायी द्वारा रचे गए रूठे रूठे, एक परफेक्ट रिदम और ब्लूज जैम है जो उस व्यक्ति के दर्द और मनोव्यथा को दिखलाता है जिसके साथ प्यार या जीवन में गलत किया गया है।

रूठे रूठे एक भावपूर्ण और भावुक करने वाला ट्रैक है। जिसके बोल प्रासंगिक हैं। एस शिव द्वारा निर्मित और जिसे हरजस द्वारा संगीतबद्ध और लिखा गया है, ट्रैक को हरजस हरजायी की सिग्नेचर आवाज और भावुक परफॉरमेंस द्वारा ही समर्थित किया गया है, जबकि चेरिश बनहोत्रा के साथ सहकार्यता गीत में एक नए आयाम को जोड़ती है। रूठे रूठे% एक मनमोहक हुक लाइन और ग्रूवी प्रोडक्शन के साथ सरल लेकिन यादें ताजा करने वाला है, जो इसे किसी भी दुखद समय की प्लेलिस्ट के लिए उपयुक्त बनाता है। यह गाना हरजस हरजायी के बैंगर्स के बढ़ते कलेक्शन के लिए एक भावपूर्ण इजाफा है। इस वीडियो में भावुक हरजस हरजायी को अपना दर्द और दिल टूटने के दुख को व्यक्त करते हुए दिखाया जाता है, जो गाने को और भी अधिक संबंधित और दिल को छू जाने वाला बना देता है।

रूठे-रूठे के पीछे की प्रेरणा पर बात करते हुए, हरजस हरजायी ने बताया की, प्यार या जीवन में दिल टूटना, एक विश्वव्यापी भाव है और हम में से ज्यादातर ने इस दर्द को महसूस किया है। इसलिए, मैं इस गीत के मूलतत्व को पकड़ना चाहता था। यह मेरे अपने अनुभवों का प्रतिबिंब है और मुझे उम्मीद है कि यह गहरे मानवीय स्तर पर लोगों से जुड़ेगा। मुझे उम्मीद है कि जो लोग मुश्किल समय से गुजर रहे हैं, वे रूठे-रूठे के बोल और संगीत के साथ सुकून पा सकते हैं।

# टाटा प्रोजेक्ट के मेरठ-गढ़मुक्तेश्वर सड़क परियोजना स्थल पर बायो डीजल मिश्रण के उपयोग का उद्घाटन समारोह

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ



**दुनिया** में पहली बार कमरे के तापमान पर एक प्रोप्रायटरी प्रक्रिया द्वारा उपयोग किए गए खाद्य तेल से निर्मित बायोडीजल को कंस्ट्रक्शन उपकरणों में इस्तेमाल होने वाले डीजल में पांच प्रतिशत तक मिलाकर एक मिश्रण तैयार किया गया। इस सफल प्रयोग से मिलने वाले डीजल का उपयोग टाटा प्रोजेक्ट्स देश में अन्य प्रमुख कंस्ट्रक्शन स्थलों पर करने वाला है। कंपनी ड्रॉप -इन ग्रीन डीजल का उपयोग करने की योजना भी बना रही है। यह ग्रीन डीज़ल बायो डीजल से अलग है और कंस्ट्रक्शन उपकरणों एवं जनरेटर्स में होने वाले जीवाश्म डीज़ल को पूरी तरह से प्रतिस्थापित कर सकता है।

स्वच्छ ईंधन के उत्पादन की टेक्नोलॉजी- कमरे के तापमान पर बायोडीजल और ग्रीन डीजल का विकास अपने ही देश में काउंसिल ऑफ साईंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोलियम (सीएसआईआर-आईआईपी) ने किया है। इस कार्यक्रम द्वारा टाटा प्रोजेक्ट्स ने इंजीनियरिंग और कंस्ट्रक्शन उद्योग जैसे मुश्किल क्षेत्रों में भी डिकार्बनीकरण करने की ओर एक महत्वपूर्ण पहल की है। राष्ट्रनिर्माता के रूप में हमें भारत में सबसे महत्वपूर्ण ढांचागत परियोजनाओं का हिस्सा बनने की खुशी है, लेकिन, भारत के महत्वाकांक्षी नेट जीरो लक्ष्यों के अनुरूप टाटा प्रोजेक्ट्स भारत के भविष्य का निर्माण करते हुए पृथ्वी पर उनके असर को कम से कम करने का आकांक्षी है।

टाटा प्रोजेक्ट्स के मैनेजिंग डायरेक्टर, विनायक पाइ ने कहा, "टाटा समूह ने चुनौतीपूर्ण नेट जीरो 2045 लक्ष्य स्थापित किया है, और टाटा प्रोजेक्ट्स अपना यह उद्देश्य पूरा करने के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है। टाटा के रूप में हम अग्रणी रहते हुए इंजीनियरिंग और कंस्ट्रक्शन उद्योग में मानक स्थापित करना चाहते हैं। मुझे सीएसआईआर-आईआईपी के साथ गठबंधन करने और अपने कंस्ट्रक्शन स्थलों पर स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग करने पर गर्व है, जो टाटा प्रोजेक्ट्स में हमारे द्वारा चलाए जा रहे अनेक इनोवेटिव एवं टेक्नॉलॉजी आधारित अभियानों में से एक है।" डॉ. अंजन रे, डायरेक्टर सीएसआईआर-आईआईपी ने कहा, "हमें खुशी है कि इन डिकार्बनीकरण अभियानों और सस्टेनेबिलिटी के प्रयासों के लिए टाटा प्रोजेक्ट्स ने हमारे संस्थान के साथ गठबंधन किया है। हम इस साझेदारी द्वारा कंपनी, समूह और देश के नेट-जीरो लक्ष्यों की ओर तेजी से बढ़ने के लिए उत्साहित हैं।" टाटा प्रोजेक्ट्स और सीएसआईआर-आईआईपी के बीच दिसंबर 2022 में समझौतापत्र (एमओयू) का काम टाटा सस्टेनेबिलिटी ग्रुप (टीएसजी) द्वारा किया गया।

# शहर के हीमोफीलिया सेंटर में नहीं मिल रहे हैं फैक्टर

**कविता।** फरीदाबाद

**बीके** अस्पताल में हीमोफीलिया से ग्रस्त मरीजों को इलाज के लिए सेंटर की शुरूआत की गई थी, लेकिन काफी समय से सेंटर में फैक्टर सात, आठ और नौ समाप्त है। जिससे मरीजों को दिल्ली रेफर किया जा रहा है, लेकिन दिल्ली में भी मरीजों को फैक्टर नहीं मिल रहे है। सात फैक्टर हीमोफीलिया इनीवेटर मरीजों के लिए, आठ फैक्टर हिमोफीलिया ए मरीजों के लिए और नौ फैक्टर हिमोफीलिया बी मरीजों के लिए होता है। रोगियों में आठ फैक्टर रोगियों में अधिक इस्तेमाल होता हैं, लेकिन जिले में एक भी फैक्टर मौजूद नहीं है।

### मरीजों के सीएमओ और पीएमओ को शिकायत देने के बाद भी नहीं हुआ समस्या का समाधान


संजय।


मोहित।


कुनाल।

मरीजों ने 22 मार्च को सीएमओ को पत्र लिखा। लेकिन फायदा नहीं हुआ।

**क्या है हिमोफीलिया :** बीके अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश गुप्ता ने बताया कि इस बीमारी में मरीज के अगर चोट लग जाए तो रक्त बहना बंद नहीं है। इस अनुवांशिक रोग में तीन फैक्टर आठ, नौ और सात होते हैं। वैसे दो फैक्टर ही मरीजों में आठ और नौ ही पाए जाते हैं। यदि मरीज के शरीर में दोनों फैक्टर नही बनते तो यह ब्लड में चढ़ाया जाता है। इन दोनों फैक्टरों को हिमोफीलिया ए व बी के नाम से भी जाना जाता है। यह साल में एक बार मरीज को चढ़ाया जाता है। यह बीमारी किसी भी उम्र में हो सकती है। अधिकतर फैक्टर आठ की अवश्यकता अधिक होती है।

**दिल्ली में नहीं:** सेक्टर-31 निवासी हिमोफीलिया ग्रस्त संजय ने बताया कि ब्लीडिंग के कारण वह छह दिनों से परेशान है।

पहले मरीजों को इलाज के लिए शहर से बाहर जाना पड़ता था। इसीलिए 24 फरवरी 2014 को बीके अस्पताल के ब्लड बैंक में सेंटर की शुरूआत की गई थी। लेकिन पिछले 40 दिनों से यहां हिमोफीलिया मरीजों के लिए फैक्टर मौजूद नही है। मरीजों को दिल्ली सफदरजंग या फिर एम्स के लिए भेजा जा रहा है, वहां भी फैक्टर नहीं होते। दिल्ली के गुरू तेग बहादुर, एलएनजी और दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में फैक्टर है, लेकिन वहां बाहर के मरीजों को पहले अल्ट्रासाउंड करवाने के बाद ही फैक्टर मिलते है।

**पलवल ठीक :** संजय ने बताया कि पलवल, मेवात, गुडग़ांव और रेवाड़ी के हिमोफीलिया ग्रस्त मरीज को फैक्टर न होने से लौटने को मजबूर होना पड़ता था। पलवल में भी करीब चार-पांच साल पहले हिमोफीलिया की शुरूआत हुई है। जहां फैक्टर समय पर मिल रहे हैं। फिलहाल फरीदाबाद में रजिस्टर्ड 53 मरीजों को समय पर फैक्टर नहीं मिल रहे है।

**बनाया जाता है दबाब:** एसजीएम नगर निवासी कुनाल ने बताया कि बीके में फैक्टर नहीं है, हर बार शिकायत पर दस से 20 वायल आती है। सीएम विंडों में शिकायत करने पर समाधान नहीं होता। जिसे देखते हुए सीएम विन्डों की शिकायतों पर चिकित्सक उनसे दबाव बनाकर हस्ताक्षर करवा लेते है।

**नहीं आ रहे फैक्टर:** एनएच-दो के निवासी मोहित ने बताया कि उन्होंने लिखित में सीएमओं को शिकायत दी थी लेकिन कोई फायदा नहीं हआ। फैक्टर न होने से दिल्ली के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

# विपक्ष की आवाज दबाकर लोकतंत्र का हनन कर रही भाजपा सरकार : सैलजा

### सैलजा ने किया बड़ा दावा, हरियाणा में जल्द बनेगा कांग्रेस का संगठन

### एडवोकेट संजीव चौधरी के संयोजन में हुआ कुमारी सैलजा का जोरदार स्वागत


प्रेसवार्ता को सम्बोधित करती कुमारी सैलजा।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**कांग्रेस** की राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा है कि लोकतंत्र में विपक्ष का काम होता है सत्तापक्ष से सवाल करना, लेकिन भाजपा सरकार ने तानाशाही रवैया अपनाया हुआ है, यही कारण है कि जब राहुल गांधी ने संसद में अडाणी और उनकी कंपनी -कारोबार के बारे में सवाल उठाए तो जवाब देने के बजाए सरकार ने संसद की कार्यवाही को ही नहीं चलने दिया और आनन-फानन में राहुल गांधी को दो साल की सजा करवाकर, उनकी लोकसभा सदस्यता खत्म करवा उनका सरकारी निवास भी खाली करवा लिया। उन्होंने कहा कि आज देश का पैसा चंद पूंजीपतियों के हाथों में जा रहा है, यही कारण है कि देश में महंगाई चरम पर है और भ्रष्टाचार व बेरोजगारी सुरसा की तरह बढ़ रही है लेकिन सरकार न तो संसद में इसका जवाब दे पा रही है और न ही बाहर दे रही है बल्कि सांसदों की आवाज को दबाने का काम कर रही है, लेकिन ऐसे लोकतंत्र नहीं चलता। कुमारी सैलजा बुधवार को सेक्टर-12 अदालत परिसर में पूर्व बार एसो. फरीदाबाद के प्रधान एवं हरियाणा कांग्रेस के पीसीसी डेलीगेट एडवोकेट संजीव चौधरी के चैंबर में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रही थी। इस मौके पर उनके साथ मुख्य रूप से विधायक शैली चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बलजीत कौशिक, योगेश ढीगड़ा, बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसी नेता मनोज अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, गौरव ढींगड़ा, सोनू चौधरी, वंदना सिंह, मोनू ढिल्लो, राकेश तंवर, डा. एसएल शर्मा, एडवोकेट सुभाष कौशिक, चुन्नू राजपूत, अशोक रावल, बाबूलाल रवि, डा. सौरभ शर्मा, एआईपीसी प्रेसीडेंट, भारत अरोड़ा, अनिल नेताजी, संजय सोलंकी, डा. पराग गौतम, सुनीता फागना, मोहम्मद बिलाल, रंधावा फागना, विनोद कौशिक, एडवोकेट राजेश खन्ना, पूर्व बार एसो. प्रधान बॉबी रावत आदि मौजूद थे। इससे पूर्व कुमारी सैलजा पूर्व जिलाध्यक्ष बीआर ओझा की धर्मपत्नी एवं राजन ओझा की माताजी की तबीयत जानने उनके सेक्टर-19 स्थित निवास पर पहुंची वहीं कांग्रेसी नेता सत्यवीर डागर के ताऊ के निधन पर झाड़ सेंतली स्थित उनके निवास पर शोक जताने पहुंची तथा कांग्रेसी नेता ज्ञानचंद आहुजा की धर्मपत्नी के निधन पर भी उनके निवास पर जाकर उन्होंने शोक व्यक्त किया।

पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार विपक्ष की आवाज को दबा रही है, जो सरकार से सवाल पूछता है या उनके काले चिट्ठे खोलने का प्रयास करता है, यह उनके यहां ईडी, सीबीआई सहित अन्य एजेंसियों से छापेमारी करवाकर जबरन कार्यवाही करवाते है। उन्होंने कहा कि जो गलत काम कर रहा है, उसको पकड़ो, जबकि जिन्होंने देश की जनता का पैसा खाया वो तो विदेशों में मौज ले रहे है और यहां विपक्षियों पर बदले की भावना के तहत कार्यवाही की जाती है, जो निंदनीय है। उन्होंने कहा कि देश को कांग्रेस की जरूरत है।

## डेरी संचालक के ब्लाइंड मर्डर केस में मुख्य आरोपी गिरफ्तार


पुलिस गिरफ्त में आरोपी कृष्ण।

**फरीदाबाद।** बता दें कि 06 अप्रैल की रात गांव बाजडी उत्तम नगर में डेरी संचालक सुनील के ब्लाइंड मर्डर मामले संज्ञान लेते हुए पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा व डीसीपी क्राइम मुकेश मल्हौत्रा के दिशा निर्देश व सहायक पुलिस आयुक्त अपराध सुरेन्द्र श्योराण के मार्ग दर्शन में क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने कार्रवाई करते हुए सुनील ब्लाइंड मर्डर मामले का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। एसीपी क्राइम सुरेन्द्र श्योराण ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम कृष्ण है। आरोपी मूल रुप से गुरुग्राम, दमदमा गांव का और हाल में फरीदाबाद डबुआ कॉलोनी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम निरीक्षक राकेश कुमार प्रभारी अपराध शाखा डीएलएफ के एसआई सुरेन्द्र, एचसी जोगेंद्र, सिपाही विनीत, सिपाही सुरेन्द्र, सिपाही विकास, सिपाही विनोद, सिपाही अजित ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से लक्कड़पुर फाटक के पास से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर 6/7 अप्रैल की रात को गांव बाजडी के पास उत्तम नगर में डेरी में रहने वाले सुनील की चारपाई से बांधकर सिर पर पत्थरों से ताबड़ तोड़ हमला करके निर्मम हत्या कर दी थी। आरोपी और मृतक दोस्त थे। दोनों पक्ष एक पार्टी में शामिल हुए थे। पार्टी में डांस करने के दौरान मृतक द्वारा की गई टीका टिप्पणी पर कहासुनी हुई, जो झगड़े में बदल गई। बाद में मृतक अपने प्लॉट पर चला गया था। आरोपियों ने प्लॉट पर जाकर मृतक के साथ बहस बाजी कर झगड़ा किया, फिर हत्या की वारदात को अनजाम दिया था। आरोपियो को खिलाफ थाना डबुआ में हत्यों की धारा में मामला दर्ज किया गया था। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अदालत में पेश कर मामले में पूछाताछ के लिए पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। आरोपी के अन्य साथियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## कोरोना विस्फोट जारी: 117 पॉजिटिव, 20 मरीज स्वस्थ


मरीज की कोरोना जांच करती कोरोना योद्धा ममता।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिले** में लगातार कोरोना के मामले बढ़ते जा रहे है। सोमवार को जहां 44 और मंगलवार को 65 संक्रमित सामने आए थे। वहीं बुधवार को कोरोना का विस्फोट जारी रहा। बुधवार को जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा आंकड़ों में कोरोना के 117 संक्रमित मरीज सामने आने की पुष्टि की है।

राहत की बात यह है कि 20 मरीज ठीक हो गए है। जिससे जिले में एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 389 पर पहुंच गया है। जिसमें सात मरीज अस्पताल में और बाकि 382 मरीज होम आईसोलेशन में है। जिले में लगातार सैम्पलिंग लेने की प्रक्रिया को बढ़ते मामलों को देखते हुए बढ़ाया जा रहा है। सोमवार को जहां 618 और मंगलवार को 661 सैम्पल जांच किए गए। वहीं बुधवार को 712 सैम्पल जांच किए गए। जिसमें फिलहाल जिले के निजी में 72 और सरकारी में लिए गए 219 सैम्पलों की रिपोर्ट आनी बाकि बताई है। जिसमें में सोमवार का सैम्पल पॉजिटिविटी रेट 7.12 प्रतिशत था और मंगलवार का 9.83 प्रतिशत था। वहीं बुधवार को सैम्पल पॉजिविटी रेट 16.43 प्रतिशत पर पहुंच गया।

### मुरैना, मध्य प्रदेश पुलिस के वांछित गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी सैन्ट्रल पूजा वशिष्ट के द्वारा अपराधिक मामलों में शामिल आरोपियों की धरपकड़ व किरायेदारों की चेकिंग/वेरिफिकेशन के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए थाना पल्ला प्रभारी योगेश कुमार और चौकी नवीन नगर इंचार्ज कैलाश चन्द्र, एएसआई हरकेश की टीम ने चेकिंग के दौरान मध्यप्रदेश के मुरैना के हत्या के मामले में 12 वर्ष से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में जगदीस मल्हा और सेवाराम का नाम शामिल है। दोनों आरोपी बाप बेटे है जो मूल रुप से मध्य प्रदेश के मुरैना जिले के तथा हाल में फरीदाबाद के ओम ईन्कलेव के रहने वाले हैं। दोनों आरोपियों ने वर्ष 2011 में एक हत्या की वारदात को अपने निवास स्थान मुरैना में अनजाम दिया था। साथ ही आरोपियो पर लडाई-झगडा का मामला वर्ष 2008 में मुरैना ही दर्ज है।

## दो स्पा सेंटर में छापा, छह महिला समेत आठ गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**सेक्टर 16** महिला थाना और थाना सराय ख्वाजा पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए बाइपास रोड अनंगपुर डेरी के पास स्थित एक सपा सेंटर में छापेमारी कर छह युवतियों और दो युवकों को हिरासत में लिया है। फिलहाल स्पा सेंटर को बंद करवा कर हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ की जा रही है। इसके अलावा चाइल्ड हेल्पलाइन और पुलिस की टीम ने थाना कोतवाली क्षेत्र में चल रहे एक अन्य स्पा सेंटर में छापेमारी कर दो किशोरियों को मुक्त करवा कर संचालिका के खिलाफ केस दर्ज किया है।

चाइल्ड लाइन के अनुसार चाइल्ड लाइन सदस्य रविंद्र व कोतवाली थाना की पुलिस ने मंगलवार को ऑपरेशन मुस्कान के तहत संयुक्त अभियान चलाया। इस दौरान नीलम चौक के निकट स्थित सभी स्पा सेंटर में जांच पड़ताल कर उन्होंने दो किशोरी को बरामद किया, जिनकी उम्र 18 साल से कम है। एक किशोरी ने बताया कि उसकी उम्र 15 साल है।

उससे रोजाना करीब आठ लोगों की मसाज कराई जाती है। इसके बदल में स्पा संचालिका ने उसे महीने में आठ हजार रुपये वेतन देने का वादा किया है। दूसरी किशोरी ने बताया कि पांच महीने पहले उसकी बहन के इलाज के लिए स्पा संचालिका ने 50 हजार रुपये कर्ज दिए थे। इलाज के दौरान उसकी बहन की मौत हो गई थी। कर्ज को चुकाने के लिए वह स्पा सेंटर में लोगों की मसाज करती है। पुलिस ने स्पा सेंटर संचालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## हड़ताल के बाद आज काम पर लौटेंगे आयुष्मान मित्र

### 33 दिनों से हड़ताल पर थे जिले के आयुष्मान मित्र

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


बंद पड़ा आयुष्मान केन्द्र, बाहर लगा टोल फ्री नम्बर और नोटिस।

**आयुष्मान** मित्र गत 9 मार्च से प्रदेशभर में हड़ताल कर रहे थे, लेकिन उनकी हड़ताल अब समाप्त हो गई है। आज से वह 33 दिन की हड़ताल के बाद काम पर लौटेंगे। ऐसे में आयुष्मान के लिए आने वाले मरीजों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। लोगों को पिछले 33 दिनों से परेशानियां झेलकर वापस लौटना पड़ रहा था।

करीब 25 दिनों तक तो आयुष्मान केन्द्रों पर किसी तरह की हड़ताल की कोई सूचना न होने के कारण लोग यहां घंटों इंतजार करके लौट रहे थे, लेकिन करीब एक हफ्ते पहले अस्पताल प्रबंधन की तरफ बीके सिविल अस्पताल में नोटिस लगवा दिया कि आयुष्मान मित्र हड़ताल पर है। अब आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए आने वाले लोगों को राहत मिल सकेगी, क्योंकि सरकार और आयुष्मान मित्रों के बीच सहमति बन गई है। बृहस्पतिवार से काम शुरू कर देंगे।

आयुष्मान मित्र अरुण कुमार, सूरज, मनीष, अमरीक, मुनेश और मंजू ने बताया कि 9 मार्च से 33 दिन की हड़ताल थे। सरकार से वेतन में बढ़ोतरी, फुल टाइम जॉब सिक्योरिटी और फ्री मेडिकल सुविधा सहित अन्य मांग की जा रही है। सरकार द्वारा सुनवाई नहीं होने पर विरोध प्रदर्शन के साथ साथ जिला उपायुक्तों के माध्यम से सीएम को ज्ञापन दिया गया। इस संबंध में हिसार में बैठक का आयोजन किया गया। अधिकारियों ने जल्द सुनवाई का आश्वासन दिया है। अगले महीने से बढ़ा हुआ वेतन मिलने का देने के लिए आश्वस्त किया है। जिसके बाद बृहस्पतिवार से काम पर वापस लौटने का फैसला लिया हैं। आयुष्मान मित्रों का कहना है कि यदि इस बार सरकार ने वादाखिलाफी की तो भारी संख्या में सड़कों पर उतर रोष जताएंगे। उन्होंने बताया कि उन्हें वेतन के रूप में केवल 5 हजार रुपये ही मिल रहे है, बढ़ती मंहगाई के बीच पांच हजार रुपयों से घर चलाना मुश्किल हो गया है।

### अमृता पाठशाला के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आनंददायी आयोजन

**फ़रीदाबाद।** अमृता हॉस्पिटल फ़रीदाबाद में श्रमिक बच्चों हेतु संचालित अमृता पाठशाला के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आनंददायी आयोजन अमृता पाठशाला में सम्पन्न हुए। पूज्य अम्मा के चित्र पर अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर अम्मा की स्तुति की, ओम नमाय शिवाय व गायत्री मंत्र का जाप किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने मिट्टी से सुन्दर कलाकृतियों का सृजन किया, जिसमें शिवलिंग, केक व सुन्दर चित्र थे. कुछ बच्चों को वस्त्र वितरण किया गया।

एलाइंस इंटरनेशनल क्लब के वरिष्ठ सदस्यों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया. ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले प्रिय कैरव का दूसरा जन्मदिन उमंग से बच्चों ने व क्लब परिवार के सदस्यो ने मनाया। पूज्य अम्मा संस्थान से पूज्य स्वामी निजामृता नंद जी पुरी व कार्यकारी निदेशक श्री सत्यानंद मिश्रा जी के आशीर्वाद व मंगलकामनाये इस अवसर पर प्राप्त हुई। बच्चों ने अपने अनुरागी संस्मरण सभी को बताए।

## विदेशी प्रतिनिधियों ने विजेताओं को सम्मानित किया



**प्रवीन शर्मा।** फरीदाबाद

**मानव** रचना यूनिवर्सिटी में मंगलवार को ग्लोबल पीस फाउंडेशन (जीपीएफ) के साथ मिलकर सस्टेनेथॉन (लीप हब चैलेंज) का आयोजन हुआ। ग्लोबल पीस लीडरशिप कांफ्रेंस इंडो-पैसिफिक-2023 के तहत आयोजित हुए इस कार्यक्रम में कई देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत सभी अतिथियों ने दीप जलाकर की। इसके बाद मानव रचना शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत भल्ला ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह और पौधे देकर सम्मानित किया। इस दौरान एमआरआईआईआरएस के वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) संजय श्रीवास्तव, एमआरयू के वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) आईके भाट, डीजी एमआरईआई डॉ. एनसी वाधवा और श्री. आरके आनंद, रजिस्ट्रार एमआरआईआइआरएस शामिल रहे।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे जीपीएफ के संस्थापक व चेयरमैन डॉ. यून जिन प्रेस्टन मून जिन्होनें छात्रों को संबोधित करते हुए बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी काम के लिए लक्ष्य निर्धारित करना और उसे पाने को कड़ी मेहनत करना जरूरी है तभी आप दुनिया में बदलाव ला सकते हैं।

जीपीएफ भारत के अध्यक्ष डॉ. मार्कंडेय राय ने संबोधन में कहा कि युवाओं के पास दुनिया में व्याप्त समस्याओं को दूर करने के बेहतरीन विचार मौजूद हैं। जरूरत है तो उनपर काम करने की।

## संक्षिप्त समाचार

### रावल अकादमी ने 114 रनों से जीता मैच



**फरीदाबाद।** 26वें मैंटोर कप अंडर 12 का सेक्टर-11 स्थित स्पोट्सलैंड क्रिकेट अकादमी में टुर्नामेंट मैच खेले जा रहे है। जिसमें सेमिफाईनल का मैच रावल क्रिकेट अकादमी और स्पोट्सलैंड डीपीएस की टीमों के बीच हुआ। इस मौके पर रावल क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 35 ओवर के इस मैच में 6 विकेट के नुकसान पर 272 रन बनाए। जिसमें विराट त्यागी ने 89 रन बनाए। अक्षय चंदीला ने 60 रन और विशेष ने 55 रन बनाए। वहीं स्पोट्सलैंड के गेंदबाज सौर्या और कनिष्क ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए स्पोट्सलैंड के खिलाड़ी 32 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर केवल 158 रन ही बना पाए। जिसमें रेयान ने 45 रन, आर्यन ने 33 रन बनाए। रावल के गेंदबाज कर्तव्य ने 5 विकेट लिए। वहीं वैष्णव ने 2 विकेट लिए। रावल की टीम ने 114 रन से मैच जीत लिया। जिसमें कर्तव्य भारद्वाज को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया।

### 22 को कुलेना मे मनेगा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव



**फरीदाबाद।** भगवान परशुराम मन्दिर ट्रस्ट गांव कुलेना मोहना की बैठक सैक्टर-12 टाऊन पार्क फरीदाबाद मे आयोजित की गई बैठक में निर्णय लिया गया। 22 अप्रैल 2023 शनिवार को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। सुबह 9 बजे हवन 10 से सांस्कृतिक कार्यक्रम व अतिथि सम्मान भण्डारा प्रसाद सायं 4 बजे कुश्ती दंगल कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि पं मूलचंद शर्मा केबिनेट मंत्री कार्यक्रम की अध्यक्षता हृदय सम्राट पण्डित सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा, विशिष्ट अतिथि कृष्णलाल गुर्जर राज्यमंत्री भारत सरकार, दीपक मंगला विधायक, सीमा तिरखा विधायक, पं टेकचन्द शर्मा पूर्व विधायक, करण दलाल पूर्व मंत्री, पं नीरज शर्मा विधायक, पं वीरपाल दीक्षित, पं अरविंद भारद्वाज, पं गोपाल शर्मा, पं सुरेन्द्र वशिष्ठ, पं लख्मीचंद भारद्वाज, पं गौरव गौतम सम्मानित समाज व महानुभाव सादर आर्मंत्रित है। इस अवसर पर छिद्दाराम परसीराम, दीपचंद, ऋषि, अजीत, ब्रह्म सियाराम, रामी, डा रामबीर, मोहन सरपंच, त्रिलोक, बिशन, श्याम, जगदीश, सरपंच हरीश मुरली सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था सदृढ़ करने को बैठक



**फरीदाबाद।** डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन ने अपने कार्यालय में बैठक आयोजित की। जिसमें सड़क सुरक्षा और यातायात संबंधित समस्याओं को सुलझाने के लिए रूपरेखा तैयार की गई। इस बैठक में रोड स्फेटी ऑर्गेनाइजेशन के सदस्यों को सड़क सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि डीसीपी ट्रैफिक की अध्यक्षता में रोड सेफ्टी को लेकर आयोजित की गई बैठक में पिछले कुछ समय में सड़क सुरक्षा के लिए किए गए इंतजामों की समीक्षा करके यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए आगे की रूपरेखा तैयार की गई। डीसीपी ट्रैफिक ने सभी रोड स्फेटी ऑर्गेनाइजेशन के सदस्यों को सड़क पर हो रहे गड्ढों तथा किसी भी प्रकार से यातायात बाधित होने पर तुरन्त सूचना देने के निर्देश दिए हैं। इसमें आने वाले कुछ समय में ट्रैफिक व्यवस्था से संबंधित किए जाने वाले कार्यों को सूचीबद्ध किया गया। डीसीपी ने ग्रेटर फरीदाबाद में रोड सेफ्टी से संबंधित समस्याओं को देखते हुए वहां पर ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की संख्या बढ़ाने तथा यातायात से संबंधित मुद्दों पर को सूचीबद्ध करके उन्हें हल करने के की बात कही। इस बैठक में अधिक सड़क दुर्घटनाएं होने वाले स्थानों को चिन्हित करने तथा अन्य प्रकार की यातायात संबंधित समस्याओं के बारे में अधिक से अधिक जानकारी एकत्रित करके उन्हें सुलझाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि यातायात के साथ-साथ ट्रैफिक लाइट्स, स्ट्रीट लाइट व सीसीटीवी कैमरों को चेक करने तथा यदि उनमें किसी प्रकार की खामियां पाई जाती हैं तो उन्हें दूर करना सुनिश्चित किया जाए। डीसीपी ने कहा कि शहर को जाम मुक्त और शहरवासियों को सड़क दुर्घटनाओं से सुरक्षित रखना उनका लक्ष्य है और वह इसके लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं इसके साथ ही सड़क दुर्घटनाएं न हों इसके लिए रोड सेफ्टी से संबंधित कार्य किए जा रहे हैं जिससे जल्द ही फरीदाबाद में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

### उत्तराखंड सीएम राहत कोष को दिया दो करोड़ का योगदान



**फरीदाबाद।** भारत की अग्रणी जलविद्युत कंपनी एनएचपीसी लिमिटेड ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री राहत कोष में दो करोड़ रुपये का योगदान दिया है। आरके विश्नोई, सीएमडी, एनएचपीसी ने 12 अप्रैल 2023 को देहरादून में पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, उत्तराखंड को दो करोड़ रुपये का चेक सौंपा। वाईके चौबे, निदेशक (तकनीकी), एनएचपीसी भी इस अवसर पर उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने एनएचपीसी की मानवीय भावना की सराहना की। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री से प्राप्त अनुरोध पत्र के आलोक में एनएचपीसी ने स्वैच्छिक रूप से 2 करोड़ रुपये का योगदान दिया है। उत्तराखंड के चमोली जिले के अंतर्गत जोशी मठ क्षेत्र में भूधंसाव से उत्पन्न हुए संकट के कारण क्षेत्र में मौजूद घरों/बुनियादी ढांचे को गंभीर क्षति हुई है। उत्तराखंड सरकार प्रभावित लोगों को उनके घरों और होटलों को खाली कराकर सुरक्षित स्थान पर पुनर्वासित कर रही है।

### सनातन धर्म सभा के चुनाव सम्पन्न

**फरीदाबाद।** श्री सनातन धर्म महासभा का चैयरमैन का चुनाव ऑनलाइन मतदान द्वारा सम्पन्न करवाया गया। जिसमें संस्थान के आईटी विभाग ने ऑनलाइन वोटिंग पोर्टल बनाया था। देशभर में श्री सनातन धर्म महासभा (पंजीकृत) के कुल 125980 मतदाताओं ने ऑनलाइन वोटिंग की। इस वर्ष कुल पांच प्रत्याशियों ने चेयरमैन पद के लिए दावेदारी पेश की थी। जिनमें से डा. तरुण अरोड़ा एडवोकेट जीत हासिल कर 5 वर्ष के लिए इस पद पर आसीन हुए। सनातन धर्म महासभा के संविधान अनुसार आगामी 25 अप्रैल 2023 को डा. तरूण अरोड़ा एडवोकेट को सभा के चेयरमैन पद की शपथ दिलवाई जाएगी और नियुक्ति पत्र सौंपा जाएगा। एडवोकेट श्री अरोड़ा को श्री सनातन धर्म महासभा का चेयरमैन चुने जाने पर इंडियन प्राइवेट स्कूल एसोशिएशन (इपसा) के चेयरमैन डा. विमल पाल, प्रधान डा. प्रदीप गुप्ता, महासचिव एवं कोषाध्यक्ष डा. राजेश मदान, शिक्षाविद् शोभित आजाद, अभिषेक कुमार, कर्मजीत शर्मा सहित अन्य सदस्यों ने माला व पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 13 अप्रैल, 2023



# पायलट का धरना

## कांग्रेस में विद्रोह

**पायलट** का धरना राजस्थान में विद्रोह के मुद्दों का समाधान करने में कांग्रेस नेतृत्व की विफलता का नतीजा है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सचिन पायलट का राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में अपनी ही सरकार के खिलाफ एक-दिवसीय धरना आश्चर्यजनक नहीं है। दोनों नेताओं के बीच मतभेद लंबे समय से सार्वजनिक चर्चा का विषय रहे हैं। इससे एक बहुत दु:खद संकेत मिलता है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस तेजी से अपने समापन की ओर बढ़ रही है। राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस का आलाकमान वैचारिक मुद्दों में उलझा है जिनमें महात्मा गांधी की हत्या तथा वी.डी. सावरकर का 'माफीनामा', आदि शामिल हैं। यह आश्चर्यजनक नहीं है क्योंकि राहुल गांधी सिद्धान्तवादी वामपंथियों से घिरे हैं जिनकी बहु-प्रतीक्षित राजनीतिक प्रगति व समकालीन मुद्दों के बजाय वैचारिक शुद्धता व स्वतंत्रता-पूर्व घटनाओं में ज्यादा दिलचस्पी है। परिवार द्वारा कांग्रेस नेतृत्व के लिए चुने गए बेचारे मल्लिकार्जुन खड़गे का ज्यादातर समय राहुल के भड़काऊ बयानों से लगी आग बुझाने में खर्च होता है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हाल ही में तृणमूल कांग्रेस समेत उन विपक्षी नेताओं से मुलाकात की जो पहले कांग्रेस के साथ खड़े होने के इच्छुक नहीं थे। लेकिन बताया जाता है कि खड़गे की इन प्रयासों को जदयू के बड़बोले नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ लल्लन सिंह की इस 'टिप्पणी' ने ध्वस्त कर दिया कि जब एक विपक्षी पार्टी उनकी कतारों में शामिल हुई तो दूसरी की अचानक अनुपस्थिति खास थी। महाराष्ट्र में कांग्रेस की सहयोगी उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना सावरकर पर राहुल की टिप्पणी के कारण एकजुटता




प्रयास में शामिल नहीं हुई। ऐसा नहीं है कि केवल खड़गे ही विपक्षी एकता का प्रयास कर रहे हैं, बल्कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख व पूर्व केन्द्रीय मंत्री शरद पवार भी इसका प्रयास कर रहे हैं। लेकिन जैसे ही एकता प्रयास एक कदम आगे बढ़ते हैं, राहुल गांधी कुछ ऐसा कह देते हैं जिससे वे दो कदम पीछे चले जाते हैं।

कांग्रेस के सर्वोच्च नेतृत्व को परेशान करने वाली ईर्ष्या एकमात्र बीमारी नहीं है। यदि अधिक नहीं तो समान रूप से देश की सबसे पुरानी पार्टी को घोर अक्षमता का सामना करना पड़ा है और वह आज भी इसका सामना कर रही है। राज्य में विधानसभा चुनावों के कुछ महीने पहले पायलट का धरना सर्वोच्च नेतृत्व की अक्षमता व गुटबाजी का प्रमाण है। सालों तक सर्वोच्च नेतृत्व ने इस मामले को ठंडे बस्ते में डाले रखा और गहलोत तथा राजस्थान के पूर्व उप-मुख्यमंत्री पायलट के बीच मुद्दों के समाधान का प्रयास नहीं किया। सोमवार रात को गहलोत ने पायलट को चेतावनी दी कि धरने का अर्थ पार्टी-विरोधी गतिविधि माना जाएगा। लेकिन पायलट ने शायद राजनीतिक 'लक्ष्मण रेखा' पार कर ली है और उन्होंने इस चेतावनी के बावजूद विरोध कार्यक्रम किया। राजस्थान में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी-एआईसीसी के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने एक ट्वीट में कांग्रेस का संदेश देते हुए कहा था, 'यदि पायलट को अपनी सरकार से कोई समस्या है तो इसकी चर्चा मीडिया व जनता में करने के बजाय पार्टी मंचों पर हो सकती है। मैं पांच महीने से एआईसीसी का इन्चार्ज हूं, लेकिन पायलट जी ने इस मुद्दे की मुझसे कभी चर्चा नहीं की।' लेकिन सवाल है कि यदि पायलट ने रंधावा से संपर्क नहीं किया तो क्या रंधावा या अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता विद्रोही पायलट से बातचीत नहीं शुरू कर सकते थे? क्या उनको विश्वास था कि बिना कोई प्रयास किए यह संकट दूर हो जाएगा? दुर्भाग्य से राजनीति में ऐसा नहीं होता है।

# लोकतंत्र में नैतिकता का महत्व

हमारे यहां बड़ी संख्या में ऐसे राजनेता हैं जो महात्मा गांधी के नाम पर शपथ लेते हैं, पर उनका अनुसरण नहीं करते हैं। वे सत्ता के नशे में चूर हैं।



**जे.एस. राजपूत**
(लेखक, सेवानिवृत्त प्रोफेसर हैं)



मार्च 2023 में बजट सत्र के दूसरे अर्धांश में भारत की संसद में जैसा व्यवहार हुआ, उससे अनेक लोगों में बेचैनी पैदा हुई है। वे इसे एक पवित्र संस्थान मानते हैं जो हर भारतीय का जीवन बदल सकता है, उसे गरिमा प्रदान कर सकता है तथा उन सभी लोगों की मदद कर सकता है जो अनेक पीढ़ियों के पृथक्करण व पीड़ा से मुक्ति में सहायता चाहते हैं। इसका कारण ऐतिहासिक, सामाजिक व सांस्कृतिक बाधायें हैं। क्या ऐसे जिम्मेदार लोगों की संस्था हफ्तों तक अपना समय खराब कर सकती है? आधिकारिक रूप से वे सभी सम्मानित व्यक्ति तथा संविधान के संरक्षक हैं तथा नीति निर्माताओं के रूप में राष्ट्र के विधि-निर्माता हैं। भारत की वैश्विक छवि तथा अंतरराष्ट्रीय समुदाय में उसका स्थान और भूमिका तेजी से बदल रही है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय बड़ी दिलचस्पी से उसे देख रहा है और उससे बहुत बहुत उम्मीदें हैं। पिछले दशक ने लोगों को विश्वास दिला दिया है कि भारत एक आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में उभर रहा है और अब उसे विरोधी पड़ोसी दबा नहीं सकते हैं। भारत अब 'हजारों घाव' व आतंकी हमले सहन करने को तैयार नहीं है। राष्ट्रीय गौरव की नई भावना अब व्यावहारिक रूप से भारत के हर परिवार, उसके खेतों व मैदानों में देखी जा सकती है। उच्चस्तरीय शोध प्रयोगशालायें अब ऐसी खोजें कर रही हैं जिनका विस्तार कृत्रिम बुद्धि-एआई से लेकर अंतरिक्ष शोध तक है। भारत ने पूरे विश्वास व आत्मविश्वास के साथ परिवर्तन की गति तेज की है। हालांकि, उसे रास्ता ठीक करने तथा महात्मा गांधी को याद करने की आवश्यकता भी है।

मनु बहन द्वारा गांधीजी की नोआखाली यात्रा पर संग्रहीत सामग्री 'द लोनली पिलग्रिम' में गांधीजी के मूल विचारों को स्पष्ट किया गया है। गांधीजी ने कहा था, 'आजकल राष्ट्र की सेवा का अर्थ बड़ा नाम कमाना है। अनेक लोगों के अनुसार यह अखबारों व फोटोग्राफों में दिखना है या जेल यात्रा का लाभ उठा कर मंत्री पद प्राप्त करना है। इसलिए हर व्यक्ति शक्ति एकत्र करना चाहता है ताकि वह अंतत: मंत्री बन सके। लेकिन क्या अच्छे मंत्री भी बिना जनता के समर्थन के कोई उल्लेखनीय काम कर सकते हैं? हालांकि, देश को अन्य के साथ मंत्रियों की भी आवश्यकता है। लेकिन योग्य होने पर ही कोई व्यक्ति मंत्री हो सकता है।' गांधीजी ने इसी संदर्भ में 'स्वार्थ के प्रति लगाव' की बात करते हुए जोर दिया कि 'हमें स्वयं को इस प्रकार प्रशिक्षित करना चाहिए कि हम हमेशा राष्ट्र हित को सामने रखें।' इस प्रकार गांधीजी ने पहली बार मंत्रियों का संदर्भ दिया था। 18 सितंबर, 1938 को जब प्रांतीय सरकारें 'सत्ता' में केवल दस महीने रही थीं, चीजें ज्यादा अलग नहीं थीं।

महात्मा गांधी को एक नागरिक का पत्र मिला जिसमें संकेत किया गया था कि 'कांग्रेस मंत्रिपरिषद सार्वजनिक रूप से आपके आदर्शों की पूजा करते हैं, पर गोपनीय रूप से उसे तोड़ देते हैं। वे गोपनीय रूप से साम्राज्यवाद के प्रतीकों की पूजा करते हैं तथा सार्वजनिक रूप से उनकी निन्दा करते हैं। जब वे सच्चे व वैध तरीकों से अपने विरोधियों पर विजय नहीं प्राप्त कर पाते हैं तो उनके खिलाफ षडयंत्र करते हैं।' गांधीजी ने 'सबसे कटु हिस्सों को हल्का कर' इसे संक्षिप्त किया था। पत्र लेखक ने एक ऐसा वाक्य लिखा था जो आज 85 साल बाद भी भविष्यवाणी की तरह लगता है, 'जनता की सरकार खैरातों के वादों के सामान्य तर्क तथा उम्मीदों से मतदाताओं को भ्रष्ट करने के माध्यम से नहीं चलाई जा सकती है।' इससे मिलने वाला सबक स्पष्ट है कि सत्ता की सुगंध मिलते ही अनेक मंत्री अच्छी सरकार के नैतिक आधार को हिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। इस खास मामले में पत्र लेखक को आश्चर्य था कि गांधीजी की 'आत्मा ऐसे हानिकारक मंत्रिमंडलों से आहत क्यों नहीं होती है जिनके गठन की नैतिक जिम्मेदारी पूरी तरह आपकी है।'

स्वतंत्रता के सात दशक बाद आज भारत में सेवारत मंत्रियों की तुलना में पूर्व-मंत्रियों की संख्या अधिक है। कुछ अपवादों को छोड़ कर सत्ता का स्वाद अत्यधिक नशीला सिद्ध हुआ है। हमारे यहां ऐसे 'लोक-सेवक' हैं जिन्होंने महात्मा गांधी के नाम पर शपथ ली, पर उन्होंने ऐसे तरीकों से भारी संपदा एकत्र की जिसकी कल्पना सबसे अच्छे अर्थशास्त्री भी नहीं कर सकते हैं। लोगों ने राजनेताओं के निर्वाचित प्रतिनिधि, मंत्री और मुख्यमंत्री बनने के बाद उनकी संपदा में असाधारण वृद्धि व उसका प्रदर्शन देखा है। वास्तव में इसने ग्राम पंचायतों के 'पंचों' और 'सरपंचों' को भी रास्ता दिखा दिया है और उनमें से अधिकांश पैसे के मामलों में अच्छे छात्र व कुशल प्रबंधक बन गए हैं। ऐसे में देश के समक्ष मुद्दा यह है कि निर्वाचित प्रतिनिधि उन लोगों में अपनी विश्वसनीयता कैसे खो देते हैं जो उनको चुन कर सत्ता तक पहुंचाते हैं? लोकतंत्र के साथ जैसा व्यवहार हो रहा है, उसका कच्चा चिट्ठा दिल्ली मेयर के हालिया चुनाव से स्पष्ट हुआ है। यह भारतीय लोकतंत्र में गौरव की अनुभूति करने वाले हर व्यक्ति के लिए झटके की तरह है। पूरा भारत इसका गवाह बना और पूरी दुनिया ने इसे देखा।

एक नागरिक के रूप में यह मेरे लिए शर्मनाक है। दु:ख की बात है कि ऐसे अनेक उदाहरण दिए जा सकते हैं जिनसे प्रतिनिधियों तथा उनके निर्वाचकों के बीच असंतोष स्पष्ट होता है। 12 मई, 1920 को गांधीजी ने कहा था, 'यदि मैं राजनीति में भाग लेता दिखता हूं तो इसका कारण केवल यह है कि आज राजनीति हमें चारों ओर से सांप की कुंडली की तरह घेरे है। मैं चाहे जितना प्रयास करूं, उससे मुक्ति नहीं पा सकता हूं। मुझे इस सांप से लड़ना होगा।' उन्होंने ऐसा किया और ऐसा माडल बनाया जिससे लोगों को स्वर मिला और एक अहिंसक दृष्टिकोण से न केवल भारत, बल्कि अन्य देशों को भी साम्राज्यवाद, जातीय व्यवस्था व रंगभेद की जंजीरें तोड़ने में सहायता मिली। एक शब्द में कहें तो गांधीजी ने लोगों को नैतिकता में विश्वास करना सिखाया।

7 सितंबर, 1920 को गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर ने इसे बहुत अच्छी तरह कहा था, 'हमें वह सारी नैतिक शक्ति चाहिए जिसका प्रतिनिधित्व महात्मा गांधी करते हैं और केवल वे ही अकेले दुनिया में इसका प्रतिनिधित्व कर सकते हैं।' उम्मीद थी कि हर भारतीय इस नैतिक बल को समझेगा, अंतर्निहित करेगा तथा उसका व्यवहार करेगा। स्पष्ट रूप से हर चरण पर जनता के प्रतिनिधियों से आशा की जाती है कि वे गांधीजी की विरासत के ध्वजवाहक होंगे। उनमें से प्रत्येक को आत्मावलोकन कर उस सीमा का विश्लेषण करना चाहिए कि वह राष्ट्रीय लक्ष्य, लोकतंत्र को मजबूत करने तथा 'पंक्ति के अंतिम व्यक्ति' की पीड़ा दूर करने में कितना योगदान कर सकता है। 75 वर्ष से अधिक आयु वाले भारतीयों ने राजनीतिक क्षेत्र में नैतिक व मानवीय मूल्यों का पतन देखा है जिसके परिणामस्वरूप आम जनता के बीच नेताओं, निर्वाचित प्रतिनिधियों तथा सत्तारूढ़ लोगों की विश्वसनीयता में व्यापक गिरावट आई है। इसका विपरीत प्रभाव लोकतंत्र की जड़ों, उसके संस्थानों तथा सर्वोपरि रूप से जनता व उसके सरोकारों पर पड़ा है। मंत्रियों को जेलों में जाना पड़ता है, पर उनको लगातार पद के सभी वेतन-भत्ते व विशेषाधिकार मिलते रहते हैं। लोकतंत्र में ऐसी स्थिति की कल्पना भी नहीं की जा सकती है।

ऐसे में भारत नैतिक आधार पर टी.टी. कृष्णामाचारी, के.डी. मालवीय व लाल बहादुर शास्त्री के इस्तीफों को कैसे भूल सकता है। वयोवृद्ध नागरिकों की पीढ़ी अक्सर याद करती है कि मुक्त व्यक्ति व स्वतंत्र देश के बारे में मोहनदास करमचंद गांधी की कितनी गहरी समझ थी। गांधीजी ने स्वीकार किया था कि ब्रिटिश संसद के सतही अध्ययन से वे सोचते थे कि जनता तक सारी सत्ता संसदों के माध्यम से पहुंचती है। लेकिन ऐसा नहीं था। उनको अनुभव हुआ, 'सच्चाई यह है कि शक्ति जनता में निहित होती है और किसी समय वह इसे अपने प्रतिनिधियों को दे सकती है। जनता से स्वतंत्र होकर संसदों की कोई शक्ति नहीं होती है।' उम्मीद करनी चाहिए कि निर्वाचित प्रतिनिधि समझेंगे कि उनकी शक्ति का स्रोत जनता है और सुनिश्चित करेंगे कि पवित्र सदनों में समुचित व समुचित सूचनाओं पर आधारित बहस व चर्चा हो। नैतिक परिदृश्य से जुड़ाव जन-प्रतिनिधियों की भूमिका को मजबूत करेगा तथा उनको जरूरतमंद लोगों की सेवा कर संतोष का अनुभव होगा।

# आम आदमी पार्टी की राजनीतिक यात्रा

"आम आदमी पार्टी का राजनीतिक सफर कई उतार-चढ़ावों के साथ नाटकीय रहा है।"

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार हैं)



जब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 2012 में अपनी आम आदमी पार्टी लॉन्च की और अगले साल सत्ता के लिए बोली लगाई, तो किसी ने नहीं सोचा था कि उन्हें राजनीतिक जगह मिलेगी और खुद को बनाए रखेंगे। एक दशक बाद, आज, वह एक एंग्री यंग मैन की स्व-प्रक्षेपित भूमिका से एक महत्वाकांक्षी युवा के रूप में बदल गया है, जिसके पास अपने और अपनी युवा पार्टी के लिए भव्य योजनाएँ हैं। दो राज्यों- दिल्ली और पंजाब- के साथ केजरीवाल 2024 के लोकसभा चुनावों में विपक्ष का नेतृत्व करना चाहते हैं। उनके तीन लक्ष्य हैं- अपनी पार्टी को ज्यादा से ज्यादा राज्यों में फैलाना। देश की सियासी बुलंदियों पर जगह पाएं। खुद को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के प्राथमिक चुनौतीकर्ता के रूप में स्थापित करें।

उनका आशावाद उनकी हालिया भविष्यवाणी में सामने आता है, समय बहुत शक्तिशाली है, दुनिया में कुछ भी स्थायी नहीं है। अगर कोई सोचता है कि वह हमेशा सत्ता में रहेगा, तो ऐसा नहीं होने वाला है। आज हम दिल्ली में सत्ता में हैं, और वे (भाजपा) केंद्र में सत्ता में हैं, कल ऐसा हो सकता है कि हम केंद्र में सत्ता में होंगे।

आप की राजनीतिक यात्रा में नाटकीय मोड़ और मोड़ देखे गए हैं। पार्टी मान्यता से परे हो गई है। इंडिया अगेंस्ट करप्शन आंदोलन से जन्मी आप ने 2013 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और बीजेपी को पटखनी दी थी. 49 दिनों के बाद, उन्होंने मुख्यमंत्री पद छोड़ दिया, केवल 2015 और 2021 में लौटने के लिए। आप के पास कोई लोकसभा सांसद नहीं है, लेकिन राज्यसभा में 10 सदस्य हैं। यह दो राज्यों, दिल्ली और पंजाब में सत्ता को नियंत्रित करने वाली कांग्रेस और भाजपा के अलावा एकमात्र पार्टी है।

दिल्ली में 2019 के संसदीय चुनावों में पार्टी बुरी तरह हार गई। एक अन्य स्तर पर, आप को झटका लगा क्योंकि वह हरियाणा, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के विधानसभा चुनावों में एक प्रतिशत भी वोट नहीं जुटा सकी। लेकिन पिछले साल पंजाब में भारी जीत ने लोगों की खुशी वापस ला दी।

पिछले साल के गुजरात चुनावों के बाद, आप फिर से राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल कर रही है। यह नौवीं राष्ट्रीय पार्टी है। आप की तुलना में, समाजवादी पार्टी, जद (यू), तेलुगु देशम, राष्ट्रीय जनता दल और भारतीय राष्ट्र समिति अपने क्षेत्र से आगे नहीं बढ़ सके। एनसीपी, टीएमसी, सीपीआई और बीएसपी जैसी पार्टियों को मान्यता रद्द करने का सामना करना पड़ता है। कई अन्य विपक्षी दलों की तरह, आप को भी केंद्र से चुटकी का सामना करना पड़ा। इनसे पार्टी का मनोबल गिरा है और भय का परिसर बना है। पक्ष-विपक्ष पर विचार करने के बाद, आप प्रमुख ने अपने दो मंत्रियों, सिसोदिया और सत्येंद्र जैन की हालिया गिरफ्तारी के बाद, विशेष रूप से भाजपा को आगे बढ़ाने का फैसला किया है। उदाहरण के लिए, दो प्रतिद्वंद्वियों-आप और कांग्रेस के बीच आपसी बेचैनी के बावजूद- केजरीवाल ने हाल ही में अदालत के फैसले और लोकसभा से कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अयोग्यता के बाद भाजपा की आलोचना की। आप प्रमुख ने मोदी पर सबसे भ्रष्ट प्रधानमंत्री होने का आरोप लगाया। उन्होंने उद्योगपति गौतम अडानी के साथ कथित निकटता के लिए प्रधान मंत्री की आलोचना की और पिछले सत्र में संयुक्त संसदीय जांच की उनकी मांग में विपक्ष में शामिल हो गए। उन्होंने मोदी की शैक्षिक योग्यता पर सवाल उठाया है और पूछा है कि क्या उनकी डिग्री फर्जी है। इससे एक दिन पहले गुजरात हाई कोर्ट ने केजरीवाल पर जुर्माना लगाया था और फैसला सुनाया था कि पीएम की डिग्री का विवरण अनावश्यक था।

केजरीवाल अपने दिल्ली मॉडल के बारे में बात करके शेरों की मांद गुजरात गए थे। पिछले साल के विधानसभा चुनावों के दौरान। मोदी अपने गुजरात मॉडल का प्रचार करके सत्ता में आए। केजरीवाल 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले मोदी को चुनौती देने के लिए खुले तौर पर अन्य विपक्षी नेताओं में शामिल हो गए हैं।

केजरीवाल के अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने से पहले कई अगर और लेकिन हैं। आप रोजी-रोटी के मुद्दों और आम आदमी से जुड़े मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर रही है। केजरीवाल हिंदू मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए नरम हिंदुत्व का खेल खेलते हैं। वह मुफ्त की पेशकश कर मतदाताओं को जीतना चाहते हैं।

सफल होने के लिए, केजरीवाल को अपनी पार्टी का निर्माण करना चाहिए और अपने दिल्ली मॉडल को सफलतापूर्वक बेचना चाहिए। कई कारक मतदाताओं को प्रभावित करते हैं, जिनमें जमीनी संगठन, भाजपा विरोधी भावना, एक विश्वसनीय स्थानीय चेहरा और दिल्ली मॉडल को लागू करने की क्षमता शामिल है। दूसरे, केजरीवाल को जरूरत है दूसरी पंक्ति के राज्य के नेताओं का निर्माण करने के लिए पिछले एक दशक में पार्टी के संस्थापक सदस्य, जैसे कि प्रशांत भूषण, योगेंद्र यादव, शाज़िया इल्मी, कुमार विश्वास और आशुतोष, और नागरिक समाज के सदस्यों ने केजरीवाल की मनमानी का विरोध करते हुए पार्टी छोड़ दी। 2022 के विधानसभा चुनाव में, कम से कम 11 विधायकों ने या तो पार्टी छोड़ दी या उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया।

तीसरा, उसने अपने चारों ओर एक व्यक्तित्व पंथ बना लिया है, और सभी शक्तियां उसी पर केंद्रित हैं। उसे पूरी तरह से खुद पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय शक्ति साझा करना सीखना चाहिए। चौथा विपक्षी नेताओं के साथ दोस्ती करना और कांग्रेस के साथ संबंध बनाना है। 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले 2023 सभी पार्टियों के लिए ट्रायल रन होगा, लेकिन आप के लिए तो और भी ज्यादा। आखिरकार, जीत या हार उनकी चुनावी गणना और मतदाताओं की प्रतिक्रियाओं पर निर्भर करती है।

## आप की बात

### पाकिस्तान में अल्पसंख्यक

**यह** खबरें हमेशा ही आती रही है कि पाकिस्तान में हिंदू सिख एवं ईसाई अल्पसंख्यक बच्चियों का धर्म परिवर्तन करा कर उनकी मुस्लिमों से शादी करा दी जाती है। हिंदू लड़कियों को गायब कर उनकी शादियां मुस्लिमों से कराने के लिए कई गैंग काम कर रहे हैं। ऐसे लोगों में मौलवी मिट्ठू मियां भी कुख्यात हैं। इन्होंने हजारों हिंदू, सिख एवं ईसाई लड़कियों का विवाह इनके मां बाप को डरा धमका मुस्लिमों से करा दिया है। पाकिस्तान अपने ही देश के अल्पसंख्यकों की किसी भी तरह से सुरक्षा नहीं कर पा रहा है वहां के सिंध प्रांत में सर्वाधिक संख्या में हिंदू आबादी 1947 के समय रहती थी परंतु आज उनकी संख्या लगभग शून्य हो गई है। आज बलूचिस्तान में भी अल्पसंख्यक सुरक्षित नहीं है। बलूचिस्तान के एक हिंदू सांसद दिनेश कुमार ने आज इस विषय को संसद में उठाकर अपनी जाति पर हो रहे अत्याचार तथा सौतेले व्यवहार को दूर करने की मांग की है। हिंदू महिलाओं व बेटियों की व्यथा बताते-बताते दिनेश कुमार संसद में रोने भी लगे थे। अत: संयुक्त राष्ट्रसंघ को उनकी बात का संज्ञान लेकर पाकिस्तान पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई अवश्य करनी चाहिए। भारत सरकार को भी विश्व जनमत बनाने में सहयोग देना चाहिए।

– **राज शाजापुरी,** शाजापुर

### आईएमएफ का अनुमान

**अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष** यानी आईएमएफ के नवीनतम आकलन के अनुसार विश्व अर्थव्यवस्था का वैश्विक विकास अगले पांच वर्षों में लगभग 3 प्रतिशत रहेगा। 1990 के बाद से यह सबसे कम मध्यम अवधि के विकास का अनुमान है। वैश्विक अर्थव्यवस्था की सुस्त गति को फ़िलहाल टालना असंभव जान पड़ रहा है। आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने कहा कि पिछले साल कोविड महामारी के बाद के झटकों और यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के बाद विश्व अर्थव्यवस्था में धीमा विकास 2023 में भी जारी रहेगा और अगले पांच वर्षों तक इसके बने रहने की संभावना है। इस दरम्यान बैंकिंग सेक्टर को अलग से खतरे का सामना करना पड़ सकता है। बैंकों द्वारा वसूली जा रही उच्च ब्याज दरों के बावजूद दुनिया भर के बैंकों की आर्थिक स्थिति का ख़राब होते जाना समस्त अर्थव्यवस्था की चिंता का सबब है। हालांकि आईएमएफ ने कहा है कि फिलहाल आर्थिक मंदी की संभावना नहीं है। यही एक आशा की किरण है। खुशी की बात यह भी है कि भारत की अर्थव्यवस्था सबसे तेज गति से बढ़ने वाले देशों में शामिल है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### पेंशन योजना

**पुरानी पेंशन योजना** का मुद्दा एक बार सुर्खियों में है। हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के द्वारा अपने घोषणापत्र में पुरानी पेंशन को लागू करने का वादा और चुनाव जीतने के बाद इसे लागू करने से देश के सभी राजनीतिक दल संभावना की तलाश रहे कि इस मुद्दे पर वोटों की राजनीति की जा सकती है। केंद्र सरकार के द्वारा नई पेंशन स्कीम को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए एक समिति का गठन इस बात का संकेत है कि नई पेंशन योजना को आकर्षक बनाने का मन केंद्र सरकार बना चुकी है जो एक स्वागत योग्य कदम है। समाचार चैनलों पर लगातार की जा रही डिबेट में भी सत्तारूढ़ दल के प्रवक्ताओं द्वारा ऐसे संकेत दिए जा रहे हैं कि नई योजना में कर्मचारियों को हितों की अनदेखी न हो। आने वाले कर्नाटक, तेलंगाना के अलावा छत्तीसगढ़, राजस्थान व मध्य प्रदेश के चुनाव में सभी राजनीतिक दलों के लिए यह बड़ा चुनावी मुद्दा होने वाला है। वैसे तो सभी प्रकार के कर्मचारियों व संविदा कर्मियों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिलना चाहिए, पर इसके साथ ही यह ध्यान देना जरूरी है कि सरकारी खजाना खाली न हो जाए तथा सेवायोजक हतोत्साहित न हों।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

### मोदी की डिग्री

**माना** कि व्यक्ति के पास शैक्षणिक डिग्री होनी चाहिए। डिग्री का महत्व जीवन में जरुरी अवश्य है किन्तु उसके साथ ही अपनी प्रतिभा अपनी कुशलता से ही निर्मित होती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री को लेकर विपक्षी अनेक सवाल-जवाब कर रहे हैं। पहले कहा उनके पास डिग्री नहीं है फिर कहा है तो वो असली नहीं है। इस पर वयोवृद्ध राजनेता राकांपा सुप्रीमो शरद पवार ने कहा कि डिग्री का महत्व है किन्तु प्रतिभाएं अपने कार्यों से पहचानी जाती हैं। आज जो मुकाम मोदी ने पाया है वह उनकी मेहनत का परिणाम है। विपक्षियों को आईना बताते हुए उन्होंने यह भी कहा कि राजनीति हो या अन्य कोई क्षेत्र डिग्री के साथ ही व्यक्ति की कार्यक्षमता भी मायने रखती है जिसके चलते वो आगे बढ़ता है। अत: विपक्ष व्यर्थ के या हास्याप्रद मुद्दों की बजाय ठोस और जनहित व देशहित के मुद्दे पर अपनी शक्ति का प्रदर्शन करे तो उसे जनता का आशीर्वाद मिल सकता है। फालतू मुद्दों पर अपनी शक्ति जाया करने से उलटे वे जनता की नजर में गिरते ही जाएंगे। मोदी का कद अब बहुत बड़ा हो गया है।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
पर भी भेज सकते है।

# अधिक से अधिक किसानों को दिलाएं पीएम कुसुम योजना का लाभः सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सीएम** योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को राज्य स्तरीय सलाहकार समिति और उच्चस्तरीय टीम-9 के साथ प्रधानमंत्री कुसुम योजना की प्रदेश स्तरीय स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने किसानों से गेहूं खरीद करने पर जल्द भुगतान कराने के निर्देश अधिकारियों का दिए। इसके साथ ही अधिकारियों को किसान हित में पीएम कुसुम योजना को लेकर किसानों को प्रोत्साहित कर लाभ दिलाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



योगी ने कहा कि प्रदेश में जारी गेहूं खरीद प्रक्रिया के तहत अब तक 19 हजार मीट्रिक टन गेहूं क्रय किया जा चुका है। खरीद के बाद किसानों को भुगतान में कतई देरी न हो। तय समय के भीतर किसानों के बैंक खाते में गेहूं मूल्य का भुगतान कर दिया जाए। क्रय केंद्रों पर किसानों की जरूरतों का भी ध्यान रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामित्व, घरौनी और वरासत जैसे कार्यक्रमों ने आमजनमानस को बड़ी सुविधा प्रदान करने में सफलता प्राप्त की है। इनकी अद्यतन स्थिति की समीक्षा की जाए। अब तक 60 लाख से अधिक ग्रामीणों को घरौनी प्रदान की जा चुकी है। ड्रोन सर्वेक्षण के कार्य भी पूरा हो चुका है। हमारा लक्ष्य हो कि इस वर्ष के अंत तक सभी पात्र ग्रामीणों को उनके घरों का मालिकाना हक देने वाला प्रमाण पत्र घरौनी मिल जाए। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भविष्य की जरूरतों के दृष्टिगत नवीकरणीय ऊर्जा विकल्पों को प्रोत्साहित करते हुए प्रधानमंत्री की प्रेरणा से प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम) योजना, संचालित हो रही है।

पीएम कुसुम योजना किसानों को अपनी भूमि पर स्थापित सौर ऊर्जा परियोजनाओं के माध्यम से स्वयं के लिए बिजली उत्पादन करने और ग्रिड को बिजली बेचने का विकल्प प्रदान करते हुए अतिरिक्त आय अर्जित करने का अवसर देती है। इस योजना को लेकर किसानों में उत्साह है। अधिकाधिक किसानों को इस योजना का लाभ दिलाया जाए।

## निकाय चुनाव में हैंडपंप चुनाव चिन्ह पर ही लड़ेगी रालोद

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल पार्टी के लिए राहत भरी खबर है। पार्टी यूपी के नगर निकाय चुनाव में हैंडपंप चुनाव चिन्ह पर ही लड़ सकेगी। राष्ट्रीय लोकदल के प्रवक्ता अनिल दुबे ने बताया कि यूपी में होने जा रहे नगर निकाय चुनाव में राष्ट्रीय लोकदल के उम्मीदवार हैंडपंप चुनाव चिन्ह पर ही चुनाव लड़ेंगे। राज्य निर्वाचन आयोग में राष्ट्रीय लोकदल मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के रूप में पंजीकृत है और राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा कोई भी रिव्यू नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि रालोद का राज्य स्तरीय दल का दर्जा वापस लिए जाने के बाद मंगलवार को पार्टी अध्यक्ष जयंत चौधरी ने उत्तर प्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र लिखकर मांग की थी कि प्रदेश के आगामी स्थानीय नगरीय निकाय चुनावों में उनके उम्मीदवारों को पार्टी का चुनाव चिह्न हैंडपंप ही आवंटित किया जाए। रालोद प्रवक्ता अनिल दुबे ने इस बारे में बताया कि पार्टी ने औपचारिक रूप से राज्य चुनाव आयोग में अपना मामला रखा था, जिसमें पार्टी प्रमुख जयंत चौधरी की इच्छानुसार हैंडपंप चुनाव चिन्ह का आग्रह किया गया था। उन्होंने कहा कि रालोद का हैंडपंप राज्य चुनाव आयोग में पंजीकृत चुनाव चिन्ह है। रालोद के चुनाव चिन्ह हैंडपंप को लेकर कोई संदेह नहीं है। दुबे ने यह भी कहा कि वह आगामी नगरीय निकाय चुनाव समाजवादी पार्टी (सपा) के साथ मिलकर लड़ेंगे और पार्टी जल्द ही उम्मीदवारों के नामों की घोषणा करेगी।

## सर्वाधिक नल कनेक्शन देने वाले राज्यों में नम्बर एक बनेगा यूपीः स्वतंत्र देव सिंह

● तीन जिलों के अफसरों को जल्द ही सम्मानित करेंगे जल शक्ति मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश के 22 जिलों में नल कनेक्शन देने का आंकड़ा 50 फीसदी के पार होने पर जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अफसरों को बधाई दी है। अफसरों की तारीफ करते हुए जल शक्ति मंत्री ने कहा कि जिस गति से प्रदेश में हर घर जल योजना से ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल पहुंचाया जा रहा है, वह संकेत है कि आने वाले समय में उत्तर प्रदेशए देश में सर्वाधिक नल कनेक्शन देने वाले राज्यों में नम्बर एक पर होगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना को योगी सरकार तेजी से पूरा कराने में जुटी है। ग्रामीणों को हर घर नल पहुंचाने की मुहिम जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ रही है। विभाग के अफसरों के साथ फील्ड पर काम कर रहे अधिकारी भी योजना का लाभ जन-जन को दिलाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहे हैं।जल शक्ति मंत्री ने योजना के बेहतर क्रियान्वयन और फील्ड पर योजना को जमीन पर उतारने वाले अफसरों, इंजीनियरों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द समारोह आयोजित कर सर्वाधिक नल कनेक्शन देने वाले जिलों में पहले स्थान प्राप्त करने वाले महोबा, दूसरे स्थान पर ललितपुर और तीसरे स्थान पर पहुंचे बागपत के अफसरों और इंजीनियरों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड और विंध्य के अधिकतर जिलों में नल कनेक्शन प्रदान करने का लक्ष्य अंतिम पायदान के करीब पहुंच चुका है। यह पहला मौका है जब सरकारी योजनाओं से वंचित बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र के ग्रामीणों को नल से जल पहुंचने लगा है। उन्होंने कहा कि वाराणसी, गोरखपुर, देवरिया समेत प्रदेश के दो दर्जन जिलों में भी योजना रफ्तार से आगे बढ़ रही है।

## निकाय चुनाव में अल्पसंख्यक समाज के लोगों को भी टिकट देगी भाजपाः दानिश

● नगर पालिकाओं में जनसंपर्क अभियान शुरू करेगा अल्पसंख्यक मोर्चा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय पर नगर निकाय चुनाव के संबंध में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने प्रदेश पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक समाज के लोगों को भी टिकट देने के विचार में है। अल्पसंख्यक बाहुल्य सीटों पर पार्टी टिकट भी देगी। उन्होंने अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं को निकाय चुनाव में मजबूती से लगने का आवाहन किया। दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि खास तौर पर अल्पसंख्यक बाहुल्य नगर पालिका और नगर पंचायतों में विशेष जनसंपर्क अभियान कर अल्पसंख्यक समाज के बीच में सरकार की कल्याणकारी योजनाएं पहुंचायें। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने बुनकरों को विद्युत मूल्य पर फ्लैट बिजली देने की घोषणा की है। इस बारे में भी ज्यादा से ज्यादा जन जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है। बैठक में विभिन्न निगम, बोर्ड व अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन व सदस्यगण भी मौजूद रहे।

## सुभासपा ने अकेले दम पर निकाय चुनाव लड़ने की बनाई रणनीति

● प्रथम चरण में लखनऊ सहित पांच शहरों के लिए घोषित किए मेयर प्रत्याशी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सुहेलदेव** भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने बुधवार को निकाय चुनाव का बिगुल फूंक दिया। अपनी पार्टी की चुनावी रणनीति को लेकर बोले कि हमारी भी निकाय चुनाव को लेकर तैयारी पूरी हो चुकी हैं और वह अकेले दम पर निकाय चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने प्रथम चरण के पार्टी उम्मीदवारों के नामों की सूची जारी की।

सुभासपा अध्यक्ष ने बताया कि उनकी पार्टी नगर निकाय चुनाव में पूरे दमखम के साथ लड़ेगी। इसके तहत पहले चरण में पांच नगर निगमों, 117 नगर पंचायतों और 87 नगर पालिका अध्यक्ष पद पर पार्टी उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने बताया कि लखनऊ से अलका पांडेय, महेश प्रजापति प्रयागराज, गाजियाबाद से दयाराम भार्गव, कानपुर में रमेश राजभर, वाराणसी से आनंद तिवारी को मेयर उम्मीदवार बनाया गया है। राजभर ने बताया कि उनकी पार्टी के उम्मीदवार नाली, सड़क, खड़ंजा, साफ-सफाई, पेयजल के मुद्दे पर जनता के बीच जाएंगे। इसके साथ ही नगर निकाय से जुड़ी सुविधाओं और राहत दिलाए जाने पर जोर दिया जाएगा। सुभासपा अध्यक्ष ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में बिजली जैसे मुद्दे के साथ चुनाव लड़ेंगे। घरेलू बिजली बिल माफी का मुद्दा प्रमुख होगा। उन्होंने कहा कि पंजाब-दिल्ली में अगर बिजली माफ है तो यूपी में भी ऐसा हो सकता है। यूपी में भी केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा हो। निकाय चुनाव से पहले ओम प्रकाश राजभर की पार्टी ने समाजवादी पार्टी सपा व बहुजन समाज पार्टी में सेंधमारी की है।

## राज्य निर्वाचन आयोग ने इस बार मतदान का समय डेढ़ घंटे बढ़ाया

● कोरोना व गर्मी को ध्यान में रखते हुए सुबह सात से शाम छह बजे तक होगा मतदान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नगर** निकाय चुनाव में इस बार मतदाताओं को वोट डालने के लिए 11 घंटे का समय मिलेगा। कोरोना को लेकर सतर्कता रखते हुए राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदान का समय डेढ़ घंटे बढ़ा दिया है। अधिकारियों के अनुसार कोरोना गाइडलाइन के अनुपालन और अधिक मतदान को देखते हुए यह आदेश हुआ है। मौसम का भी आयोग ने ध्यान रखा है। आयोग ने इस बार सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक अर्थात कुल 11 घंटे के मतदान की व्यवस्था की है। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने चुनाव की अधिसूचना में कहा है कि सभी जिलों को कोविड की स्थिति को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग के गाइडलाइन का पालन करना है। सामान्य निर्वाचन की प्रक्रिया के दौरान पांच सूत्री रणनीति टेस्ट-ट्रैक-ट्रीट-टीकाकरण और कोविड उपयुक्त व्यवहार का पालन करना होगा। जिला प्रशासन को लगातार कोविड की स्थिति की निगरानी करनी होगी। आयोग ने इस बार सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक अर्थात कुल 11 घंटे के मतदान की व्यवस्था की है। पहली बार इतना लंबा समय मतदान के लिए रखा गया है। वर्ष 2017 में मेरठ और आसपास 22 नवंबर को निकाय चुनाव हुआ था। तब आयोग ने मौसम और तात्कालिक स्थिति को देखते हुए सुबह 7.30 बजे से शाम पांच बजे तक मतदान का समय निर्धारित किया था। इस तरह 2017 में कुल 9.30 घंटे का मतदान का समय निर्धारित था। भीषण गर्मी में चुनाव होने के कारण राज्य निर्वाचन आयोग का फोकस मतदान प्रतिशत को बढ़ाने पर है। माना जा रहा है कि गर्मी के दिनों में मतदान सुबह अथवा शाम में अधिक होता हैं।

## उप्र में बड़े पैमाने पर बनेंगे इलेक्ट्रिकल व्हीकल्स के चार्जिंग स्टेशन

● नगर विकास विभाग ने ईवी चार्जिंग सुविधाओं के विकास के लिए कसी कमर

● इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्लान को 17 नगर निगमों में विस्तारित किए जाने की बनी कार्ययोजना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश को इलेक्ट्रिकल व्हीकल्स के क्षेत्र में लीडर बनाने के लिए योगी सरकार ने ईवी नीति के तहत कार्यवाही शुरू कर दी है। सरकार का उद्देश्य सिर्फईवी मैन्युफैक्चरिंग को ही बढ़ावा देना नहीं है, बल्कि ईवी का इस्तेमाल कर रहे नागरिकों को समुचित चार्जिंग की सुविधा मिल सके, इस दिशा में भी सरकार गंभीरता से प्रयास कर रही है। इसी क्रम में राज्य सरकार ने ईवी चार्जिंग स्टेशन की स्थापना को लेकर नीति के प्रावधानों के अनुसार नगर विकास विभाग को इसकी जिम्मेदारी सौंपी है। नगर विकास विभाग ने प्रदेश में चार्जिंग सुविधाओं के लिए सेवा प्रदाताओं की भूमि आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ ही इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्लान (सीईएमपी) को स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत 17 नगर निगम वाले शहरों में भी जल्द से जल्द विस्तारित किए जाने की कार्यवाही शुरू कर दी है। वहीं चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के फास्ट ट्रैक डेवलपमेंट के लिए नगर विकास विभाग के नेतृत्व में कार्यकारी समूह का भी गठन कर लिया गया है।

नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार ईवी नीति के अधीन नोडल संस्था इन्वेस्ट यूपी द्वारा स्वीकृत चार्जिंग स्टेशनों के लिए नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। ईवी नीति के अनुसार चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए सरकारी संस्थाओं को भूमि 10 वर्ष की अवधि के लिए पट्टे या लीज पर उपलब्ध कराई जाएगी। चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के लिए विद्युत मंत्रालय के मानकों के अनुसार निर्धारित रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल इसका आधार होगा। पट्टा अवधिए रेवेन्यू शेयरिंग रेट एवं अन्य निर्धारित मानकों को समय-समय पर अपडेट किया जाएगा। इसी तरह चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए निजी संस्थाओं को भूमि समान रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल के माध्यम से 10 वर्ष की अवधि के लिए पट्टे पर प्रदान की जाएगी। ऐसी संस्थाओं का चयन सेवा शुल्क को बिडिंग पैरामीटर रखते हुए निविदा आमंत्रित करते हुए न्यूनतम सेवा शुल्क के आधार पर किया जाएगा, जिससे उपभोक्ताओं को न्यूनतम चार्जिंग शुल्क देना होगा। ऐसी निजी संस्थाओं को विद्युत मंत्रालय व आवास और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा समय-समय पर अधिसूचित अन्य दिशा-निर्देशों का पालन करना आवश्यक होगा।

### स्मार्ट सिटी मिशन से भी जुड़ेगी परियोजना

**राज्य** सरकार लखनऊ के लिए व्यापक इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्लान (सीईएमपी) तैयार करने में नीति आयोग एवं एशियन डेवलपमेंट बैंक के साथ समन्वय कर रही है। इस योजना को स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत चयनित समस्त 17 नगर निगम वाले शहरों में जल्द से जल्द विस्तारित किया जाएगा, जिसे भविष्य के चरणों में अन्य नगरों में भी विस्तारित किया जाएगा। इसमें परिवहन प्रणाली में परिवर्तन करते हुए चार्जिंग सुविधाओं के विकास के लिए रणनीतिक मार्गों को चिन्हित किया जाएगा। वहीं इस प्लान के माध्यम से नगरीय स्थानीय निकाय व अन्य सरकारी संस्थाओं को चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के लिए स्थानों एवं भूमि पार्सलों को नियोजित रूप से चिन्हित करने में सरलता होगी। सीईएमपी के अंतर्गत एक पोर्टल भी विकसित किया जाएगा, जिसमें समस्त नगरों में ईवी एडॉप्शन के सभी पहलुओं जैसे चार्जिंग स्टेशनों के स्थलए हरित मार्ग इत्यादि के संबंध में सूचना उपलब्ध होगी। भविष्य में पीएम गति शक्ति योजना से इसका एकीकरण किया जा सकेगा।

## ढाई लाख का ईनामी अपराधी आदित्य राणा मुठभेड़ में ढेर

**लखनऊ।** बिजनौर पुलिस ने ढाई लाख के ईनामी अपराधी आदित्य राणा को बीती देर रात मुठभेड़ में मारा गिराया। स्पेशल डीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान स्योहारा थाना प्रभारी राजीव चौधरी समेत 5 पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। राणा 2022 में पुलिस कस्टडी से फरार हो गया था। बिजनौर के स्योहारा थाना क्षेत्र के बुढ़नपुर मार्ग पर रात करीब दो बजे आदित्य राणा और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में आदित्य राणा समेत आधा दर्जन पुलिसकर्मी घायल हो गए। सभी को सीएचसी स्योहारा इलाज के लिए लाया गया जहां आदित्य राणा की डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। डीजीपी मुख्यालय के अनुसार बिजनौर के राना नंगला के रहने वाले आदित्य पर हत्या, लूट सहित 40 से ज्यादा मुकदमे दर्ज थे। अगस्त 2022 में शिवाला कलां थाने में दर्ज मामले की सुनवाई के लिए पुलिस आदित्य को लखनऊ जेल से बिजनौर लाई थी। लौटते समय शाहजांपुर में एक ढाबे से पुलिस को चकमा देकर आदित राणा फरार हो गया था।

## फोरेंसिंक साइंस इंस्टीट्यूट में जुलाई से प्रवेश परीक्षा से मिलेगा दाखिला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ** में उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फोरेंसिक साइंसेज अब बनकर लगभग तैयार हो चुका है। इसी साल जुलाई से इस इंस्टीट्यूट में प्रवेश शुरू हो जाएंगे। यह उत्तर प्रदेश का पहला फॉरेंसिक साइंस इंस्टीट्यूट होगा। यूजी व पीजी स्तर के पांच कोर्स शुरू में इंटर पास विद्यार्थियों के लिए होंगे। चयन लिखित परीक्षा के जरिए किया जायेगा। चार साल में आनर्स की डिग्री और पांच वर्ष में पीजी की डिग्री दी जाएगी। इसके अलावा भी कई तरह के कोर्स उपलब्ध रहेंगे। एडीजी डॉ. जीके गोस्वामी इस संस्थान के पहले डायरेक्टर बनाए गए हैं। इनके अधीन आईजी स्तर के दो अधिकारी एडीशनल डायरेक्टर के पद पर तैनात होंगे।

अमौसी में कानपुर रोड के पास करीब 400 करोड़ रुपए की लागत से यह संस्थान बनाया गया है। इसका भूमि पूजन गृहमंत्री अमित शाह ने किया था। हर कोर्स में विद्यार्थियों की संख्या 40 रहेगी। पहले से गांधीनगर में चल रही नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी की तरह यहां पढ़ाई होगी। विद्यार्थियों के लिये पांच साल का पाठ्यक्रम तैयार किया गया है। अगर कोई विद्यार्थी एक साल की ही पढ़ाई करता है तो उसे सर्टिफिकेट कोर्स माना जायेगा। दो साल की पढ़ाई करने पर डिप्लोमा, तीन साल की पढ़ाई पर साधारण स्नातक, चार साल की पढ़ाई पर स्नातक डिग्री आनर्स और पांच साल की पढ़ाई पर मास्टर डिग्री प्रदान की जायेगी। इसमें यूजीसी की ही गाइडलाइन होंगी।

डायरेक्टर डॉ. जीके गोस्वामी ने बताया कि इसमें कई तरह के पाठ्यक्रम रखे गए हैं। ये सभी रोजगार परक होंगे। यही वजह है कि शुरु में सीटें कम रखी गई है। प्रदेश का सिर्फ फॉरेंसिक साइंस की पढ़ाई वाला यह पहला संस्थान है। रोजगार के लिये ही कई बड़ी कम्पनियों से बात की जा रही है। साथ ही यह भी कोशिश की जा रही है कि पुलिस महकमे में सिपाही व सब इंस्पेक्टर की भर्ती में फॉरेंसिक साइंस की डिग्री होने पर अभ्यर्थियों को कुछ छूट भी दी जाये। इसका सबसे ज्यादा इस्तेमाल पुलिस विभाग और लीगल सेल में होना है।

## भाजपा सरकार में किसानों को सिर्फ धोखा मिलाः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में किसानों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इस सरकार में किसानों को सिर्फ धोखा मिल रहा है। बेमौसम बरसात ओर ओलावृष्टि से प्रदेश भर में किसानों को गेंहू, सरसों, चना समेत अन्य फसलों का भारी नुकसान हुआ। गेंहू की पैदावार घटी साथ ही गुणवत्ता भी प्रभावित हुई। जिससे गेंहू खरीद में मुश्किल आ रही है। सरकार ने अभी तक बदले हालात में गेंहू खरीद को लेकर कोई दिशा-निर्देश नहीं जारी किया। किसान परेशान है। एक तरफ मौसम के कारण नुकसान दूसरी तरफ सरकार की अनदेखी से किसान दर-दर भटकने पर मजबूर है। यादव ने कहा कि बारिश, ओलावृष्टि और फसल नष्ट होने का सदमा किसान बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। सिर्फ बुन्देलखण्ड के जिलों में आधा दर्जन से ज्यादा किसान आत्महत्या कर चुके हैं। 8 अप्रैल 2023 को ललितपुर के किसान विक्रम लोधी ने फसल की उपज कम होने और बैंक तथा साहूकारों के कर्ज से परेशान होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। 7 अप्रैल 2023 को ताल बेहट के किसान



कृपाल ने फसल नुकसान होने से जहर खा लिया। इसी तरह से कई अन्य किसान आत्महत्या कर चुके हैं या सदमे से मौत के मुंह में जा रहे हैं। भाजपा सरकार किसानों की मदद के बजाय कागजी खानापूर्ति और हवाई घोषणाएं कर झूठी दिलासा दे रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार हर कदम पर किसानों को धोखा दे रही है।

सरकार ने पहले तो गन्ना मूल्य नहीं बढ़ाया। फिर गन्ना किसानों का पूरा भुगतान नहीं कराया। आज भी गन्ना किसानों का हजारों करोड़ रुपया चीनी मिलों पर बकाया है। सरकार की उपेक्षा से गन्ना किसान संकट में है। आलू किसान भी बर्बाद हो गया। आलू किसानों को उनकी फसल की सही कीमत नहीं मिली। अब गेहूं किसान भटकने पर मजबूर है। भाजपा सरकार की गलत नीतियों से किसान कर्ज में डूबता जा रहा है।

## बम रखने के आरोप में नक्सलियों को सजा

**लखनऊ (विसं)।** विस्फोटक पदार्थ रखने के आरोप में दोषी करार दिए गए नक्सली सुरेश चेरो व राममूरत चेरो को विशेष अदालत ने दो वर्ष की सजा सुनाई है। एनआईए/एटीएस के विशेष जज विवेकानन्द शरण त्रिपाठी ने इन पर दो हजार का जुर्माना भी लगाया है। सरकारी वकील ललित किशोर दीक्षित के मुताबिक यह दोनो सोनभद्र के रहने वाले हैं। 16 जून 2008 को सोनभद्र पुलिस ने इन्हें अमवाफाटी घाटी के पास गिरफ्तार किया था। इनके पास से 18 अदद विस्फोटक पावर जेल व 44 अदद डोटोनेटर तार के साथ बरामद हुआ था। इस मामले की एफआईआर थाना मांची में दर्ज हुई थी। 18 फरवरी 2022 को हाईकोर्ट के आदेश से इस मामले का विचारण सोनभद्र की जिला अदालत से स्थानांतरित होकर लखनऊ की विशेष अदालत को सौंप दी गई थी।

## कल से 20 अप्रैल तक सभी जिलों में मनाया जाएगा अग्नि सुरक्षा सप्ताह

● शिक्षा संस्थानों में अग्नि सुरक्षा से संबंधित निबन्ध, चित्रकला एवं व्याख्यान का आयोजन कराया जाएगा

समस्त फायर स्टेशन क्षेत्रों में फायर रैली निकाल कर जनता को किया जाएगा जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में 13 अप्रैल से 20 अप्रैल तक सभी जिलों में अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जाएगा। डीआईजी अग्निशमन तथा आपात सेवा मुख्यालय जुगुल किशोर ने बताया कि प्रदेश में एकरूपता प्रदान किए जाने के उद्देश्य से अग्निशमन सेवा शहीद स्मृति दिवस तथा अग्नि सुरक्षा सप्ताह का कार्यक्रम प्रत्येक जनपद में मनाया जाएगा। अग्नि सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत 14 अप्रैल 2023 को स्मृति दिवस परेड तथा फ्लैग पिन लगाई जायेगी। इसके साथ ही फायर स्टेशन व महत्वपूर्ण स्थानों पर समस्त फायर स्टेशन क्षेत्रों में फायर रैली निकाल कर जनता को जागरूक किया जायेगा। 15 अप्रैल 2023 को जनपदीय मुख्यालय व तहसील स्तर पर विद्यमान फायर स्टेशनों के सहयोग से शिक्षा संस्थानों में अग्नि सुरक्षा से संबंधित निबन्धए चित्रकला एवं व्याख्यान का आयोजन कराया जायेगा।

किशोर ने बताया कि 16 अप्रैल से 19 अप्रैल 2023 तक जनपदीय मुख्यालय व तहसील स्तर पर बहुखण्डीय भवनों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, सभागारों का निरीक्षण, अग्निसुरक्षा से संबंधित जनजागरण के विकास के लिये अग्नि जागरूकता के संकलन पर विशेष रूप से केन्द्रित होकर, बहुखण्डीय भवनों में अग्नि निवारण, जीवन संरक्षा एवं अग्निशमन व्यवस्थाओं की जांच एवं मॉक ड्रिल हेतु सुरक्षा में अभियान चलाया जाएगा। गोष्ठी के लिए व्यापार मण्डल के संभ्रान्त व्यक्तियों एवं नागरिकों को बुलाकर विचार-विमर्श किया जायेगा। 20 अप्रैल 2023 को ग्रामीण अंचलों में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी द्वारा अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अन्तर्गत नागरिकों को अग्नि से बचाव तथा सावधानी बरतने के संबंध में जागृत करने के लिये विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भारत सरकार द्वारा अग्नि सुरक्षा का संकल्प राष्ट्रीय अवसंरचना के विकास के लिए अग्नि सुरक्षा में जागरूकता निर्धारित किया गया है। अग्नि सुरक्षा सप्ताह का उद्देश्य नागरिकों को अग्निकाण्डों से होने वाली क्षति के प्रति जागरूक करना तथा अग्निकाण्डों को रोकने एवं अग्नि से बचाव के उपायों के संबंध में प्रशिक्षित किया जाता है। जिसमें आग की रोकथाम की व्यवस्था, सुरक्षित एवं पर्याप्त पलायन मार्ग की व्यवस्था होगा। पर्याप्त पहुंच मार्ग की व्यवस्था, आग की स्थिति में जीवित रहने के उपाय, उद्योगों में अग्नि सुरक्षा व सावधानियां, विद्युत अग्नि सुरक्षा व सावधान, बहुमंजिले भवनों में अग्नि सुरक्षा, अपंग व्यक्तियों को अग्नि सुरक्षा, पटाखों से सावधानी तथा फायर एक्सटिंग्यूशर का प्रयोग किस प्रकार करें का प्रशिक्षण दिया जाता है। उद्योगों में अग्नि सुरक्षा का प्रचार प्रसार कराया जाता है। किशोर ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के 75 जनपदों में कुल 359 फॉयर स्टेशन स्वीकृत है, जिनमें से 301 फॉयर स्टेशन क्रियाशील है एवं निर्माणाधीन 49 फॉयर स्टेशनों को क्रियाशील कराये जाने की कार्यवाही की जा रही है। किशोर ने बताया कि प्रत्येक वर्ष ग्रीष्मकालीन अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिये जनहित में प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में 1 मार्च से 30 जून तक जनपदों के तहसील मुख्यालयों पर 69 सीजनल फायर स्टेशन स्थापित कराए गए। इसी प्रकार शीतकालीन अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए पहली अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक शीतकालीन सीजन फायर स्टेशन प्रत्येक वर्ष स्थापित किये जाते हैं। प्रदेश में अग्निकाण्ड की सर्वाधिक घटनायें माह मार्च से जून के मध्य विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में खेत-खलिहान व झोपड़ियों में चिंगारी, धुम्रपान, लापरवाही, लैम्प, लालटेन, खलिहानों के ऊपर से गुजर रही हाईटेन्शन लाइन के कारण होती है। उत्तर प्रदेश अग्निशमन सेवा के ऑनलाइन एनओसी पोर्टल पर पहली जनवरी 2022 से अब तक अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए कुल 35316

## इंटरनेशनल ट्रेड शो को भव्य बनाने के लिए तैयार करें एक्शन प्लानः दुर्गा शंकर मिश्र

● मुख्य सचिव ने की ट्रेड शो की तैयारियों की समीक्षा, वेबसाइट भी की लांच

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि यूपी इन्टरनेशनल ट्रेड शो उत्तर प्रदेश के उत्पादों और सर्विसेज को विश्व पटल पर प्रदर्शित करने का सबसे बड़ा मंच है। इस ट्रेड शो से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर बनाने में मदद मिलेगी। आगामी 21 से 25 सितम्बर 2023 तक एक्सपो सेण्टर एवं मार्ट, ग्रेटर नोएडा में प्रस्तावित इस ट्रेड शो की समस्त तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं, तैयारियां में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए।

उन्होंने इस ट्रेड शो के लिए अन्य देशों व प्रदेशों को भी पार्टनर कंट्री व पार्टनर स्टेट के रूप में शामिल करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अच्छा कार्य करने वाली इंडस्ट्रीज, सर्विस प्रोवाइडर आदि को भी स्टाल लगाने के लिये आमंत्रित किया जाए। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों को इन्टरनेशनल ट्रेड शो को भव्य बनाने के लिए एक्शन प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव बुधवार को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव ने यूपी इन्टरनेशनल ट्रेड शो की वेबसाइट को भी लांच किया। उन्होंने कहा कि ट्रेड शो में जनपदों के ओडीओपी उत्पादों व हैंडीक्राफ्ट को भी प्रदर्शित किया जाए। इसके अलावा आईटी, इंफ्रा स्ट्रक्चर, टूरिज्म एण्ड हॉस्पिटैलिटी, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेक्टर आदि को भी प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 को अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष घोषित किया गया है। इसलिए ट्रेड शो में मिलेट्स उत्पादों को भी प्रमोट किया जाए। बैठक में बताया गया कि इस ट्रेड शो में लगभग 2000 एग्जीबिटर्स प्रतिभाग करेंगे।

बैठक में अपर मुख्य सचिव एमएसएमई अमित मोहन प्रसाद, प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा, प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम, प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार, विशेष सचिव आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक अक्षय त्रिपाठी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# खून की कमी से जूझ रहा सीतापुर का ब्लड बैंक

- ब्लड बैंक के पास सिर्फ 5 यूनिट ब्लड सुरक्षित, जिसमें एक भी यूनिट निगेटिव ग्रुप का नहीं
- प्रसव पीड़ित महिलाओं को हो रही सबसे ज्यादा दिक्कत
- सीतापुर ने 2022 में 601 यूनिट रक्तदान कर बनाया है प्रदेश में नया कीर्तिमान

**संवाददाता।** सीतापुर

**सीतापुर** जिला चिकित्सालय का ब्लड बैंक इन दिनों खून की कमी से जूझ रहा है। 350 यूनिट क्षमता वाले ब्लड बैंक में बुधवार को सिर्फ5 यूनिट रक्त बचा था। जिसमें एक भी निगेटिव ग्रुप का खून नहीं है। इसके चलते जरूरतमंद मरीजों के तीमारदारों को आए दिन इधर उधर भटकना पड़ता है। हालात यह बन गए है कि अब तो अगर जरूरतमंदों को समय पर खून न मिल पाया तो खून की कमी के चलते उनकी जान भी खतरे में पड़ सकती है। ब्लड बैंक में खून न होने से सबसे ज्यादा दिक्कत प्रसव पीड़ित महिलाओं को हो रही है। खून की कमी तो मार्च माह से बनी हुई है। खून की कमी से जूझ रहे ब्लड बैंक को रक्तदाता नहीं मिल रहे है। जिससे यहां के कर्मचारी भी परेशान है। वैसे सीतापुर में समय समय पर विभिन्न सामाजिक संगठन कैम्प लगाकर रक्तदान करते रहते हैं। मगर इन दिनों यह हालात है कि ब्लड बैंक पूरी तरह से खाली होने के कगार पर जा पहुंचा है। इन दिनों जब जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में खून की कमी है तब जरूरतमंदों की संख्या में इजाफा हो गया है। खून की कमी को देखते हुए अब बगैर डोनेट किए हुए किसी को रक्त नहीं मिल पा रहा है। हालांकि जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आर.के. सिंह का कहना है कि सामाजिक संगठनों से बात हुई है जल्द ही रक्तदान शिविर अयोजित होगा। बताते चलें कि सीतापुर वह जनपद है जिसमें सूबे में सर्वाधिक रक्तदान करने का रिकार्ड बनाया है। वर्ष 2022 में संस्था संजीवन ने शिविर लगाकर 601 यूनिट रक्तदान किया था। जिसमें सीतापुर के ब्लड बैंक में 150 यूनिट रक्त मिला था। जबकि अन्य यूनिट मेडिकल कॉलेज लखनऊ और जिला चिकित्सालय हरदोई के ब्लड बैंक को चला गया था। सीतापुर में संस्था संजीवन के अलावा हिन्दी दैनिक अखबार के ब्यूरोचीफपंकज सिंह गौर और अन्नपूर्णा सेवा संस्थान ने कई बार रक्तदान शिविर लगाकर ब्लड बैंक को रक्त मुहैया कराया है। इसके अलावा संस्था दया फाऊण्डेशन, पहल सहित अन्य कई सामाजिक संगठन भी समय समय पर शिविर लगाकर रक्तदान करवाते रहते है। जिससे ब्लड बैंक में रक्त की कमी नहीं होने पाती है। मगर मौजूदा समय ब्लड बैंक में सिर्फ 5 यूनिट ब्लड बचा है। ब्लड बैंक प्रभारी पूजा यादव ने आई इंडिया को फोन पर बताया कि सामाजिक संगठनों से सम्पर्क किया जा रहा है प्रयास है कि जल्द से जल्द समस्या दूर हो। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में जिला चिकित्सालय सीतापुर बल्ड बैंक प्लेटलेट्स पीआरवीएस, प्लाजमा आदि की सुविधा भी उपलब्ध हो जाएगी।

# अवैध रूप से संचालित अस्पताल को स्वास्थ विभाग की टीम ने किया सीज

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**बिना** रजिस्ट्रेशन संचालित अस्पताल व क्लिनिकों पर की जा रही कार्यवाही के अंतर्गत घोसियाना स्थित एक अवैध अस्पताल को आज स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सीज कर दिया गया। वहीं इस मामले में भवन स्वामी को भी नोटिस भेजा जा रहा है।



सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता द्वारा बताया गया कि घोसियाना मरघट रोड स्थित एक अस्पताल, जो न्यू हिंद अस्पताल के नाम से संचालित था, के अवैध रूप के संचालन की सूचना स्वास्थ्य विभाग को मिली थी। जिसके बाद स्वास्थ विभाग की टीम ने एसीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता और डिप्टी सीएमओ डॉ. धनीराम भार्गव के नेतृत्व में इस अस्पताल पर छापा मारा और दस्तावेजों की जांच की। अवैध पाए जाने पर इसे सील कर दिया गया। वहीं इस दौरान अस्पताल में एक महिला भी भर्ती मिली, जिसे एंबुलेंस से जिला महिला अस्पताल में शिफ्ट किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। बिना रजिस्ट्रेशन संचालित अस्पताल व क्लीनिक संचालक स्वयं ही इसे बंद कर दें वरना उन पर भी कार्यवाही की जाएगी। वहीं अवैध अस्पताल को सील करने के साथ ही जिस भवन में यह अस्पताल संचालित था उसके स्वामी को भी नोटिस भेजा जा रहा है।

# 13 से 24 अप्रैल तक बटेगा निशुल्क खाद्यान्न:डीएसओ

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**आयुक्त,** खाद्य तथा रसद विभाग, उप्र लखनऊ से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में जनपद खीरी में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत माह अप्रैल, 2023 के सापेक्ष अन्त्योदय, पात्र गृहस्थी योजना के राशनकार्डो पर 13 अप्रैल से 24 अप्रैल के मध्य अनुमन्य खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण होगा। उक्त आशय की जानकारी डीएसओ अंजनी कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि अन्त्योदय अन्न योजना के राशनकार्डो पर 14 किलो गेहूँ- नि:शुल्क, 21 किलो चावल- नि:शुल्क एवं पात्र गृहस्थी योजना के राशनकार्डो पर 02 किलो गेहूँ प्रति यूनिट नि:शुल्क, 03 किलो चावल प्रति यूनिट नि:शुल्क मिलेगा। राशनकार्ड धारकों को पोर्टेबिलिटी से नि:शुल्क खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा वन नेशन वन राशनकार्ड के अन्तर्गत अनुमन्य रहेगी। वितरण की अन्तिम तिथि 24 अप्रैल होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण से खाद्यान्न प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओटीपी वेरीफिकेशन से वितरण सम्पन्न होगा। नामित नोडल अधिकारी सम्बन्धित उचित दर दुकान पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर आवश्यक वस्तुओं का वितरण करायेंगे। बताया कि यदि किसी भी प्रकार की असुविधा हो तो उसकी सूचना /शिकायत उचित दर दुकान पर उपस्थित नोडल अधिकारी, एआरओ, पूर्ति निरीक्षक सम्बन्धित एसडीएम अथवा अधोहस्ताक्षरी से तत्काल करें, ताकि तदनुसार नियमानुसार जॉच कार्यवाही कराते हुए समस्या का समाधान कराया जा सके।

# ट्रांसपोर्ट मैनेजर की पीट-पीटकर हत्या

- सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**ट्रांसपोर्ट** मैनेजर की पीट-पीटकर हत्या कर देने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि कुछ लोग उसका शव राजकीय मेडिकल कालेज में छोड़कर भाग गए। परिजनों का कहना है कि कन्हैया हौजरी का कुछ सामान चोरी हो गया था। उन लोगों ने चोरी का आरोप लगाकर बेटे को अपने गोदाम पर बुलाया। ट्रांसपोर्ट मालिक और कन्हैया हौजरी के मालिक और उनके कर्मचारियों ने उसकी हत्या की है। एक महीने बाद ही उसकी शादी होनी थी। शरीर पर चोट के गहरे निशान मिले हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। चौक कोतवाली के मोहल्ला अजीजगंज निवासी अधीर जौहरी का 32 साल का बेटा शिवम जौहरी मोहल्ले में बंकिम सूरी के ट्रांसपोर्ट पर मैनेजर था। पिछले सात साल से इसी ट्रांसपोर्ट पर नौकरी रहा था। थाना सदर बाजार क्षेत्र में स्थित कन्हैया हौजरी का कुछ सामान ट्रांसपोर्ट पर आया और वो चोरी हो गया। परिजनों ने बताया कि कन्हैया हौजरी के मालिक नीरज गुप्ता ने सामान ट्रांसपोर्ट मैनेजर शिवम पर चोरी का आरोप लगाकर उसको मंगलवार की दोपहर अपने गोदाम पर बुलाया था। वहां उससे जबरन चोरी की घटना कबूलने का दबाव बनाया। उसने चोरी की बात कबूलने से इनकार किया तो उसको करंट देकर, उसकी बेरहमी से पिटाई कर हत्या कर दी। कन्हैया हौजरी का कर्मचारी मैनेजर के शव को राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर गया और वहां से भाग गया। उसके बाद सूचना मिलते ही परिवार के सभी लोग राजकीय मेडिकल कालेज गए। बताया कि उसके शरीर पर गहरे चोट के निशान है। उसको इतना पीटा गया कि जगह-जगह पर काले निशान तक बन गए। ट्रांसपोर्ट मालिक और कन्हैया हौजरी के मालिक और उसके कर्मचारियों ने मिलकर बेटे की हत्या की है। आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। ट्रांसपोर्ट मैनेजर के बर्बरतापूर्वक हत्याकांड में पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ हत्या करने सहित गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की है। सदर बाजार पुलिस ने कन्हैया हौजरी के मालिक नीरज गुप्ता व सूरी ट्रांसपोर्ट के मालिक बंकिम सूरी, कुनाल अरोरा, शिवम गुप्ता व कन्हैया हौजरी के मालिक का एकाउंटेंट व एक अज्ञात ब्यक्ति सहित सात लोगों के खिलाफ हत्या की धारा 302 व धारा 34 व 147 के तहत अभियोग दर्ज किया है। वही पुलिस तीन सदस्य डॉक्टरों की टीम व वीडियोग्राफी कराकर मृतक का पोस्टमार्टम करा रही है।

# दस किमी स्वीकृत, पर बन रही आठ किमी रोड

**गोला गोकर्ण नाथ खीरी।** साढ़े छह करोड़ की लागत से बनने वाली ममरी घमहाघाट रोड के निर्माण में अनदेखी की जा रही है। नागरिकों ने आबादी के बीच भी मानक के तहत रोड निर्माण कराए जाने की मांग की है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ममरी घमहाघाट रोड का निर्माण कराया जा रहा है। यह रोड पीडब्ल्यूडी विभाग के तहत आती है। इस रोड का निर्माण साढ़े छह करोड़ रुपए की लागत में 10 किमी तक किया जाएगा। इस बार रोड चौड़ी कर दी गई है फिर भी लगभग 2 किमी आबादी के बीच सड़क को छुआ तक नहीं गया है। जिस कारण वहां अक्सर जाम लग जाती है। एक तरफसे वाहन आने पर दूसरे तरफका वाहन नहीं जा सकता। रोशन नगर के बाद इस रोड से दर्जनों गांव के लोगों का आवागमन है वे इसी रोड से तहसील मुख्यालय पहुंचते हैं। नागरिकों का कहना है कि आबादी के अंदर भी मानक के तहत सड़क चौड़ी करके ही बनाई जाए जिससे आवागमन में कोई दिक्कत ना हो।

# नगर आयुक्त ने व्यापक स्तर पर चलाया विशेष स्वच्छता अभियान

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**नगर** आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में रोस्टर के अनुसार विशेष स्वच्छता अभियान, एण्टीलार्वा छिड़काव एवं फागिंग का कार्य वृहद् स्तर पर कराया गया। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार मिश्रा द्वारा क्षेत्रवासियों को मच्छरों के प्रकोप से बचाव हेतु अजीजगंज स्थित तालाब को अपनी देख रेख में साफ कराया गया। निर्देशित किया गया कि नगर क्षेत्र में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत विषेश सफाई कार्य के साथ-साथ नियमित एंटीलार्वा छिड़काव व फागिंग का कार्य कराया जाये। माइक्रो प्लान के अन्तर्गत नगर क्षेत्र के सफाई जोन-01 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमार की देखरेख में महंमद जलालनगर, सफाई जोन-02 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंष कुमार दीक्षित की देखरेख में मामूड़ी, सफाई जोन-03 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजमंगल की देखरेख में महमंद जगंला, सफाई जोन-04 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक चन्द्रवीर सिंह सागर की देखरेख में महमान षाह एवं सफाई जोन-05 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य की देखरेख में रोजा नोटिफाइड एरिया में विषेश सफाई अभियान के साथ-साथ एण्टरलार्वा का छिड़काव व फागिंग का कार्य किया गया। इस अभियान के अन्तर्गत रोस्टर के अनुसार दिनांक 13.04.2023 को एमनजई जलालगन, तारीन बहादुरगंज, खलीलषर्की, किला एवं ख्वाजा फिरोज में सफाई का कार्य, एण्टीलार्वा का छिड़काव व फागिंग का कार्य कराया जायेगा।

## क्विक न्यूज

### रौबदार मूंछों वाले मनोज शर्मा को एसपी सिटी ने किया सम्मानित

**बरेली।** सेना और पुलिस की नौकरियों में रौबदार मूंछ रखने वालों को इनाम भी दिया जाता है। बरेली में तैनात पुलिसकर्मी मनोज शर्मा ने भी रौबदार मूंछों से विभाग में अपनी अलग पहचान बनाई है। उनकी मूंछों के पुलिस अधिकारी भी कायल हैं। आईजी दफ्तर में तैनात मनोज कुमार शर्मा को रौबदार मूंछों, साफसुथरी वर्दी और बेहतर कार्यशैली के लिए पुरस्कृत किया गया है। एसएसपी प्रभाकर चौधरी के कार्यालय में मंगलवार को एसपी सिटी राहुल भाटी व अन्य अधिकारियों ने मनोज शर्मा को पुरस्कृत किया। उन्हें पुरस्कार स्वरूप एक हजार रुपये दिए गए हैं। मनोज शर्मा बीसलपुर जिला पीलीभीत के निवासी हैं। यहां सूर्या एनक्लेव में रहते हैं। उनका कहना है कि उन्हें शुरू से ही रौबदार मूंछें रखने का शौक है। मनोज शर्मा जैसी रौबदार मूंछें रखना इतना आसान भी नहीं। विशेष रखरखाव से उनकी मूंछें रौबदार बनी हैं। मनोज ने बताया कि कॉलोनी में ही हेयर ड्रेसर अलीम उनकी मूंछों को हर तीसरे दिन सैट करता है। इसमें करीब पांच सौ रुपये महीने का खर्च आता है।



### दाखिल हुए नामांकन पत्र

**लखीमपुर खीरी।** नपाप लखीमपुर के लिए अध्यक्ष पद हेतु 04 व सदस्य पद हेतु 110ए नपं खीरी टाउन के लिए अध्यक्ष पद हेतु 04ए सदस्य पद हेतु 64ए नपं ओयल में अध्यक्ष पद हेतु 06 एवं सदस्य हेतु 09 नामांकन पत्र की बिक्री हुई। नपाप गोला गोकर्णनाथ के लिए अध्यक्ष पद हेतु 04ए सदस्य पद हेतु 51 नामांकन पत्र एवं नपं मैलानी के अध्यक्ष पद हेतु 04, सदस्य पद हेतु 10 नामांकन पत्र बिक्री हुए। नपाप पलियाकला के लिए अध्यक्ष पद हेतु 03, सदस्य पद हेतु 14 एवं नपं भीरा के अध्यक्ष पद हेतु 08 एवं सदस्य पद हेतु 23 नामांकन पत्र बिक्री हुए। नपाप मोहम्मदी के लिए अध्यक्ष पद हेतु एक नामांकन पत्रए सदस्य पद हेतु 73 नामांकन पत्र एवं नगर पंचायत बरबर के अध्यक्ष पद हेतु 06 एवं सदस्य पद हेतु 28 नामांकन पत्र बिक्री हुए। नपं धौराहरा के अध्यक्ष पद हेतु 11 एवं सदस्य पद हेतु 99 नामांकन पत्र बिक्री हुए। नपं निघासन के अध्यक्ष पद हेतु 10 व सदस्य पद हेतु 88 एवं नपं सिंगाही के अध्यक्ष पद हेतु दो, सदस्य पद हेतु 60 नामांकन पत्र बिक्री हुए। नगरीय निकाय लखीमपुर, मैलानी, भीरा एवं सिंगाही में सदस्य पद के लिए 01-01 एवं ओयल मे सदस्य पद के लिए 02 नामांकन पत्र दाखिल हुए।

### प्राविधिक शिक्षा मंत्री का किया जोरदार स्वागत

**बरेली।** प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल का बरेली आगमन पर उद्यमियों और कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। अपना दल (स) व्यापार मंच के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष केके चंदानी के निवास पर हुए कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने निकाय चुनाव के साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव की भी चर्चा की। उन्होंने उद्यमियों की समस्याओं को भी पूछा। बरेली में संगठन को मजबूत करने की बात कही। प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल भी उनके साथ उद्यमी कपिल चंदानी, माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल के प्रबंधक सौरभ अग्रवाल, सतीश मित्तल, शुभम गर्ग, आदि मौजूद रहे।



### 15 लीटर अवैध शराब के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**निघासन-खीरी।** अवैध शराब के निष्कर्षण वह बिक्री के विरुद्ध अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक प्रभातेस कुमार के कुशल मार्गदर्शन में निघासन पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध अभियान चलाकर अभियुक्त राजू चौहान पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम टॉपर पुरवा शाहपुर मजरा पढुवा को हिरासत में लिया गया है । अभियुक्त अपने घर में लगी टटिया मैं भट्टी के माध्यम से शराब का निष्कर्षण कर रहा था अभियुक्त की जामा तलाशी से एक प्लास्टिक की पिपिया में 15 लीटर अवैध कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण बरामद हुए । अभियुक्त के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की गई है।

### एक साथ दस वारंटी चढ़े पुलिस के हत्थे

**निघासन-खीरी।** निकाय चुनाव के मद्देनजर संपूर्ण जनपद में आचार संहिता लागू होने के बाद निघासन पुलिस बल ने क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक प्रभातेश कुमार के कुशल मार्गदर्शन में एक साथ 10 वारंटी अभियुक्तों को जेल भिजवाने में कामयाबी हासिल की है। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देशानुसार संपूर्ण जनपद में वारंटी वांछित तथा संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध चलाए जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अंतर्गत निघासन पुलिस बल ने अलग अलग टीमें गठित कर वारंटी अभियुक्त गण धीरजपाल ए पातराम निवासी ग्राम दुलहीए बब्बू निवासी पडुखियाए तसव्वुर निवासी ग्राम रायपुरए राजेश कुमार निवासी ग्राम कठेरियन पुरवा ए कमालू निवासी ग्राम पठाननपुरवाए रत्तीराम निवासी ग्राम कठेरियन पुरवा ए सगीर निवासी ग्राम सेमरा बाजार ए फूलचंद ए राकेश निवासी ग्राम मुर्गहा सहित कुल 10 वारंटी अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है । निकाय चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए स्थानीय पुलिस चुन.चुन कर अभियुक्तों को जेल भिजवाने में जुटी हुई है ।

### बरेली कॉलेज को केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाने की मांग

**बरेली।** बरेली कॉलेज बरेली के अस्थाई कर्मचारियों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन। बरेली कॉलेज बरेली कर्मचारी कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष जितेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में आज अस्थाई कर्मचारी अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष डा के एम अरोड़ा को ज्ञापन देने पहुंचे , महानगर अध्यक्ष कार्यालय पर नगर निगम चुनाव की व्यस्तता के कारण मौजूद नहीं मिले तो अध्यक्ष जितेंद्र मिश्रा ने फोन पर बात की तो उन्होंने महानगर उपाध्यक्ष विष्णु शर्मा को ज्ञापन लेने को कहा , कर्मचारियों ने फिर महानगर उपाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा , ज्ञापन डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक को संबोधित था। गौरतलब है अस्थाई कर्मचारी लंबे समय से बरेली कॉलेज बरेली को केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाने और अस्थाई कर्मचारियों को विनियमितीकरण करने जैसी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं । अध्यक्ष जितेंद्र ने कहा कि अब हम कर्मचारी आंदोलन करने को विवश हैं लेकिन हम परीक्षाओं को बाधित करना नहीं चाहते क्योंकि छात्रों से हमारा जुड़ाव है , 18 अप्रैल को प्राचार्य को फिर ज्ञापन दिया जाएगा, ज्ञापन देने वालों में , हरीश मौर्य, भीकम सिंह , गंगा प्रसाद, राजाराम ,रामू , श्याम कुमार , दोदराम, सुनील कुमार आदि कर्मचारी मौजूद रहे ।

# मंत्री अजय मिश्र टेनी ने सांसद निधि से लगवाई 40 सोलर लाइट

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**केन्द्रीय** गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा द्वारा अपनी सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि द्वारा विकासखण्ड लखीमपुर के ग्राम राजापुर में रेलवे क्रासिंग के निकट अमृत सरोवर योजना के अन्तर्गत सौंदर्यीकरण के लिए तालाब के चारों तरफ प्रकाश की व्यवस्था के लिए 40 सोलर लाइट लगवाई गई है। केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा द्वारा विकासखण्ड लखीमपुर के ग्राम राजापुर में रेलवे क्रासिंग के निकट अमृत सरोवर योजना के अन्तर्गत सौंदर्यीकरण हेतु तालाब के चारों तरफ प्रकाश की व्यवस्था के लिए 40 सोलर लाइटों को अपनी सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि से लगवाया है। जिसकी कुल लागत धनराशि रू0 8,44,360.00 (आठ लाख चवालिस हजार तीन सौ साठ रूपये) है।

# नगरीय निकाय निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराएं

- त्रिभुवन ने कलेक्ट्रेट सभागार में की प्रेस वार्ता

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**आगामी** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से आदर्श आचार संहिता के प्राविधानों, नामांकन एवं निर्वाचन प्रक्रिया तथा जिला प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों के विषय में जानकारी देने हेतु एसडीएम (प्रशासन) संजय कुमार पांडे एवं एसडीएम (वित्त एवं राजस्व) त्रिभुवन ने कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता की। बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश द्वारा दिनांक 09 अप्रैल 2023 को निर्वाचन की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। उन्होंने सभी को आदर्श आचार सहिंता के प्राविधानों के विषय मे बताते हुये कहा कि आदर्श आचार संहिता के प्राविधानों के उल्लंघनकर्ताओं के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। एसडीएम (प्रशासन) ने बताया कि एफएसटी टीमों का गठन करते हुए नियमित रूप से चेकिंग करायी जा रही है। इसके साथ ही अवैध शराब के परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किये जाने हेतु भी व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस पिकेट की तैनाती की गयी है। कहा कि सोशल मीडिया पर भी प्रशासन द्वारा निगरानी रखी जायेगी एवं भ्रामक पोस्ट डालने वालों या माहौल खराब करने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में कड़ी कार्यवाही की जायेगी। एसडीएम ने बताया कि जनपद में द्वितीय चरण के अन्तर्गत निर्वाचन सम्पन्न कराया जायेगा। जिसके अन्तर्गत जिला मजिस्ट्रेट / जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) द्वारा 16 अप्रैल 2023 को सार्वजनिक सूचना निर्गत की जायेगी। दिनांक 17.04.2023 को निर्वाचन अधिकारी (नगरीय निकाय) द्वारा सार्वजनिक सूचना निर्गत करने के साथ दिनांक 17 अप्रैल से 24 अप्रैल तक पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3: बजे तक नाम निर्देशन पत्रों का क्रय व जमा कराया जा सकेगा। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा दिनांक 25 अप्रैल को पूर्वाह्न 11 बजे से कार्य की समाप्ति तक किया जायेगा। अभ्यर्थन की वापसी 27 अप्रैल को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक की जायेगी। जिसके अन्तर्गत जिला मजिस्ट्रेटध्जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) द्वारा 16 अप्रैल 2023 को सार्वजनिक सूचना निर्गत की जायेगी। दिनांक 17 अप्रैल को निर्वाचन अधिकारी (नगरीय निकाय) द्वारा सार्वजनिक सूचना निर्गत करने के साथ दिनांक 17 अप्रैल से 24 अप्रैल तक पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे नाम निर्देशन पत्रों का क्रय व जमा कराया जा सकेगा। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा दिनांक 25 अप्रैल को पूर्वाह्न 11बजे से कार्य की समाप्ति तक किया जायेगा। अभ्यर्थन की वापसी दिनांक 27 अप्रैल को पूर्वाह्न 11बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक की जायेगी तथा प्रतीकों का आवंटन दिनांक 28 अप्रैल को पूर्वाह्न 1 बजे से कार्य की समाप्ति तक किया जायेगा। मतदान दिनांक 11 मई, 23 को पूर्वाह्न 07:00 बजे से अपराह्न 06:00 बजे तक कराया जायेगा। मतगणना दिनांक 13 मई,23 को पूर्वाह्न 08:00 बजे से कार्य की समाप्ति तक की जायेगी। नामांकन प्रक्रिया के विषय में जानकारी देते हुए एसडीएम प्रशासन ने बताया कि उम्मीदवारों को एक नया खाता खोलना अनिवार्य होगा जिसके माध्यम से वह चुनाव में किये जाने वाले सभी खर्च कर सकेंगे। उन्होंने अनुमन्य व्यय सीमा की जानकारी भी दी।

# जब पुलिस की गाड़ी के सामने लेट गया फरियादी

**संवाददाता।** सीतापुर

**बार-बार** अफसरों की चौखट पर अरदास लगाने के बाद भी जनता की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। वह एक ही समस्या के लिए बार-बार अफसरों की परिक्रमा कर रहे है। प्रशासन की अनदेखी से फरियादी आहत है। फरियादियों का कहना है कि एक ही समस्या के समाधान के लिए कई कई बार उनके पास दौड़ कर जाना पड़ रहा है। न्याय की उम्मीद में अफसरों की परिक्रमा ही नहीं की जा रही है बल्कि ऑनलाइन शिकायत कर शासन स्तर पर भी गुहार लगाई जा रही है। लेकिन कहीं से भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। सम्पूर्ण समाधान दिवस में भी अर्जी लगाने के बाद भी समस्या जस की तस है। ताजा मामला कोतवाली सिधौली क्षेत्र के जहांगीरपुर निवासी राजेन्द्र दास का उस समय आया जब शिकायतकर्ता राजेन्द्र दास सिधौली तहसील के मुख्यालय गेट पर कोवाली पुलिस की गाड़ी के सामने गाड़ी पर लेट गया और हंगामा काटने लगा।

# चीफ वार्डेन ने प्रशिक्षित आपदा मित्रों का किया सम्मान

- चीफ वार्डन के प्रोत्साहन पर सिविल डिफेंस बरेली के वार्डन व स्वयं सेवकों का एक समूह 12 दिवसीय आपदा मित्र प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए लखनऊ गया था

**संवाददाता।** बरेली



**नागरिक** सुरक्षा कोर के उपनियंत्रक राकेश मिश्रा व वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक प्रमोद डागर के प्रयासों व निष्काम सेवा के मुखिया चीफ वार्डन राजीव शर्मा के प्रोत्साहन पर सिविल डिफेंस बरेली के वार्डन व स्वयं सेवकों का एक समूह द्वारा प्रदत्त 12 दिवसीय आपदा मित्र प्रशिक्षण, प्राप्त करने के लिए लखनऊ गया जो कि महत्वपूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त कर बरेली वापसी कर चुके हैं। उनके प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात उनके आगमन पर सभी का भव्य सम्मान समारोह मुख्यालय पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लखनऊ से प्रशिक्षण प्राप्त आपदा मित्रों का पुष्प मालायें पहनाकर उनका करतल ध्वनि से सम्मान किया गया। कार्यक्रम का समापन सूक्ष्म जलपान से हुआ। कार्यक्रम में डिप्टी चीफ वार्डन दिनेश कटियार स्टाफ आफिसर टू चीफवार्डन अमित पंत तीनों प्रभागों से प्रभागीय वार्डन रंजीत वशिष्ठ, दिनेश यादव प्रभागीय वार्डन आरक्षित मिसवाहुल इस्लाम , उपप्रभागीय वार्डन अन्जय कुमार अग्रवाल, डॉ उस्मान नियाज, कलीम हैदर सैफी, स्टाफ आफिसर्स व आई. सी. ओ आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन स्टाफ आफिसर अमित पंत ने किया। कार्यक्रम के अंत में चीफवार्डन राजीव शर्मा ने उपस्थित सभी वार्डनों को धन्यवाद दिया व विशेष धन्यवाद तीनों प्रभागों से प्रभागीय वार्डन रंजीत वशिष्ठ, दिनेश यादव व उपप्रभागीय वार्डन अन्जय कुमार अग्रवाल को दिया जिनकी प्रेरणा से उनके पोस्ट वार्डनों से इस प्रकार की अनुशासित टीम प्रशिक्षण हेतु प्राप्त हुई। साथ ही प्रशिक्षित टीम को शुभकामनाएँ देते हुए उन्होंने कहा कि बरेली सिविल डिफेंस के वार्डन इसी प्रकार बरेली के इतिहास को स्वर्ण अक्षरों से लिखते रहेंगे।

# प्रयोग में आने वाले वाहनों की आवश्यक सूचना दो दिन में भरवा दें

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**नगर** मजिस्ट्रेट प्रभारी अधिकारी (यातायात) डा. वेद प्रकाश मिश्र ने सभी विभागाध्यक्षों कार्यलयाध्यक्षों एवं जिला स्तरीय अधिकारियों से अपेक्षा की है कि जनपद में अपने कार्यालय विभाग में प्रयोग होने वाले वाहनों की निर्धारित प्रारूप पर आख्या सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) शाहजहांपुर के कार्यालय का 02 दिन के अन्दर हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी में उपलब्ध कराने का कष्ट करें जिससे आवश्यकतानुसार निर्वाचन हेतु वाहनो का प्रयोग किया जा सके। उन्होंने यह अपेक्षा भी की है कि इस हेतु एक गूगल शीट भी तैयार की गयी है जिस पर भी वाहनों की आवश्यक सूचना दो दिन में भरवाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

# 4 महीने से नहीं मिला वेतन 15 घंटे कराई जा रही ड्यूटी

- सिटी बस परिचालकों ने किया विरोध

**संवाददाता।** बरेली

**नगर** विकास उप्र शासन द्वारा चलाई जा रही शहर में सिटी बस के परिचालकों और ड्राइवरों ने विरोध प्रदर्शन किया बताया कि 4 माह से नहीं मिला वेतन और 15 घंटे कराई जा रही है ड्यूटी, परिचालकों को अभी तक नहीं मिले आई कार्ड, शहर में कोई रुट तय नही है , ई-रिक्शा और ऑटो वाले आवाज लगाकर बैठा ले जाते हैं सवारी इसलिए सवारियों को लेकर हो रही परेशानी । विरोध के दौरान गौरव गंगवार, योगेश कुमार, अभय, परवेज, आफताब आलम ,योगेश शाक्य, कवीर,अजीत, आकिब , इन्द्रजीत, दिनेश कुमार अवनीश, विनोद, हेमेंद्र , विकास यादव पुष्पेन्द्र , विनय, वीरेश, सुनील कुमार,अमर पाल , सेवाराम, अजीत, पंकज , ओमकार, अक्षय कुमार, हिमांशु कुमार शर्मा, मनोज , सुरजीत , शेखर, सतेन्द्र आदि मौजूद रहे। नगर विकास की सिटी बस के परिचालक गौरव गंगवार ने बताया कि रोजाना 13 से 15 घंटे तक ड्यूटी कराई जा रही है साप्ताहिक अवकाश की व्यवस्था नही हम लोग बस पर चल रहे है ना कोई हमको आई कार्ड मिला है हमारी कोई पहचान नहीं हम कहां काम करते हैं और 4 महीने से वेतन भी नहीं मिला । परिचालक योगेश कुमार ने बताया कि आठ से दस घंटा होना चाहिए और 4 महीने का वेतन नही मिला है। समय को लेकर एक साल से परेशानी है , गाड़ी चलाने का समय डिसाइड कर दिया जाए तो कोई परेशान नहीं है। सुपरवाइजर दीपक शर्मा ने बताया लखनऊ कंपनी में बात हो गई है इनकी समस्या के बारे में कंपनी को लखनऊ बता दिया गया है लखनऊ से अधिकारी आ रहे हैं कर्मचारियों से वार्ता होकर समस्या का समाधान हो सकता हो जाएगा।

# स्वच्छ भारत मिशन ने बदली करोड़ों देशवासियों की सोचः नरेंद्र कश्यप

●प्रभारी मंत्री ने दर्जनों भाजपाईयों के साथ झाड़ू लगा दिया स्वच्छता का संदेश



**संवाददाता।** चित्रकूट

**भगवान** श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट के दौरे पर आये उत्तर प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी नरेंद्र कश्यप ने सामाजिक न्याय सप्ताह कार्यक्रम के तहत मुख्यालय स्थित रोडवेज बस स्टैंड में सांसद समेत दर्जनों भाजपाईयों के साथ झाड़ू लगाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट स्वच्छता अभियान में भागीदारी की। इस मौके पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकार भारत को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास कर रहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश की सत्ता संभाले के बाद से पूरे भारत में लोगों के अंदर स्वच्छता के प्रति रुझान बढ़ा है। स्वच्छता अभियान के जरिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने करोड़ों देशवासियों की सोच में बदलाव लाया है। दिल्ली की आम आदमी की सरकार पर हमला बोलते हुए मंत्री ने कहा कि अन्ना हजारे के भ्रष्टाचार के खिलाफ हुए आंदोलन के दम पर सत्ता में आयी केजरीवाल सरकार का शराब घोटाला देश के सामने है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जब से पीएम मोदी ने देश की सत्ता संभाली है राष्ट्र का गौरव बढ़ा है देश सशक्त हुआ है कानून व्यवस्था बेहतर हुई है। वहीं योगी सरकार में स्वच्छता अभियान में बढी तेजी आयी है। आज पूरे प्रदेश से डकैतों, गुंडो और माफियाओं का सफाया हो रहा है।

उन्होंने कहा मोदी-योगी सरकार में बुंदेलखंड विकास की मुख्यधारा से जुड़ गया है। चित्रकूट में बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे बनने एवं टेबल टाप एयरपोर्ट के शुरू होते ही बुंदेलखंड देश का पर्यटन हब बनेगा।

# पुलिस महानिरीक्षक ने निकाय चुनाव तैयारियों का लिया जायज़ा

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद



**आईजी** प्रशांत कुमार ने निकाय चुनाव तैयारियों का जायज़ा लिया चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही आईजी प्रशांत कुमार ने जिले में आकर चुनाव को लेकर हो रही तैयारियां परखी और निरीक्षण किया। एसपी कार्यालय, फतेहगढ़ कोतवाली व शमसाबाद थाने का निरीक्षण किया। अभी तक दर्ज हुए मुकदमे और पकड़े गए आरोपियों के संबंध में जानकारी ली। कुछ कमियां मिलने पर उनको सुधारने के निर्देश दिए। मंगलवार को आए आईजी प्रशांत कुमार को पुलिस लाइन में सुबह गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद आईजी ने परेड में भाग लिया। पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों रहने वाली बैरकों का जायया किया। पुलिस लाइन का निरीक्षण करने के बाद एसपी कार्यालय पहुंचे। वहां सीओ मोहम्मदाबाद, अमृतपुर के कार्यालय का निरीक्षण किया। सभी पटलों पर जाकर पत्रावलियों के निस्तारण के संबंध में जानकारी की। शाम को फतेहगढ़ कोतवाली का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की स्थिति देखी। कार्यालय अभिलेख चेक करने के बाद अभी तक दर्ज हुए मुकदमे और पकड़े गए आरोपियों की जानकारी ली। अभिलेखों को चेक किया। मैस में बन रहे भोजन की गुणवत्ता देखी। इसके बाद आईजी ने शमसाबाद थाने का निरीक्षण किया। वहां भी अभिलेखों का निरीक्षण किया और आरोपियों की गिरफ्तारी के संबंध में जानकारी की।

# विकास कार्य न होने से भड़का ग्रामीणों का आक्रोश

## विकास खंड के ग्राम आटा में जाम लगाकर किया मार्ग अवरुद्ध

●एसडीएम ने मौके पर पहुंच किया ग्रामीणों को शांत

●ओवरलोड चेकिंग में किये गए डेढ़ दर्जन चालान



**संवाददाता।** कालपी, जालौन

बुधवार को आईएएस, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कालपी अभिषेक कुमार को जैसे ही खबर मिली की कदौरा विकास खंड के ग्राम आटा में जाम के कारण आवागमन अवरुद्ध कर दिया गया है, बिना वक्त गंवाये एसडीएम कालपी, तहसीलदार कालपी सुशील कुमार सिंह, नायब तहसील दार राजेश पाल दल बल के साथ मौके पर पहुंचे जहां जब हकीकत को परखा तो ग्रामीणों को नाराजगी थी कि वहां ग्राम प्रधान द्वारा विकास कार्य नहीं करवाये जा रहे हैं जिसको लेकर ग्रामीणों ने जाम लगा रखा है। सारी समस्या को सुनकर आईएएस अभिषेक कुमार ने कहा कि आपकी मांग जायज है लेकिन तरीका गलत है इससे आप बहुत सारे लोगों को परेशानी में डाल रहे हैं हम आपकी समस्या को निस्तारण हेतु खंड विकास अधिकारी से बात कर समस्या का हल कराने का वायदा करते हैं। चूंकि एस डी एम कालपी ने पूर्व में आटा बिजली घर में गड़बड़ी के चलते रात भर जाग कर बिजली सही कराई थी जिससे वहां के लोग इस युवा आईएएस पर बहुत भरोसा भी करते हैं।

लोगों ने जाम खोल दिया पहले किसी ने अफवाह फैला रखी थी कि पानी की समस्या के कारण जाम लगाया गया है। परंतु जो अफवाह थी उसका हकीकत से दूर दूर तक वास्ता नहीं था। श्री कुमार ने जाम खुलवाने के बाद नायब तहसील दार राजेश कुमार को वही छोड़ दिया और खनिज विभाग तथा एआरटीओ को मौरम भरे ओवरलोड के खिलाफ चेकिंग के निर्देश दिये। इसके बाद एसडीएम श्री कुमार और तहसील दार सुशील कुमार सिंह ने सरकारी गेहूं खरीद केंद्रों का निरीक्षण किया

# झाड़ी में मिला युवती का अर्धनग्न शव, दुराचार व हत्या की आशंका

●मौके से मिलीं शराब व पानी की बोतलें व नमकीन के खाली रैपर

●पुलिस के विलंब से आने पर ग्रामीणों में उपजा आक्रोश का माहौल

**फतेहपुर।** झाड़ियों के किनारे युवती का अर्धनग्न शव मिलने से आसपास के लोगों में हड़कम्प मच गया। घटना की खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गयी। मौके पर भारी भीड़ एकत्र हो गयी। ग्रामीणों ने शव मिलने की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद भी पुलिस घण्टो बाद मौके पर पहुंची। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश रहा। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक व सीओ ने घटनास्थल का मुआयना किया। उन्होंने एसओ को शव की शिनाख्त के साथ घटना के खुलासे के निर्देश दिए।

जानकारी के अनुसार जाफरगंज थाने के मांझेपुर गांव निवासी महिला गुड़िया देवी बुधवार की सुबह खेतो में गेहूं काटने जा रही थी। तभी जोनिहा अमौली रोड में मांझेपुर गॉव के समीप बाबा कुटी रोड में वह लघुशंका के लिए झाड़ियों की तरफ गयी थी। इस दौरान झाड़ियों के पीछे शव देख हतप्रभ रह गयी। शव देख वह बहुत तेज शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर गुल सुनकर आसपास खेतो में काम कर रहे लोग मौके पर पहुँचे। शव देख सभी हैरान रह गए। इसकी सूचना क्षेत्र में आग की तरह फैल गयी। ग्रामीणों ने घटना की सूचना जाफरगंज थाने में दी लेकिन थाना पुलिस ने कोई दिलचस्पी नही दिखाई और सूचना के घण्टो बाद मौके पर पहुची।

पुलिस के देर से आने पर ग्रामीणों में आक्रोश का मौहाल बना था। पुलिस ने घटना की सूचना आलाधिकारियों को दी। शव को झाड़ियों से बाहर निकाला।

# पीएनबी अधिकारी संगठन इटावा इकाई ने आयोजित किया रक्तदान शिविर



**इटावा।** पंजाब नैशनल बैंक के 129वें स्थापना दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय पंजाब नैशनल बैंक अधिकारी संगठन इटावा इकाई द्वारा पंजाब नैशनल बैंक शाखा के सी रोड इटावा के प्रांगण में जिला अस्पताल इटावा के सहयोग से बुधवार को एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में संगठन के सदस्यों एवं बैंक के ग्राहकों ने उत्साह पूर्वक व स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस अवसर पर सभी रक्तदाताओं को संगठन द्वारा फल एवं नास्ता प्रदान किया गया। शिविर के आयोजन में संगठन की मंडल इकाई के सचिव श्री मंजीत यादव जी, अध्यक्ष श्री संदीप पाल जी तथा पीएनबी इटावा मंडल के मंडल प्रमुख श्री काज़्मी जी, के सी रोड शाखा प्रमुख श्री राजकपूर जी तथा संगठन के अन्य सदस्यगण तथा स्थानीय बैंक अधिकारी उपस्थित रहे।

# राजापुर के चेयरमैन को 14 लाख के घोटाले का नोटिस

**संवाददाता।** चित्रकूट



निवर्तमान चेयरमैन आदर्श मनोज द्विवेदी

**निकाय** चुनाव से ठीक पहले चित्रकूट जिले की नगर पंचायत राजापुर में निर्वतमान चेयरमैन आदर्श मनोज द्विवेदी द्वारा अपने कार्यकाल में किये गये भ्रष्टाचार की पोल खुलने लगी है। नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी ने धारा-81 के तहत चेयरमैन को 14 लाख 20 हजार 750 रुपये की नोटिस जारी कर सम्बंधित धनराशि एक सप्ताह के अंदर जमा करने के निर्देश दिये है। आपको बता दें कि चित्रकूट जिले की नगर पंचायत राजापुर की चेयरमैन आदर्श द्विवेदी अपने पति मनोज द्विवेदी के कारनामों के चलते कार्यकाल के शुरूआती दौर से ही सुर्खियों में रहे है। कार्यकाल खत्म होने के बाद उनके द्वारा नगर पंचायत में किये गये भ्रष्टाचार की कलई खुलने लगी है। नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी बीएन कुशवाहा ने बीती 6 अप्रैल को निवर्तमान चेयरमैन आदर्श मनोज द्विवेदी को धारा-81 के तहत जारी की गई नोटिस में बताया कि नगर विकास अनुभाग लखनऊ के पत्र संख्या 275 के क्रम में 14 फरवरी 2023 को दिये गये निर्देशों के क्रम में शासन द्वारा हुई शिकायतों की जांच में अनियतिताओं में दोषी पाया गया है। बताया कि निकाय को हुई क्षति की पूर्ति के लिए 14लाख 20 हजार 750 रुपये एक सप्ताह के अंदर नगर पंचायत कार्यालय में जमा करने के निर्देश दिये गये है।

## महिला किसान की तीन बीघा फ़सल आग की भेंट चढ़ी



**राजापुर,** चित्रकूट। जिले की राजापुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत भभेंट में एक महिला किसान के खेत में रखी लगभग तीन बीघे गेहूं के लांक के ढेर में अचानक दोपहर आग लग जाने से पूरी फसल धू धू कर राख के ढेर में तब्दील हो गई है। उधर प्रभारी निरीक्षक भास्कर मिश्र व दमकल की गाड़ी मौके में पहुंची, तब तक तेज हवा के चलते पूरी फसल राख का ढेर बन चुकी थी। बुधवार को करीब ढाई बजे बजे ग्राम पंचायत भभेंट की आशा देवी उपाध्याय पत्नी कौशलेश उर्फ हरेराम उपाध्याय की लगभग 3 बीघे की गेहूं के लांक का ढेर खेत में कतराई के लिए रखा था कि अचानक लांक के ढेर में आग लग गई और देखते ही देखते तेज हवा के चलते पूरी फसल राख का ढेर बन चुकी थी। अग्निपीड़ित गरीब असहाय महिला आशा देवी ने बताया कि तीन बीघे गेहूं की लाक को ढेर लगाकर थ्रेसर से कतराई कराने के लिए थ्रेसर की तलाश कर रही थी कि बुधवार की दोपहर अचानक गेहूं के ढेर में आग लग गई।

# क्विक न्यूज

## हज यात्रियों का प्रशिक्षण स्थल चिन्हित

**चित्रकूट।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी यशवंत मौर्या ने बताया कि सचिव/कार्यपालक अधिकारी राज्य हज समिति लखनऊ ने हज सत्र 2023 की यात्रा पर जाने वाले हज यात्रियों को हज प्रशिक्षण स्थल चिन्हित करने की सूचना मांगी है। बुधवार को उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर हज व्यक्तियों के प्रशिक्षण को उपयुक्त कक्ष हाल वाहन पार्किंग प्रसाधन एवं पेयजल की समुचित सुविधा उपलब्ध हो। चिन्हित कर अथवा पूर्व वर्षों में जिन स्थलों में प्रशिक्षण होता रहा है। उसकी सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में जिले से कुल 15 व्यक्तियों ने हज यात्रा को आवेदन किया है। हज यात्रियों के प्रशिक्षण को किंग्सन स्कूल के सामने द्वारिकापुरी कर्वी चित्रकूट भू-स्वामी हाजी वसीम अहमद मोबाइल नंबर 8924817172 है। पूर्व वर्षों में यहां हज प्रशिक्षण कराया गया था, जिसे चिन्हित किया गया है।

## नगदी व जेवरात लेकर चंपत हुए चोर

**कुरारा, हमीरपुर।** बीती रात कुरारा कस्वा में अज्ञात चोरों द्वारा घर में घुसकर नकदी व जेवरात चोरी कर ले गये। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफचोरी का मुकदमा दर्ज किया है। वही सी ओ सदर ने मौके पर जाकर स्थिति का निरीक्षण किया। डाग स्कायड भी मौके पर पहुंची। कस्बा कुरारा निवासी प्रदीप पांडे ने पुलिस को बताया कि मेरे पुत्र हर्षित व पुत्रियां आस्था व नेहा दस अप्रैल को गांव कुपरा गए थे।दो दिन बाद आज वापस आने पर कुरारा के मकान में देखा तो घर के अलमारी व कमरे के ताले टूटे पड़े थे। तथा अलमारी में रखे सोने चांदी के जेवर हार, बृजबाला, मंगलसूत्र, चांदी के पायल आदि चोरी कर ले गए है तथा नकदी रुपए मौरम खदान के रास्ते से मिले थे वह भी ले गए हैं।पीड़ित ने लाखो रुपए की चोरी होने की तहरीर थाने में दी है।

## गैगेस्टर के आरोपी को हुई पांच साल की सजा

**चित्रकूट।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफटीसी कोर्ट के न्यायाधीश संजय कुमार ने न्यायालय में लम्बित मामले में गैंगेस्टर के आरोपी लवकुश यादव पुत्र मंगल यादव निवासी तेरा थाना कमासिन को पांच साल का करावास व पांच हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया है। बुधवार को न्यायालय में लम्बित मामले की पैरवी पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी व पैरोकार बाबूलाल ने की। गहन पैरवी एवं संयुक्त निदेशक अभियोजन ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह ने प्रभावी बहस की।

## शैक्षणिक मैदान में दबदबा कायम कर रही बालिकाएं



**उरई, जालौन।** जालौन नगर के एक विद्यालय में तो कक्षा आठवीं की छात्राओं ने जो मिसाल कायम की वह अत्यंत सराहनीय है कक्षा की सभी 10 वीं रैंक तक की छात्राएं अग्रणी रही हैं। रिमझिम टॉप किया है तो वही क्रम से 10 वी रैंक तक छात्राओं का दबदबा देखने को मिला। शैक्षणिक फील्ड में बीते कुछ वर्षों से बालिकाओं का बेहतर प्रदर्शन देखने को मिल रहा है जिस तरह से छात्राएं लड़कों की तुलना में अच्छी रैंक हासिल कर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता को दिख लाने में आगे आई हैं। उसको देखते हुए माना जा सकता है कि उनकी मेहनत लगन और शिक्षकों का मार्गदर्शन भी उन्हें आगे लाने में कारगर साबित हो रहा है। जालौन नगर के महाराणा प्रताप विद्यालय में तो कक्षा आठवीं की क्लास में छात्राओं ने जो रिकॉर्ड बनाया वह बेमिसाल है।

## रकम दोगुना करने का लालच देकर एजेंट ने छह लाख हड़पे

**फतेहपुर।** चिटफंड कंपनी के एजेंट पर छह लाख 16 हजार की धोखाधड़ी किए जाने का मुकदमा दर्ज किया गया है। राधानगर थानाक्षेत्र के चांदमारी खंभापुर मोहल्ला निवासी भगवती प्रसाद बाजपेयी ने बताया कि पड़ोसी गंगा सैनी मार्च 2019 में घर आया। उसने चिटफंड कंपनी विआल मैच्युअल बेनीफिट निधि लिमिटेड में रुपये लगाने में पांच साल में धनदोगुना का लालच दिया। जिसका प्रमुख कार्यालय रघुवंशी कांपलेक्स आयूबखां चौराहा सिविल लाइन बरेली में हैं।

# हाईकोर्ट में उपस्थित होने पहुंचे तहसीलदार पर हमले का विरोध

●तहसीलकर्मियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता।** जालौन, उरई



**उच्च** न्यायालय में तहसीलदार को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर शपथपत्र प्रस्तुत करने के आदेश पर न्यायालय पहुंचने पर तहसीलदार पर अधिवक्ताओं द्वारा हमले के विरोध में तहसील परिसर में तहसीलदार समेत नायब तहसीलदारों ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। साथ ही उक्त घटना में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई एवं सुरक्षा के लिए कदम उठाने को लेकर एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा गया। तहसीलदार बलराम गुप्ता ने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने तहसीलदार जमनियां जनपद गाजीपुर को एक मामले में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर शपथ पत्र देने के आदेश दिए थे। उक्त आदेश पर तहसीदार 10 अप्रैल को तहसीलदार कोर्ट नंबर 64 में उपस्थित हुए। जिसमें सुनवाई के उपरांत कुछ अधिवक्ताओं ने कोर्ट के दरवाजे पर ही तहसीलदार के साथ मारपीट की दी। उक्त मामले में माननीय न्यायाधीश ने स्वयं आकर बीच बचाव कराया था। उक्त घटना को लेकर उत्तर प्रदेश राजस्व (प्रशासनिक) संघ के तत्वावधान में तहसीलदार बलराम गुप्ता, नायब तहसीलदार गौरव कुमार, मुकेश कुमार आदि ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्य सचिव को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सुरेश कुमार सौंपकर मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और न्यायालय में राजस्व अधिकारियों के उपस्थित होने पर उन्हें पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है।

# पुलिस ने पकड़े 13 जुआरी चार बाइक, 5 लाख बरामद

**राठ, हमीरपुर।** मंगलवार की राठ कोतवाली पुलिस ने चिल्ली गांव में चल रहे जुए के फड़ पर छापा मारकर 13 जुआरियों के साथ साथ पांच लाख से अधिक नगद व चार बाइकें बरामद की हैं। कोतवाल भरत कुमार ने बताया कि मंगलवार रात चिल्ली गांव में एक मकान पर चल रहे जुआ खेलने की सूचना पुलिस ने छापेमारी की। छापेमारी में पुलिस ने अमूंद गांव निवासी अमरचंद उर्फ लोटन राजपूत, ईश्वर दास अहिरवार, चिल्ली निवासी देवेंद्र राजपूत, संदेश राजपूत, गोहांड कस्बे के राजेंद्र नगर मोहल्ला निवासी मुन्नालाल, जय सिंह अनुरागी, वीरपाल सिंह राजपूत, बिन्नी, कला गांव निवासी शुगर सिंह राजपूत, करियारी गांव के अनिल कुमार राजपूत, पारा गांव निवासी राजू राजपूत, सत्यम अहिरवार, इटैलियाबाजा गांव निवासी दिनेश कुमार, रवि करण राजपूत को मौके से गिरफ्तार किया है।

# खरीद केंद्र में बढ़ी किसानों की संख्या

**मौदहा,** हमीरपुर। नगर के गेहूं खरीद केंद्रों में अब धीरे-धीरे किसानों की आने की संख्या में इजाफा होता दिखाई दे रहा है, अभी तक सबसे अधिक गेहूं की खरीद विपणन शाखा के केंद्र प्रभारी द्वारा की गई है जबकि नगर के किसान सहकारी समिति के केंद्र प्रभारी की कार्यप्रणाली के चलते अभी गेहूं की खरीद की बोहनी तक नहीं हो सकी है। वही क्रय विक्रय के केन्द्र प्रभारी ने गेहूं की उठान न होने के कारण फिलहाल गेहूं की खरीद करने से जवाब दे दिया है।

नगर समेत क्षेत्र के किसानों का गेहूं खरीदने के लिए सरकार ने एक अप्रैल से नगर के कृषि उत्पादन मंडी समिति में विपणन शाखा व क्रय विक्रय शाखा के अलावा नगर की किसान सहकारी समिति में तथा पीसीएफ शाखा के गेहूं खरीद केंद्र खुलवा दिए थे। एक सप्ताह तक किसानों के खरीद केंद्रों में कम आने के कारण गेहूं की खरीद कछुआ गति से चलती रही लेकिन अब गेहूं खरीद केंद्रों में आने वाले किसानों की संख्या में खासी वृद्धि हुई है। अभी तक सबसे अधिक खरीद विपणन शाखा के केंद्र प्रभारी सुभाष चंद्र ने की है। गुरुवार तक उन्होंने 2150 कुंटल की खरीद कर ली है वही पीसीएफ के केंद्र प्रभारी सुरेंद्र कुशवाहा ने भी 1783 कुंटल गेहूं किसानों से खरीदा है।

# पेज एक का शेष

## पंजाब के...

अज्ञात लोगों को सफेद कुर्ता-पायजामा में देखा, जिनके सिर और चेहरे ढके हुए थे और वे गोलीबारी के बाद बैरक से बाहर निकल रहे थे। जवान ने बताया कि एक व्यक्ति के हाथ में इंसास राइफल थी, जबकि दूसरे के हाथ में कुल्हाड़ी थी। प्राथमिकी के मुताबिक दो संदिग्ध हमलावरों, जिनकी सामान्य कदकाठी थी, को सैनिक ने जब देखा तो वे बैरक के पास जंगल की ओर चले गए। प्राथमिकी के मुताबिक इसके बाद सेना के दो अधिकारी बैरक में गए तो एक कमरे में सागर बन्नी (25) और योगेश कुमार जे.(24) को खून से लथपथ देखा, जबकि दूसरे कमरे में कमलेश आर.(24), और संतोष एम नागराल (25) के शव पड़े थे। उनके शरीर पर गोलियों के निशान थे। बठिंडा सैन्य अड्डा देश के सबसे बड़े सैन्य ठिकानों में से एक है और यहां पर युद्ध में हिस्सा लेने वाली कई इकाइयों के उल्लेखनीय संख्या में सैनिक रहते हैं। सेना ने कहा कि इलाके को सील कर दिया है और मामले के तथ्यों का पता लगाने के लिए पंजाब पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त जांच की जा रही है। सेना ने बताया कि अब तक किसी व्यक्ति को मामले में हिरासत में नहीं लिया गया है और न ही पकड़ा गया है। पुलिस जांच टीम का नेतृत्व कर रहे बठिंडा के पुलिस अधीक्षक (डिटेक्टिव) अजय गांधी ने संवाददाताओं को बताया कि घटनास्थल से इंसास राइफल की गोलियों के 19 खोखे मिले हैं। सेना ने एक बयान में कहा कि सेना और पुलिस की टीम अब विस्तृत जानकारी के लिए घटना में इस्तेमाल हथियार का फॉरेंसिक विश्लेषण करेगी। हथियार से चलाई गई गोलियों की संख्या की जानकारी फॉरेंसिक विश्लेषण से ही मिलेगी। पंजाब पुलिस के साथ संयुक्त जांच प्रगति पर है। सभी आवश्यक सहायता मुहैया कराई जा रही है।

## विपक्षी एकजुटता...

विपक्षी एकजुटता के लिहाज से ऐतिहासिक करार दिया और कहा कि विचाराधारा की लड़ाई को मिलकर लड़ा जाएगा। उनका कहना था, विपक्ष को एकजुट करने की दिशा में बहुत ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। यह एक प्रक्रिया है। देश के लिए विपक्ष के दृष्टिकोण को विकसित करेंगे। जितनी भी पार्टियां हमारे साथ चलेंगी, उनको साथ लेकर देश में विचारधारा की लड़ाई लड़ेंगे। संस्थाओं और देश पर जो आक्रमण हो रहा है उसके खिलाफ हम एकसाथ मिलकर खड़े होंगे। बाद में राहुल गांधी ने ट्वीट किया, विचारधारा की इस लड़ाई में, विपक्ष की एकता की ओर आज एक ऐतिहासिक कदम लिया गया है। साथ खड़े हैं, साथ लड़ेंगे - भारत के लिए, बैठक की तस्वीरें साझा करते हुए यादव ने ट्वीट किया, सार्थक एवं सकारात्मक। राजद नेता मनोज झा ने कहा, यह एक ऐतिहासिक क्षण है। सभी नेता मिलकर विपक्षी दलों को एकजुट करेंगे। नीतीश के साथ मुलाकात के बाद केजरीवाल ने कहा, देश बहुत मुश्किल दौर से गुजर रहा है। शायद आजादी के बाद सबसे भ्रष्ट सरकार देश में है। जरूरी है कि सारा विपक्ष और लोग एकत्र होकर केंद्र में सरकार बदलें। एक ऐसी सरकार आनी चाहिए कि जो देश का विकास कर सके और लोगों की समस्याओं से मुक्ति दे सके।

## राजनीति का...

हमारे देश का दुर्भाग्य रहा है कि रेलवे जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्था, जो सामान्य मानवीय जीवन का इतना बड़ा हिस्सा है, उसे भी राजनीति का अखाड़ा बना दिया गया था। आजादी के बाद भारत को एक बड़ा रेलवे नेटवर्क मिला था। लेकिन रेलवे के आधुनिकीकरण पर हमेशा राजनीतिक स्वार्थ हावी रहा। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार के सदस्यों के भूमि के बदले नौकरी घोटाले के परोक्ष संदर्भ में प्रधानमंत्री ने कहा, हालत यह थी कि रेलवे की भर्तियों में राजनीति होती थी, बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार होता था। गरीब की जमीन छीन कर उन्हें रेलवे में नौकरी का झांसा दिया गया। रेलवे की सुरक्षा... स्वच्छता रेलवे प्लेटफार्म की स्वच्छता सबकुछ को नजरअंदाज कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि केन्द्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार आने के बाद हालात बदले। मोदी ने कहा, इन सारी परिस्थितियों में बदलाव 2014 के बाद आना शुरू हुआ है जब देश के लोगों ने स्थिर, पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनवाई।

## कोविडः 10-12...

है। ओमीक्रोन व इसके उपस्वरूप अब भी प्रभावी स्वरूप बने हुए हैं, हालांकि अधिकांश स्वरूपों में बहुत कम या महत्वपूर्ण संप्रेषणीयता, रोग की गंभीरता या प्रतिरक्षा बचाव नहीं है। एक्सबीबी.1.16 की पूर्व मौजूदगी इस साल फरवरी में 21.6 प्रतिशत से बढ़कर मार्च में 35.8 प्रतिशत हो गई। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि अस्पताल में भर्ती होने या मृत्यु दर में वृद्धि का कोई सबूत नहीं मिला है। देश में कोरोना संक्रमण के 7,830 नए मामलों के साथ संक्रमित लोगों की संख्या 4,47,76,002 हो गई। यह पिछले 223 दिन में भारत में एक दिन में दर्ज किए गए सर्वाधिक मामले हैं।

## कोविड अनुकूल...

दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी मे स्थिति नियंत्रण में है। यहां न केवल पॉजिटिविटी दर कम है, बल्कि जो कोविड पॉजिटिव मरीज मिल रहे हैं उनकी स्थिति भी सामान्य है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार यह स्थिति घबराने की नहीं सतर्क और सावधान रहने की है। पिछले अनुभवों को दृष्टिगत रखते हुए यह आवश्यक होगा कि हम हर स्तर पर सतर्क रहें। हमें अलर्ट मोड में रहना होगा। लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, वाराणसी, आगरा और मेरठ जनपद में विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। कोविड के हर संदिग्ध मरीज को तत्काल चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराई जाए। स्थानीय जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित करते हुए सभी जिलों में डेडिकेटेड कोविड हॉस्पिटल तत्काल क्रियाशील कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश कोविड टीकाकवर से सुरक्षित है। सर्वाधिक टीकाकरण उत्तर प्रदेश में हुआ है। राज्य स्तरीय कोविड सलाहकार समिति की रिपोर्ट बताती है कि कोविड को लेकर प्रदेश में किसी बड़े खतरे की आशंका न्यून है लेकिन हमें कोविड अनुकूल व्यवहार को अपनाना चाहिए।

## पटना के...

होने को कहा था। हालांकि, बुधवार को सुनवाई के दौरान बचावपक्ष के वकील ने अदालत से दूसरी तारीख देने का अनुरोध करते हुए कहा कि फिलहाल पूरी टीम सूरत वाले मुकदमे में व्यस्त है। इसपर, न्यायाधीश ने गांधी के वकील से कहा कि वह मामले की अगली सुनवाई के दिन, 25 अप्रैल को कांग्रेस नेता की सशरीर उपस्थिति सुनिश्चित करें। सुनवाई पूरी होने के तुरंत बाद, सुशील की ओर से बहस करने वाली एक वरिष्ठ वकील प्रिया गुप्ता ने संवाददाताओं से कहा कि शिकायतकर्ता के पक्ष की ओर से सारी गवाही हो चुकी है, सभी साक्ष्य अदालत को दिए जा चुके हैं और अब गांधी का बयान दर्ज होना बाकी है।

## पूरा फैसला...

निर्णय तैयार करने/लिखने में घोर लापरवाही और उदासीनता से संबद्ध तथा अपरिवर्तनीय हैं, वे पूरी तरह से अस्वीकार्य और किसी न्यायिक अधिकारी के लिए अशोभनीय हैं। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि न्यायाधीश का अपने बचाव में यह कहना भी पूरी तरह से अस्वीकार्य है कि अनुभव की कमी और स्टेनोग्राफर की अक्षमता इसके लिए जिम्मेदार है। पीठ ने कहा, यदि प्रतिवादी का यह मानना था कि सारा दोष स्टेनोग्राफर का है, तो स्टेनोग्राफर को गवाह के रूप में बुलाना उनका जिम्मा था। उच्च न्यायालय ने दुर्भाग्य से सबूत की जिम्मेदारी ही बदल दी। पीठ के अनुसार, लेकिन दुर्भाग्य से उच्च न्यायालय ने न केवल पंचतंत्र की इस कहानी को स्वीकार किया, बल्कि गवाह के रूप में स्टेनोग्राफर से जिरह नहीं करने के लिए प्रशासन तक को दोषी ठहरा दिया।

## मैं मिट्टी...

पहले, अहमद ने दावा किया था कि गुजरात की साबरमती सेंट्रल जेल में उसे परेशान किया जा रहा है। उसने यह भी दावा किया कि उसका परिवार बर्बाद हो गया, लेकिन मीडिया की वजह से वह खुद सुरक्षित है। अहमद ने पिछले महीने सुरक्षा के लिए उच्चतम न्यायालय का रुख किया था, जिसमें दावा किया गया था कि उसे और उसके परिवार को प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड में आरोपी के रूप में झूठा फंसाया गया है और उत्तर प्रदेश पुलिस उसे फर्जी मुठभेड़ में मार सकती है। उमेश पाल हत्याकांड के सिलसिले में उत्तर प्रदेश पुलिस का एक दल मंगलवार को अहमद के साथ गुजरात के अहमदाबाद शहर स्थित साबरमती सेंट्रल जेल से सड़क मार्ग से प्रयागराज के लिए रवाना हुआ। पूर्व सांसद ने कहा, मैं आप लोगों की वजह से सुरक्षित हूं। मैंने वहां (जेल के अंदर) से किसी को फोन नहीं किया क्योंकि वहां जैमर लगाए गए थे। मैंने कोई साजिश नहीं रची और पिछले छह साल से सलाखों के पीछे हूं। बुधवार को अहमद को प्रयागराज लेकर जा रहा पुलिस का काफिला सुबह करीब पौने आठ बजे झांसी से उत्तर प्रदेश की सीमा में दाखिल हुआ। गौरतलब है कि 2005 में बहुजन समाज पार्टी विधायक राजू पाल की हत्या के मामले में प्रमुख गवाह रहे उमेश पाल और उनके दो पुलिस सुरक्षा गार्डों की इस साल 24 फरवरी को प्रयागराज के धूमनगंज इलाके में उनके घर के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## ईडी की...

से संबंधित दस्तावेज और पासबुक जब्त किए हैं, जिनके बारे में संदेह है कि अतीक व उसने सहयोगियों ने इनका इस्तेमाल जबरन वसूली, जमीन हड़पने और अन्य आपराधिक गतिविधियों से अर्जित गलत कमाई के शोधन के लिए किया। सूत्रों के अनुसार, ईडी ने जिन लोगों के खिलाफ छापेमारी की उनमें अतीक अहमद के रिश्तेदार खालिद जफर, उसके साथी व वकील सौलत हनीफ खान, उसके सहयोगी असद, वदूद अहमद, काली, मोहसिन, लेखाकार सबीह अहमद, आसिफ जाफरी और सीताराम शुक्ला तथा रियल एस्टेट कारोबारी संजीव अग्रवाल तथा दीपक भार्गव शामिल हैं। संघीय जांच एजेंसी ने अतीक अहमद के करीबी सहयोगियों और फर्मों के नाम पर 100 से अधिक संपत्तियों से संबंधित कुछ दस्तावेज भी बरामद किए। जांचकर्ताओं को संदेह है कि ए संपत्तियां अहमद की बेनामी संपत्तियां हैं। सूत्रों ने कहा कि जांचकर्ताओं ने कुछ दस्तावेज भी बरामद किए हैं जो 50 करोड़ रुपए से अधिक के नकद लेन-देन की ओर इशारा करते हैं। संपत्तियों के कुछ दस्तावेज भी मिले हैं, जिनके कथित तौर पर आपराधिक धमकी के माध्यम से किसानों से जबरन खरीदे जाने का आरोप लगाया गया है। ईडी ने 2021 में अहमद और उसकी पत्नी शाइस्ता परवीन की आठ करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति उनके खिलाफ धन शोधन जांच के तहत कुर्क की थी।

# भारत के फोरेंसिक विज्ञान विवि ने युगांडा में परिसर स्थापित किया

**भाषा।** कंपाला



**राष्ट्रीय** न्यायालय विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) का विदेश में पहला परिसर बुधवार को युगांडा के जिंजा में स्थापित किया गया और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इसे द्विपक्षीय संबंधों में एक बड़ी उपलब्धि बताया है।

परिसर के उद्घाटन समारोह में जयशंकर ने कहा, हम दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों की एक बड़ी उपलब्धि मनाने के लिए यहां एकत्र हुए हैं। भारत का राष्ट्रीय न्यायालय विज्ञान विश्वविद्यालय (नेशनल फोरेंसिक साइसेंज यूनिवर्सिटी) युगांडा के रक्षा बलों के साथ साझेदारी में यहां अपना परिसर स्थापित कर रहा है। जयशंकर ने कहा कि आज का दिन भारत और युगांडा के लिए गौरव का दिन है। इस अवसर पर युगांडा के उप प्रधानमंत्री, मंत्री और शीर्ष अधिकारी भी उपस्थित थे।

जयशंकर ने कहा कि असल में यह भारत का ऐसा पहला सरकारी विश्वविद्यालय है, जो विदेश में एक परिसर स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि गुजरात से सांसद होने के नाते उन्हें इस विश्वविद्यालय को यह उपलब्धि हासिल करते देख खुशी हो रही है। उल्लेखनीय है कि एनएफएसयू गुजरात में स्थित है। विदेश मंत्री ने कहा कि एनएफएसयू राष्ट्रीय महत्व का एक संस्थान है और पूरी तरह से फोरेंसिक विज्ञान की पढ़ाई कराने वाला यह विश्व का पहला विश्वविद्यालय है। उन्होंने कहा, पिछले कुछ वर्षों में हमने देखा है कि भारत सरकार द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न छात्रवृत्ति के कारण फोरेंसिक विज्ञान पाठ्यक्रमों की अफ्रीकी छात्रों में बहुत मांग है। युगांडा में एक परिसर खोलने के बारे में हितधारकों के सोचने के पीछे यह भी एक कारण है। जयशंकर ने कहा, राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय और युगांडा के नवस्थापित एनडीसी के बीच सहयोग भी विचारार्थ है। विदेश मंत्री 10 से 15 अप्रैल तक दो अफ्रीकी देशों-युगांडा और मोजाम्बिक की यात्रा पर हैं।

## नेपाल से विदेशी मुद्रा की तस्करी करने के आरोप में भारतीय नागरिक गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल में बुधवार को देश के बाहर अमेरिकी मुद्रा की कथित तस्करी का प्रयास करने के आरोप में 43 वर्षीय एक भारतीय समेत तीन विदेशियों को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी संदीप कुमार को त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उस समय गिरफ्तार किया गया जब वह दुबई के रास्ते अमेरिका जाने वाले विमान में सवार होने वाला था।

नेपाल पुलिस ने एक बुलेटिन में कहा कि उसके पास 7,129 अमेरिकी डॉलर की अघोषित धनराशि थी। सुरक्षा जांच के दौरान दो बांग्लादेशी नागरिकों को भी गिरफ्तार किया गया है, जो 10-10 हजार अमेरिकी डॉलर की तस्करी करने की कोशिश करते हुए ढाका जाने वाली बिमान बांग्लादेश की उड़ान में सवार होने वाले थे। पुलिस ने कहा कि तीनों वैध सहायक दस्तावेजों के बिना मुद्रा ले जा रहे थे।

# अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र के काम करने में कोई बाधा नहीं : तालिबान

**एपी।** इस्लामाबाद

**अफगान** महिलाओं के संयुक्त राष्ट्र में काम करने पर पाबंदी लगाने के बाद तालिबान के मुख्य प्रवक्ता ने बुधवार को कहा कि अफगानिस्तान में इस वैश्विक संस्था के काम करने में कोई बाधा नहीं है।

पिछले सप्ताह, देश के तालिबान शासकों ने महिलाओं पर पाबंदी लगाने की दिशा में एक और कदम उठाते हुए कहा था कि संयुक्त राष्ट्र मिशन में कार्यरत अफगान महिला कर्मी अब वहां काम नहीं कर सकती हैं। देश की खुफिया एजेंसी इस पाबंदी को लागू कर रही है जो कंधार में तालिबान नेतृत्व को रिपोर्ट करती है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि वह फैसले को स्वीकार नहीं कर सकता और उसने इसे गैरकानूनी तथा महिला अधिकारों का हनन बताया है।

वैश्विक संस्था ने कहा कि लाखों अफगान महिलाओं को जीवनरक्षक सहायता उपलब्ध कराने में महिलाएं अहम भूमिका निभा रही हैं तथा इसने इस देश में इसके पुरुष व महिला कर्मियों को घर पर ही रहने का निर्देश दिया है।

तालिबान नीत सरकार के मुख्य प्रवक्ता और सर्वोच्च नेता के करीबी जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि अफगान महिलाओं को संयुक्त राष्ट्र में काम करने से रोकने का फैसला आंतरिक मामला है और हर किसी को इसका पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा, इस फैसले का यह मतलब नहीं है कि यहां भेदभाव हो रहा है या संयुक्त राष्ट्र की गतिविधियों को रोका जा रहा है। इसके विपरीत हमलोग अपने देश के सभी नागरिकों के धार्मिक एवं सांस्कृतिक हितों को ध्यान में रखते हुए उनके अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध हैं। वैश्विक संस्था के एक बयान के मुताबिक, देश में संयुक्त राष्ट्र मिशन प्रमुख रोजा ओतुनबाएवा ने पाबंदी के खिलाफ एक समीक्षा प्रक्रिया शुरू की है जो पांच मई तक चलेगी। इस अवधि के दौरान संयुक्त राष्ट्र आवश्यक परामर्श करेगा, कामकाज से जुड़ा जरूरी समायोजन करेगा और सभी संभावित नतीजों के लिए आकस्मिक योजनाओं पर कार्य करने में तेजी लाएगा। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय सहायता कार्यालय ने बुधवार को एक ट्वीट में कहा, पहले से ही, अपर्याप्त संसाधनों के चलते खाद्य वस्तुओं में आधी कटौती की गई है। यदि तुरंत वित्तपोषण सुनिश्चित नहीं होता है तो लाखों अफगान प्रभावित होंगे।

# नेपाल में सड़क दुर्घटना में चार भारतीयों की मौत

**भाषा।** काठमांडू



**नेपाल** के बागमती प्रांत के एक सुदूर क्षेत्र में एक कार के नाले में गिर जाने से चार भारतीय नागरिकों की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। यह जानकारी पुलिस ने बुधवार को दी।

पुलिस ने बताया कि दुर्घटना मंगलवार देर रात हुई जब उस कार के चालक ने वाहन पर से अपना नियंत्रण खो दिया जिससे कार सिंधुली जिले के कमला माई नगर पालिका में बनेपा बर्दिबास राजमार्ग से करीब 500 मीटर नीचे खाई में गिर गई।

खबर के अनुसार, चारों मृतक पुरुष हैं, लेकिन उनकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

काठमांडू पोस्ट अखबार ने जिले के पुलिस अधीक्षक राज कुमार सिलवाल के कार्यालय के हवाले से कहा कि बिहार के पंजीकरण नंबर वाली कार काठमांडू जा रही थी और उसके दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन व्यक्तियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सिलवाल ने कहा कि सिंधुली अस्पताल ले जाए गए एक अन्य घायल यात्री की इलाज के दौरान मौत हो गई। खबर के मुताबिक, गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को आगे के इलाज के लिए धुलीखेल अस्पताल ले जाया गया। दुर्गम भौगोलिक क्षेत्र होने के कारण दुर्घटनास्थल से मृतकों के शव नहीं निकाले जा सके हैं। खबर में सिलवाल के हवाले से कहा गया है, दुर्घटनास्थल तक पहुंचने में एक घंटे से अधिक का समय लगेगा। इसलिए शवों को बाहर निकालने में मुश्किल होगी। उन्होंने कहा कि शवों को निकालने के लिए नेपाल सेना की मदद मांगी गई है और टीम घटनास्थल पर जा रही है।

# चीन में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश को भ्रष्टाचार के लिए 12 साल की सजा

**भाषा।** बीजिंग

**चीन** में उच्चतम न्यायालय के एक न्यायाधीश को दो दशकों में 2.27 करोड़ युआन (33 लाख अमेरिकी डॉलर) की रिश्वत लेने का दोषी ठहराते हुए 12 साल की सजा सुनाई गई है।

झेंग्झु शहर की एक अदालत ने न्यायाधीश मेंग शियांग द्वारा वर्ष 2003 से 2020 के बीच रिश्वत लेने की बात स्वीकार किए जाने के बाद उन पर 20 लाख युआन का जुर्माना भी लगाया।

हांगकांग के साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट समाचार पत्र ने बुधवार को अपनी एक रिपोर्ट में बताया कि अदालत ने कहा कि मेंग ने अदालती फैसलों और कानून प्रवर्तन को प्रभावित करने, कंपनियों के लिए निर्माण अनुबंध हासिल करने तथा कैडर चयन जैसे मामलों में दूसरों की मदद करने के बदले में रिश्वत लेने के लिए अपनी शक्ति का दुरुपयोग किया था।

रिपोर्ट के मुताबिक, 58 वर्षीय मेंग को दो साल पहले न्यायिक और भूमि प्रवर्तन अधिकारियों को लक्षित करने वाले स्व-सुधार अभियान के तहत जांच के दायरे में रखा गया था।

मेंग ने बीजिंग में एक स्थानीय जिला अदालत में क्लर्क के रूप में शुरुआत करते हुए तीन दशकों से अधिक समय तक देश की न्याय प्रणाली में काम किया।

## कनाडा में सड़क हादसे में भारतीय मूल के पुलिस अधिकारी की मौत

**टोरंटो।** कनाडा के अल्बर्टा प्रांत में एक सड़क हादसे में भारतीय मूल के एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई।

कैनेडियन ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन की खबर के मुताबिक, एडमॉनटन के पूर्वी क्षेत्र में सोमवार को एक शिकायत मिलने के बाद घटनास्थल के लिए रवाना हुए हरविंदर सिंह धामी (32) का वाहन सड़क हादसे का शिकार हो गया, जिससे उनकी मौत हो गई।

खबर के अनुसार, धामी का वाहन कंक्रीट के एक अवरोधक से टकरा गया। इसमें बताया गया है कि आपात सेवाओं और राहगीरों ने हादसे में गंभीर रूप से घायल धामी का मौके पर प्राथमिक उपचार किया, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी।

# ट्विटर का मालिक होना दुखदाई लेकिन यह जरूरी भी था : मस्क

**एपी।** लंदन



**कारोबारी** एलन मस्क ने बीबीसी से बातचीत में कहा कि ट्विटर चलाना काफी दुखदाई रहा है, लेकिन पिछले साल इसे हासिल करने के बाद मोटे तौर पर कंपनी लाभ कमाने की स्थिति में पहुंचने को तैयार है। एक साक्षात्कार में मस्क ने छंटनी, गलत सूचना और अपनी कार्यशैली सहित ऑनलाइन मंच पर अपने स्वामित्व के बारे में चर्चा की। इस साक्षात्कार को मंगलवार देर रात ट्विटर स्पेस पर भी प्रसारित किया गया। उन्होंने ट्विटर के सैन फ्रांसिस्को मुख्यालय में ब्रिटिश प्रसारक को बताया, यह उबाऊ नहीं था। यह काफी उतार-चढ़ाव भरा था। मुख्यधारा के किसी समाचार संस्थान के लिए मस्क का साक्षात्कार करने का यह एक दुर्लभ मौका था। मस्क इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनी टेस्ला व रॉकेव व अंतरिक्षयान प्रक्षेपण के क्षेत्र से जुड़ी निजी क्षेत्र की कंपनी स्पेस एक्स के भी मालिक हैं।

**● मस्क इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनी टेस्ला व रॉकेव व अंतरिक्षयान प्रक्षेपण के क्षेत्र से जुड़ी निजी क्षेत्र की कंपनी स्पेस एक्स के भी मालिक है**

पिछले साल 44 अरब अमेरिकी डॉलर में ट्विटर खरीदने के बाद मस्क द्वारा किए गए बदलावों में कंपनी के संचार विभाग को समाप्त करना भी शामिल था। कंपनी से टिप्पणी मांगने के लिए ईमेल करने वाले संवाददाताओं को ऑटोमैटिक-जवाब में पूप (पॉटी) इमोजी के साथ जवाब मिलता है। साक्षात्कार के दौरान कुछ मौकों पर माहौल तनावपूर्ण भी रहा, जब मस्क ने ऑनलाइन मंच पर अभद्र भाषा के बढ़ते स्तर के बारे में दावा करने के लिए रिपोर्टर को चुनौती दी थी। हल्के-फुल्के पलों में मस्क अपने ही मजाक पर हंसते दिखे और एक से ज्यादा बार इस बात का उल्लेख किया कि वह सीईओ नहीं थे बल्कि उनका कुत्ता फ्लोकी सीईओ था। उन्होंने इस बात का भी खुलासा किया कि कई बार वह ट्विटर के सैन फ्रांसिस्को कार्यालय में सोफे पर सो जाते हैं। कारोबारी ने कहा कि जिन विज्ञापनदाताओं ने मस्क के उथल-पुथल भरे अधिग्रहण के मद्देनजर मंच को छोड़ दिया था, उनमें से ज्यादातर लौट आए हैं। उन्होंने हालांकि इस संबंध में विवरण नहीं दिया।

मस्क ने पूर्वानुमान व्यक्त किया कि मौजूदा रुझान जारी रहने पर मौजूदा तिमाही में ट्विटर की आय सकारात्मक हो सकती है।

ट्विटर क्योंकि एक निजी कंपनी है, उसके वित्त के बारे में सूचनाएं सत्यापित नहीं की जा सकती।

ऑनलाइन मंच का अधिग्रहण करने के बाद मस्क ने लागत कम करने के प्रयास के तहत बड़े पैमाने पर छंटनी की थी। उन्होंने कहा कि ट्विटर के कार्यबल को पूर्व में 8000 कर्मचारियों से घटाकर करीब 1500 कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह कुछ ऐसा है जिसे किया जाना था।

## क्विक न्यूज

### आतंकियों के हमले में चार पुलिस अधिकारियों की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा के पास मंगलवार को आतंकवादियो की गोलीबारी मे कम से कम चार पुलिस अधिकारियो की मौत हो गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जुहैब मोहसिन ने बताया कि क्वेटा के पास कुचलक में सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के खिलाफ मंगलवार सुबह एक अभियान चलाया था। यह अभियान पुलिस और फ्रंटियर कांस्टेबुलरी के जवानो द्वारा चलाया गया था। इस दौरान जवानों ने कुचलक इलाके में एक मकान को घेर लिया, लेकिन वहां छिपे आतंकवादियों ने उन पर गोलियां चला दी। उन्होंने बताया कि गोलीबारी में चार पुलिस अधिकारी मारे गए। अधिकारी ने बताया कि जवाबी कार्वाई मे सुरक्षाबलो ने एक आतंकी को मार गिराया, जबकि बाकी आतंकी भागने मे सफल रहे। अधिकारी के मुताबिक, आतंकी के शव को पहचान के लिए क्वेटा अस्पताल ले जाया गया। हाल के दिनों में बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षा बलों पर आतंकी हमलो मे वृद्धि हुई है।

### लाहौर में भारतीय सिख श्रद्धालु की दिल का दौरा पड़ने से मौत

**लाहौर।** पाकिस्तान के लाहौर मे वैसाखी मेला में शिरकत करने पहुंचे 65 वर्षीय भारतीय सिख श्रद्धालु की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) के प्रवक्ता आमिर हाशमी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि भारतीय पंजाब मे जालंधर निवासी जोकिंदर सिंह रविवार रात वाघा सरहद से होते हुए लाहौर पहुंचे थे और मंगलवार को दिल का दौरा पड़ने से उनकी मौत हो गई। भारत से कुल 2,470 श्रद्धालु वैसाखी उत्सव के लिए पिछले हफ्ते पाकिस्तान आए थे। हाशमी ने बताया, गुरुद्वारा ननकाना साहिब के एक रिहायशी ब्लॉक मे रह रहे सिंह ने सीने मे दर्द की शिकायत की, जिसके बाद उन्हे पास के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरो ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने कहा कि जोकिंदर सिंह सरदार अमरजीत सिंह के समूह का हिस्सा थे।

### ब्रिटेन में टिकटॉक पर आपत्तिजनक वीडियो साझा करने के लिए भारतीय को सजा

**लंदन।** ब्रिटेन की एक अदालत ने 68 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति को सोशल मीडिया ऐप टिकटॉक पर एक खास समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक वीडियो साझा करने का दोषी ठहराते हुए 18 महीने की सजा सुनाई है। अदालत ने पिछले सप्ताह जारी अपने आदेश मे बर्कशायर निवासी अमरीक बाजवा पर 240 पाउंड का जुर्माना भी लगाया। पुलिस ने मंगलवार को जारी एक बयान मे कहा, थेम्स वैली पुलिस की जांच के बाद, एक व्यक्ति को सोशल मीडिया के जरिए आपत्तिजनक संदेश साझा करने के लिए सजा सुनाई गई है। बाजवा ने पिछले साल 19 जुलाई को टिकटॉक पर एक वीडियो साझा किया था, जिसमे दलित समुदाय को निशाना बनाया गया था। जांच अधिकारी एंड्रयू ग्रांट ने कहा, मै दी गई सजा से खुश हूं, जो साफ संदेश देती है कि थेम्स वैली पुलिस अमरीक बाजवा जैसा व्यवहार बर्दाश्त नही करेगी।

### ब्रिटिश पाकिस्तानी समूह ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सुनक को सामुदायिक दोषारोपण पर खुला पत्र लिखा

लंदन, 12 अप्रैल (भाषा) एक ब्रिटिश पाकिस्तानी प्रवासी समूह ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को एक खुला पत्र लिखकर उनसे देश की गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन द्वारा की गई टिप्पणी पर स्पष्टीकरण देने का अनुरोध किया है। समूह का कहना है कि बाल यौन शोषण के पीछे गिरोहों को संगठित करने के संबंध मे ब्रेवरमैन की टिप्पणी से उनके समुदाय का अपमान हुआ है। लगभग 18,000 पाकिस्तानी प्रवासी सदस्यो का प्रतिनिधित्व करने का दावा करने वाले ब्रिटिश पाकिस्तानी फाउंडेशन (बीपीएफ) ने सुनक से कहा कि वह कैबिनेट मंत्री से उनके गैर जिम्मेदार शब्दों को वापस लेने के लिए कहें। अन्य पाकिस्तानी प्रवासी समूहो द्वारा भी इसी तरह के पत्र जारी किए गए है और सभी पत्रो मे भारतीय मूल की कैबिनेट मंत्री की टिप्पणियो को वापस लेने की मांग की गई है।



**वाशिंगटन में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) मुख्यालय में विश्व बैंक/आईएमएफ स्प्रिंग मीटिंग के दौरान एक बहुपक्षीय विकास बैंक (एमडीबी) विकास गोलमेज सम्मेलन में बोलती ट्रेजरी सचिव जेनेट येलेन।**

## फॉक्स के वकीलों ने मानहानि मामले में मर्डोक की भूमिका का खुलासा किया

**विलमिंगटन।** अमेरिका में 2020 में हुए राष्ट्रपति चुनाव को लेकर झूठे दावों से संबंधित मानहानि के मामले में फॉक्स का बचाव कर रहे वकीलों ने समाचार चैनल फॉक्स न्यूज़ में कंपनी के संस्थापक रूपर्ट मर्डोक की भूमिका से जुड़ी अहम जानकारी छिपाई है। न्यायाधीश मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान यह बात सामने आने के बाद नाराज़ हो गए। हालांकि, फिलहाल यह साफ नहीं है कि इससे जूरी के चयन के साथ बृहस्पतिवार से शुरू हो रही मुकदमे की सुनवाई पर असर पड़ेगा या नहीं। डोमिनियन वोटिंग सिस्टम ने फॉक्स पर 1.6 अरब डॉलर का मुकदमा किया है और कहा है कि उसने इन झूठे दावों को बार-बार प्रसारित करके उसकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाया कि कंपनी ने धोखाधड़ी को अंजाम देने में मदद की, जिसकी कीमत पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को चुनाव में चुकानी पड़ी। इस मामले में कंपनी के अधिकारियों की भूमिका केंद्र में है।

फॉक्स कॉरपोरेशन ने 2021 में डोमिनियन की ओर से मुकदमा दायर किए जाने के बाद कहा था कि मर्डोक की समाचार चैनल में कोई भूमिका नहीं है। डोमिनियन ने फॉक्स न्यूज के अधिकारी सुज़ैन स्कॉट, जे वालेस और जो डोंगो को नामज़द किया था। लेकिन ईस्टर रविवार को फॉक्स ने डोमिनियन के वकीलों को बताया कि मर्डोक फॉक्स न्यूज़ में कार्यकारी अध्यक्ष हैं।

# कैलिफोर्निया विधानसभा ने अमेरिकी सांसदों से सिख विरोधी दंगों को नरसंहार मानने का अनुरोध किया

**भाषा।** वाशिंगटन

**कैलिफोर्निया** राज्य विधानसभा ने एक प्रस्ताव पारित कर अमेरिकी कांग्रेस (संसद) से भारत में 1984 में हुई सिख विरोधी हिंसा को नरसंहार के रूप में औपचारिक रूप से मान्यता देने और उसकी निंदा करने का अनुरोध किया है।

यह प्रस्ताव 22 मार्च को विधानसभा सदस्य जसमीत कौर बैंस द्वारा पेश किया गया था, जो राज्य विधानसभा के पहले निर्वाचित सिख सदस्य हैं और सोमवार को राज्य विधानसभा द्वारा सर्वसम्मति से इसे पारित कर दिया गया।

विधानसभा सदस्य कार्लोस विलापुदुआ ने इसका समर्थन किया। विधानसभा में एकमात्र अन्य हिंदू सदस्य ऐश कालरा ने भी इसके पक्ष में मतदान किया। प्रस्ताव में कहा गया है कि अमेरिका में सिख समुदाय इस दंगे के शारीरिक और मनोवैज्ञानिक आघात से अब तक उबर नहीं पाया है। प्रस्ताव में अमेरिकी कांग्रेस से औपचारिक रूप से नवंबर 1984 की सिख विरोधी हिंसा को नरसंहार के रूप में मानने और इसकी निंदा करने का आग्रह किया गया है।

अमेरिकी सिख कॉकस कमेटी और अन्य अमेरिकी सिख संस्थाओं के समन्वयक प्रीतपाल सिंह ने एक बयान जारी कर इस प्रस्ताव को पेश करने और पारित करने के लिए कैलिफोर्निया राज्य विधानसभा के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

2015 में कैलिफोर्निया विधानसभा ने भी सिख विरोधी हिंसा को नरसंहार करार देते हुए एक प्रस्ताव पारित किया था। भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 31 अक्टूबर 1984 को उनके सिख अंगरक्षकों ने हत्या कर दी थी, जिसके बाद दिल्ली और देश के अन्य हिस्सों में हिंसा भड़क उठी।

## भारतीय मूल के व्यक्ति को हमला करने और अन्य अपराधों में आरोपित किया गया

**सिंगापुर।** सिंगापुर के सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट (सीबीडी) में कथित रूप से कुल्हाड़ी लहराने के मामले में एक अदालत में भारतीय मूल के 25 वर्षीय व्यक्ति को हमला करने और अन्य अपराधों में आरोपित किया गया है।

द स्ट्रेट्स टाइम्स अखबार की खबर के मुताबिक, यूट्यूब पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में, मनोहर थिरुनावुक्करासु मंगलवार को सुबह सीबीडी के स्टैमफोर्ड रोड में रैफल्स सिटी शॉपिंग मॉल की ओर सड़क पार करते हुए कुल्हाड़ी लहराता हुआ दिखाई दे रहा है।

वह पास के यातायात सिग्नल पर खड़ी पुलिस की एक कार की ओर बढ़ा जिसके बाद वहां मौजूद दो अधिकारियों ने उस पर अपने हथियार तान दिए। खबर में कहा गया है कि इसके बाद व्यक्ति ने अपनी कुल्हाड़ी फेंक दी, जो बगल के फुटपाथ पर जा गिरी। पहले एक बयान में, पुलिस ने कहा कि उन्हें मंगलवार को सुबह स्टैमफोर्ड रोड पर झगड़े की सूचना मिली थी।

# ताइवान के आसपास व्यापक सैन्य अभ्यास एक कड़ी चेतावनी : चीन

**एपी।** बीजिंग

**चीन** का कहना है कि ताइवान के आसपास उसका व्यापक स्तर पर किया गया सैन्य अभ्यास द्वीप राष्ट्र को एक कड़ी चेतावनी है।

चीन के ताइवान से जुड़े मामलों के कार्यालय की प्रवक्ता झू फेंगलियन ने कहा, पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने हाल ही में ताइवान जलडमरूमध्य और आसपास के समुद्री क्षेत्र में कई अभ्यास किए, जो ताइवान की स्वतंत्रता की समर्थक अलगाववादी ताकतों और बाहरी ताकतों की मिलीभगत और उकसावे के खिलाफ एक गंभीर चेतावनी है।

झू फेंगलियन ने कहा, देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए यह एक आवश्यक कार्वाई है। चीन का तीन दिवसीय व्यापक अभ्यास सोमवार को समाप्त हुआ। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष केविन मैक्कार्थी की ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग-वेन से पिछले सप्ताह कैलिफोर्निया में मुलाकात के बाद चीन की ओर से यह आक्रामक कार्वाई की गई। चीन का दावा है कि ताइवान उसका हिस्सा है और यदि जरूरत पड़ी तो वह बल के दम पर उसे अपने नियंत्रण में लेगा। वह नियमित रूप से जहाजों और युद्धक विमानों को द्वीप के पास हवाई तथा समुद्री क्षेत्र में भेज रहा है। ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि उसने पिछले 24 घंटे के भीतर पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के युद्धक विमानों की 35 उड़ानों और द्वीप के आसपास के पानी में नौसेना के आठ जहाजों की गतिविधियों का पता लगाया है। चीन ताइवान के सरकारी संस्थानों को मान्यता नहीं देता है और उसने साई के प्रशासन से सभी तरह के संपर्क तोड़ रखे हैं। वह साई पर नियमित रूप से बाहरी समर्थन के साथ औपचारिक स्वतंत्रता की साजिश रचने का आरोप लगाता है - जिसे आमतौर पर अमेरिका के संदर्भ में देखा जाता है।

# बाइडन उत्तरी आयरलैंड को बताएंगे शांति का लाभ आर्थिक विकास के रूप में मिलेगा

**एपी।** बेलफास्ट (उत्तरी आयरलैंड)



**अमेरिका** के राष्ट्रपति गुड फ्राइडे समझौते की 25वें सालगिरह समारोह में शामिल होने के लिए बुधवार को उत्तरी आयरलैंड में हैं। इस समझौते से ब्रिटेन के इस हिस्से में शांति स्थापित हुई थी और बाइडन बताएंगे कि कैसे शांति का लाभांश आर्थिक विकास के तौर पर सामने आएगा।

उत्तरी आयरलैंड में बतौर अमेरिकी राष्ट्रपति अपनी पहली यात्रा कर रहे बाइडन ने कहा कि अगर बेलफास्ट के नेता नए राजनीतिक संकट का समाधान करते हैं जिसने गुड फ्राइडे समझौते को एक तरह से निष्क्रिय कर दिया है और उत्तरी आयरलैंड की सरकार को पंगु बना दिया है तो अमेरिका आर्थिक विकास के लिए निवेश कर सकता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति के यूरोपीय मामलों की शीर्ष सलाहकार अमांडा स्लोट ने बताया कि बेलफास्ट में स्थित अल्स्टर विश्वविद्यालय के नए परिसर में दिए जाने वाले भाषण में बाइडन उत्तरी आयरलैंड की विशाल आर्थिक संभावना पर ध्यान केंद्रित करेंगे। उन्होंने बताया कि बाइडन बात करेंगे कि कैसे गत 25 साल में शांति पर ध्यान केंद्रित किया गया और कैसे अगले 25 वर्षों को विकास और आर्थिक समृद्धि के कार्यों के लिए याद किया जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि गुड फ्राइडे संधि तक पहुंचने में अमेरिका ने अहम भूमिका निभाई थी जिससे दशकों पुराना जातीय संघर्ष समाप्त हुआ जिसमें करीब 3,600 लोग मारे गए थे। हालांकि, वह शांति उत्तरी आयरलैंड में समाप्त होती प्रतीत हो रही है और मौजूदा समय में वहां कोई कामकाजी सरकार नहीं है।

गौरतलब है कि बाइडन ने बुधवार के अपने कार्यक्रम की शुरुआत ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के साथ चाय पीकर की।उन्होंने उत्तरी आयरलैंड की पांच प्रमुख पार्टियों के नेताओं से मुलाकात करने के साथ-साथ कई बैठकों में भी हिस्सा लिया।

**Public Notice**
We, **D.K Mishra** (Dhupendra Mishra) and my wife **Usha Mishra R/o RZ-140, Karan Vihar Ph-1, Gali no-2, Kirari Suleman Nagar, Delhi-110086** has debarred and disowned our son **Anoop** & his wife **Dolly Tripathi** (Tabbu) from our all movable and immovable properties. If Anybody deal with them they do so at own risk.
Ramesh Chander (Adv),Ch-68, Western Wing,Tis Hazari

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 13 अप्रैल 2023



# देश की आवश्यकताओं को देखकर लागू की गयी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति



**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति आधुनिक और विकसित भारत की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर लागू की गई है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि यह नीति बच्चों के समग्र विकास, ज्ञान, कौशल, संस्कृति और भारतीय मूल्यों को बढ़ावा देने पर जोर देती है। प्रधानमंत्री ने मध्यप्रदेश में नवनियुक्त शिक्षकों की ओर से आयोजित कार्यक्रम को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित हुए कहा, केंद्र सरकार ने आधुनिक और विकसित भारत की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) लागू की है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान करने का अभियान तेज गति से चल रहा है, जहां विभिन्न जिलों में रोजगार मेले आयोजित कर हजारों युवाओं की विभिन्न पदों पर भर्ती की गई है।

प्रधानमंत्री ने बताया कि शिक्षकों के पद के लिए 22,400 से अधिक युवाओं की भर्ती की जा चुकी है। प्रधानमंत्री ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले युवाओं को शिक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्य में शामिल होने के लिए बधाई दी। एनईपी के प्रभावी कार्यान्वयन में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए मोदी ने कहा कि मध्यप्रदेश में बड़े पैमाने पर शिक्षक भर्ती अभियान इस दिशा में एक बड़ा कदम है। मोदी ने यह भी बताया कि आज नियुक्त लगभग आधे शिक्षकों को आदिवासी क्षेत्रों में नियुक्त किया जाएगा जिससे बच्चों को लाभ होगा।

प्रधानमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की कि प्रदेश सरकार ने इस वर्ष एक लाख से अधिक सरकारी पदों पर भर्ती करने का लक्ष्य तय किया है, जिसमें 60 हजार शिक्षकों की भर्ती शामिल हैं। इसके परिणामस्वरूप राज्य ने राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण में शिक्षा की गुणवत्ता में एक बड़ी छलांग लगाई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य विज्ञापन पर खर्च किए बिना 17वें स्थान से 5वें स्थान पर पहुंच गया है। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और राज्य सरकार को बधाई दी। महत्वाकांक्षी कौशल विकास कार्यक्रम का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार रोजगार और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास पर विशेष जोर दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत युवाओं को प्रशिक्षण देने के लिए देश भर में कौशल विकास केंद्र खोले गए हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, इस वर्ष के बजट में 30 स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर खोले जाएंगे, जहां युवा न्यू एज टेक्नोलॉजी के माध्यम से प्रशिक्षित किए जाएंगे और पीएम विश्वकर्मा योजना के माध्यम से छोटे-छोटे कारीगरों को प्रशिक्षण देने तथा उन्हें एमएसएमई के साथ जोड़ने की पहल की गई है। आज नियुक्त हुए हजारों शिक्षकों की ओर निर्देशित करते हुए उनसे कहा कि वे अपने हृदय में विद्यार्थियों के लिए उसी तरह की जगह बनाए जिस तरह हमारे जीवन में एक मां या एक शिक्षक प्रभाव डालते हैं। मोदी ने कहा, आपको हमेशा यह ध्यान रखना चाहिए कि आपकी शिक्षा न केवल वर्तमान को बल्कि देश के भविष्य को भी आकार देगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि आप के द्वारा विकसित किए गए मूल्य न केवल आज की पीढ़ी पर बल्कि आने वाली पीढ़ियों पर भी सार्थक प्रभाव डालेंगे।

## आवास योजना ने अनगिनत जिंदगियां बदल दी हैं : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेकर अपना पहला घर बनाने वाली एक रसोइया एन सुब्बुलक्ष्मी द्वारा उन्हें लिखा गया पत्र बुधवार को साझा करते हुए कहा कि गरीबों के लिए उनकी सरकार की आवास योजना ने अनगिनत जिंदगियां बदल दी हैं। सुब्बुलक्ष्मी, हाल में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए सी. आर. केसवन के घर में रसोइया के रूप में काम करती हैं। केसवन, प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और भारत के अंतिम गवर्नर जनरल सी. राजगोपालाचारी के प्रपौत्र हैं। उन्होंने बुधवार को प्रधानमंत्री से मुलाकात की और इस दौरान सुब्बुलक्ष्मी का एक पत्र और कुछ तस्वीरें उन्हें सौंपी। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट कर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि मदुरै की रहने वाली सुब्बुलक्ष्मी को वित्तीय समस्याओं सहित कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा लेकिन अब वह पीएम आवास योजना के तहत प्राप्त एक आवास की मालकिन हैं और उसमें रह रही हैं। मोदी ने कहा, अपने पत्र में, एन. सुब्बुलक्ष्मी जी ने यह भी साझा किया कि कैसे यह घर उनके लिए पहला घर है और यह उनके जीवन में सम्मान के साथ-साथ गरिमा भी लेकर आया है। उन्होंने अपने घर की तस्वीरें साझा कीं और अपना आभार और आशीर्वाद व्यक्त किया। इसी तरह के आशीर्वाद महान शक्ति का स्रोत हैं। प्रधानमंत्री ने ट्वीट के साथ सुब्बुलक्ष्मी का पत्र और उनके घर की तस्वीरें भी साझा कीं। उन्होंने कहा कि सुब्बुलक्ष्मी की तरह ऐसे अनगिनत लोग हैं जिनकी जिंदगी पीएम आवास योजना की वजह से बदल गई है। उन्होंने कहा, एक घर उनके जीवन में गुणात्मक अंतर लाया है। मोदी ने कहा कि यह योजना महिला सशक्तीकरण में भी अग्रणी रही है। कांग्रेस में रह चुके केसवन गत शनिवार को भाजपा में शामिल हुए थे।

# ठोस रक्षा वित्त व्यवस्था मजबूत सेना की रीढ़ : राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को रक्षा संबंधी खर्च के लिए आंतरिक और बाह्य ऑडिट के विश्वसनीय तंत्र की वकालत की। साथ ही उन्होंने भारत की रक्षा जरूरतों पर खर्च किए गए धन के अधिकतम उपयोग के लिए अभिनव तरीके खोजने का आह्वान किया। सिंह ने एक सम्मेलन में अपने संबोधन के दौरान वित्तीय संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग पर बल दिया और कहा कि रक्षा खरीद में खुली निविदा के माध्यम से प्रतिस्पर्धी बोली के नियम का पालन किया जाना चाहिए।

रक्षा मंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार और अपव्यय की संभावनाओं को कम करने से जनता के बीच सकारात्मक विचार पैदा होता है, जिससे विश्वास बढ़ता है कि जनता का पैसा बेहतर तथा विवेकपूर्ण तरीके से खर्च किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके चलते विधायिका द्वारा अधिक धन आवंटित करने की संभावना बढ़ जाती है। सिंह ने एक मजबूत सेना के लिए ठोस रक्षा वित्त व्यवस्था के महत्व को भी रेखांकित किया और विस्तृत ब्लू बुक्स की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला। ब्लू बुक्स , सैन्य उपकरणों और प्रणालियों की खरीद के लिए नियमों और प्रक्रियाओं को संहिताबद्ध करती है। सिंह ने कहा कि सरकार ने पूंजी अधिग्रहण के लिए रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया 2020 के रूप में ब्लू बुक्स तैयार की है जबकि सेनाओं को वित्तीय शक्तियां सौंपने के अलावा राजस्व खरीद के लिए रक्षा खरीद नियमावली तैयार की गई है। उन्होंने रक्षा वित्त एवं अर्थशास्त्र पर तीन दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद कहा, ए नियमावली यह सुनिश्चित करने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं कि रक्षा खरीद की प्रक्रिया नियमबद्ध है और वित्तीय औचित्य के सिद्धांतों का पालन करती है।

# कर्नाटक में भाजपा को झेलनी पड़ रही नाराजगी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची की घोषणा करने के बाद भारतीय जनता पार्टी को चुनाव लड़ने के आकांक्षी उन लोगों की खुले तौर पर नाराजगी झेलनी पड़ी जिन्हें टिकट नहीं मिला। सूची आने के साथ ही राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा में असंतोष पनपता दिखा। भाजपा द्वारा अथानी से टिकट नहीं दिए जाने के बाद पूर्व उपमुख्यमंत्री लक्ष्मण सावदी ने बुधवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने की घोषणा की। टिकट नहीं मिलने के बाद कर्नाटक के मंत्री और दक्षिण कन्नड़ जिले के सुलिया क्षेत्र से छह बार के विधायक एस. अंगारा ने राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा की।

उडुपी के विधायक रघुपति भट को भी पार्टी ने इस बार मौका नहीं दिया। भट ने कहा कि पार्टी द्वारा उनके साथ किए गए व्यवहार से उन्हें बहुत पीड़ा हुई है। रानीबेन्नूर विधानसभा सीट से टिकट चाह रहे भाजपा एमएलसी आर शंकर ने पार्टी द्वारा उनके अनुरोध को नजरअंदाज करने के बाद आज विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। भाजपा ने चुनाव के लिए मंगलवार को विधानसभा की कुल 224 सीटों में से 189 के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। सूची में 52 नए चेहरों को शामिल किया गया है।

घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा कि पार्टी उन सभी असंतुष्टों से बात करेगी, और उनकी चिंताओं का ध्यान रखेगी। सावदी ने बेलगावी में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैंने निश्चित रूप से एक निर्णय लिया है। मैंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने का फैसला किया है। कांग्रेस में शामिल होने की अटकलों के बीच तीन बार के विधायक 63 वर्षीय सावदी ने कहा कि वह बृहस्पतिवार शाम को मजबूत निर्णयै लेंगे और शुक्रवार से इस पर काम करना शुरू कर देंगे। भाजपा नेता और पूर्व मंत्री रमेश जारकीहोली का समर्थन रखने वाले मौजूदा विधायक महेश कुमाथल्ली को बेलगावी जिले के अथानी से टिकट दिया गया है। कुमाथल्ली पाला बदलने वालों के उस समूह में शामिल थे जिनमें जारकीहोली भी शामिल थे। इनके पाला बदलने से भाजपा को कांग्रेस-जद (एस) गठबंधन को गिराने और 2019 में बी एस एदियुरप्पा के नेतृत्व में सरकार बनाने में मदद मिली थी।

व्यथित दिख रहे अंगारा ने कहा कि समर्पण के साथ पार्टी के लिए मेहनत करने वाले विधायक के साथ ऐसा व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए था। मैं पार्टी द्वारा टिकट नहीं दिए जाने से असंतुष्ट नहीं हूं। लेकिन यह पार्टी और समाज के लिए बिना किसी काले धब्बे के काम करने के लिए (मुझे) सम्मान देने का कोई तरीका नहीं है .... ईमानदारी का कोई मूल्य नहीं है। अंगारा (58) ने कहा कि वह राजनीति से संन्यास ले रहे हैं और अब वह पार्टी के लिए काम नहीं करेंगे। सुलिया से भाजपा ने भागीरथी मुरुल्या को अपना उम्मीदवार बनाया है। टिकट तय करते समय, भाजपा ने कुछ वरिष्ठों और सेवानिवृत्ति (75 वर्ष की आयु) के करीब लोगों को बदलने की कोशिश करने की नीति अपनाई है।

## ईसाई बिशप ने भारत में धार्मिक आजादी नही होने के आरोपो को खारिज किया

**त्रिसूर (केरल)।** केरल में मलंकारा ऑर्थोडॉक्स सीरियन चर्च के एक पादरी (बिशप) ने बुधवार को कहा कि निहित स्वार्थों के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ‘अनावश्यक दुष्प्रचार’ में दावा किया गया है कि भारत में ईसाई समुदाय का उत्पीड़न किया जाता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह एक महान राष्ट्र का अपमान करने के समान है। मलंकारा ऑर्थोडॉक्स सीरियन चर्च के बिशप गीवरगीस मार यूलियोस ने यहां संवाददाताओं से कहा कि सभी धार्मिक समूहों के सांप्रदायिक संगठन हैं लेकिन धर्मों और ऐसे संगठनों का अंतिम लक्ष्य भिन्न है। उन्होंने कहा कि निहित स्वार्थ से यह प्रचारित किया जा रहा था कि देश में धार्मिक स्वतंत्रता नहीं है और ईसाई समुदाय पर व्यापक हमले हो रहे हैं। उन्होंने कहा, मुझे विदेश से फोन आते थे कि वहां (भारत में) क्या हो रहा है...क्या लोग मारे जा रहे हैं, आदि आदि। निस्संदेह, भारत एक बड़ा देश है।



गुवाहाटी में असम के मुख्यमंत्री हिमंता विसवा सरमा को-आपरेटिव मेल में हाथ से बनाए गए रोजमर्रा के सामान को देखते हुए।

# यूक्रेन के राष्ट्रपति ने पीएम मोदी को पत्र लिखा, मजबूत संबंध बनाने की इच्छा जताई

**नई दिल्ली।** यूक्रेन की प्रथम उप विदेश मंत्री एमिन जापारोवा ने अपने भारतीय वार्ताकारों को कीव की नई दिल्ली के साथ मजबूत एवं करीबी संबंध बनाने की इच्छा से अवगत कराया। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखा है। जापारोवा ने मंगलवार को एक बैठक के दौरान विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी को यह पत्र सौंपा। मंत्रालय ने कहा कि अगले दौर की विदेश कार्यालय स्तर की विचार विमर्श बैठक आपसी सहूलियत के अनुसार किसी तिथि को कीव में आयोजित की जाएगी। यूक्रेन की प्रथम उप विदेश मंत्री जापारोवा की तीन दिवसीय यात्रा बुधवार को समाप्त हो गई। पिछले वर्ष 24 फरवरी को यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद यूक्रेन से किसी नेता की यह पहली भारत यात्रा है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेन ने दवाओं, चिकित्सा उपकरणों सहित अतिरिक्त मानवीय आपूर्ति का आग्रह किया है।

विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) संजय वर्मा के साथ बैठक के दौरान यूक्रेन की प्रथम उप विदेश मंत्री ने प्रस्ताव किया कि यूक्रेन में आधारभूत ढंचे का पुनर्निर्माण भारतीय कंपनियों के लिए एक अवसर हो सकता है। मंत्रालय के बयान के अनुसार, अपनी यात्रा के दौरान जापारोवा ने भारत के साथ मजबूत और करीबी संबंध बनाने की यूक्रेन की इच्छा को रेखांकित किया। इसमें कहा गया है कि जापारोवा की यात्रा दोनों देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देगी। लेखी-जापारोवा की बैठक के बारे में विदेश मंत्रालय ने कहा, आपसी हितों से जुड़े विविध द्विपक्षीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करने के अलावा उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम राष्ट्रपति जेलेंस्की का पत्र उन्हें सौंपा। वहीं, वर्मा और जापारोवा के बीच बातचीत के बारे में मंत्रालय ने कहा कि आर्थिक, रक्षा, मानवीय सहायता, आपसी हितों से जुड़े वैश्विक मुद्दों सहित द्विपक्षीय एजेंडा शामिल रहा।

## करोड़पति हैं 29 वर्तमान मुख्यमंत्रीः एडीआर विश्लेषण

**नई दिल्ली।** एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफार्म (एडीआर) के चुनावी हलफनामे के विश्लेषण से स्पष्ट हुआ है कि देश में 29 वर्तमान मुख्यमंत्री करोड़पति हैं। इनमें से आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी की सम्पत्ति सबसे अधिक 510 करोड़ रूपए है। एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सम्पत्ति सबसे कम 15 लाख रूपए हैं जबकि केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की एक करोड़ रूपए से अधिक संपत्ति है। एडीआर और इलेक्शन वाच के अनुसार, वे वर्तमान 30 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों के चुनावी हलफनामे का विश्लेषण करने के बाद इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं। इनमें 28 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों-दिल्ली एवं पुडुचेरी के मुख्यमंत्री शामिल हैं। इसमें जिन 30 मुख्यमंत्रियों के चुनावी हलफनामे का विश्लेषण किया गया, उनमें 29 (97 प्रतिशत) करोड़पति हैं और इनकी औसत सम्पत्ति 33.96 करोड़ रूपए है।

# पसमांदा मुसलमानों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए भाजपा लाएगी प्रयासों में तेजी

**नई दिल्ली।** भाजपा पसमांदा मुसलमानों तक अपनी पहुंच सुनिश्चित करने के प्रयासों में तेजी ला रही है। उसे उम्मीद है कि हाल ही में उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लिए शिक्षाविद तारिक मंसूर को नामित किए जाने से उसे पसमांदा मुसलमानों के साथ ही मुस्लिम पेशेवरों से जुड़ने में मदद मिल सकती है। पार्टी नेताओं ने कहा कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में काम कर चुके मंसूर पसमांदा मुस्लमान समुदाय से आते हैं। मुसलमानों के बीच पिछड़े वर्गों को पसमांदा कहा जाता है।

प्रधानमंत्री, पार्टी मंचों और सरकारी कार्यक्रमों में अक्सर पसमांदा मुसलमानों का उल्लेख करते हैं और अक्सर कहते हैं कि उनकी सरकार ने बिना किसी भेदभाव के वंचितों के लिए काम किया है। ऐसे में भाजपा का मानना है कि वह 2024 के लोकसभा चुनावों में वंचितों के बीच पैठ बनाने की स्थिति में है। भाजपा का अल्पसंख्यक मोर्चा देश की 80 प्रतिशत से अधिक मुस्लिम आबादी वाले पसमांदाओं से जुड़ने के लिए कार्यक्रम आयोजित कर रहा है और उसके नेताओं का मानना है कि विकास के विषय पर केंद्रित एक धारणा बनाए जाने से उसे इसका लाभ मिल सकता है। मोर्चे के नेता ने कहा कि लोकसभा चुनाव नजदीक आने के साथ ही मोर्चे की पहुंच तेज होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि मोर्चे ने बड़ी संख्या में मुसलमानों की बहुलता वाली कई सीटों की पहचान भी की है।

सूत्रों ने कहा कि अशराफ मुसलमानों ने दशकों से तथाकथित धर्मनिरपेक्ष दलों द्वारा अपनाई गई पहचान की राजनीति का लाभ हासिल किया है, जबकि पसमांदा पीछे रह गए। मुसलमानों के एक कुलीन वर्ग को अशराफ मुसलमान कहा जाता है। सूत्रों ने कहा कि भाजपा अब विकास पर जोर देकर पसमांदा समुदाय को जोड़ने के लिए सुधारात्मक कदम उठाएगी।

भाजपा नेताओं को लगता है कि हाल ही में घोषित प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान (विकास) योजना से भी उसे इस दिशा में लाभ मिल सकता है क्योंकि यह कारीगरों के कौशल विकास और संवर्धन से जुड़ा कार्यक्रम है। भाजपा नेताओं के मुताबिक बड़ी संख्या में ऐसे कारीगर पसमांदा श्रेणी के भी हैं। बजट के बाद अपने एक वेबिनार में मोदी ने पसमांदा मुसलमानों के बीच पिछड़ेपन को रेखांकित किया था और अपनी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के साथ समाज के सबसे वंचित वर्गों तक पहुंचने के लिए अपनी सरकार के प्रयासों का उल्लेख किया था। इससे पहले भाजपा की एक बैठक में प्रधानमंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं को पार्टी के विकास के एजेंडे के साथ मुसलमानों के बीच पहुंचने के लिए प्रोत्साहित किया था।

# ईडी ने नौकरी के बदले जमीन मामले में लालू की बेटी रागिनी से पूछताछ की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रेलवे में नौकरी पाने के बदले जमीन देने के कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में बुधवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद की बेटी रागिनी यादव का बयान दर्ज किया। रागिनी यादव पूछताछ के लिए एजेंसी के सामने पेश हुईं और धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत उनका बयान दर्ज किया गया। कथित घोटाला उस समय हुआ था जब प्रसाद संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग)-। सरकार में रेल मंत्री थे।

एजेंसियों का आरोप है कि 2004-09 की अवधि के दौरान भारतीय रेलवे के विभिन्न जोन में ग्रुप डी के पदों पर विभिन्न व्यक्तियों को नियुक्त किया गया था और इसके बदले में संबंधित व्यक्तियों ने अपनी जमीन तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद के परिवार के सदस्यों और इस मामले में एक लाभार्थी कंपनी ए के इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड को हस्तांतरित कर दी थी। एजेंसी ने इस साल मार्च में रागिनी यादव, उनकी बहनों चंदा यादव और हेमा यादव और पूर्व राजद विधायक अबू दोजाना के पटना, फुलवारीशरीफ, दिल्ली-एनसीआर, रांची और मुंबई स्थित परिसरों पर छापे मारे थे।

ईडी ने सोमवार को इस मामले में रागिनी यादव के भाई और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से पूछताछ कर उनका बयान दर्ज किया था। लालू प्रसाद की पुत्री एवं राजद सांसद मीसा भारती से भी ईडी ने 25 मार्च को इस मामले में पूछताछ की थी। उसी दिन तेजस्वी यादव सीबीआई के सामने पेश हुए थे। दोनों केंद्रीय एजेंसियों ने हाल ही में मामले में कार्वाई शुरू की है। सीबीआई ने लालू प्रसाद और उनकी पत्नी तथा बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से पूछताछ की और ईडी ने राजद प्रमुख के परिवार के यहां छापेमारी की है। ईडी ने छापेमारी के बाद कहा था कि उसने एक करोड़ रुपए की ‘अघोषित नकदी’ जब्त की है और अपराध से अर्जित 600 करोड़ रुपए का पता लगाया है।

# ला नीना साल के बाद अल नीनो के कारण बारिश में कमी हो सकती है : विशेषज्ञ

**नई दिल्ली।** भारत में मॉनसून के सामान्य रहने के भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुमान के बीच विशेषज्ञों का कहना है कि ला नीना के बाद अल नीनो साल में बारिश में खासी कमी होती है। लगातार तीन बार ला नीना के प्रभाव के बाद इस साल अल नीनो की स्थिति बनेगी। ला नीना की स्थिति अल नीनो से विपरीत होती है। ला नीना स्थिति के दौरान आमतौर पर मॉनसून के मौसम में अच्छी बारिश होती है। आईएमडी ने मंगलवार को अपने अनुमान में कहा था कि अल नीनो की स्थिति बनने के बावजूद भारत में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के दौरान सामान्य बारिश होने की उम्मीद है। ऐसी स्थिति से कृषि क्षेत्र को खासी राहत मिलेगी। मौसम का पूर्वानुमान लगाने वाली निजी एजेंसी स्काईमेट वेदर ने मॉनसून के दौरान देश में सामान्य से कम बारिश होने का अनुमान जताया है। आईआईटी बंबई और मैरीलैंड विवि में अध्यापन करने वाले प्रोफेसर रघु मुर्तुगुड्डे ने कहा था कि 60 प्रतिशत अल नीनो साल में जून-सितंबर के दौरान सामान्य से कम बारिश दर्ज की गई है लेकिन विश्लेषण से पता चलता है कि ला नीना साल के बाद आने वाले अल नीनो साल में मॉनसून के दौरान बारिश की कमी की प्रवृत्ति रहती है।

आईएमडी के अनुसार अल नीनो की स्थिति के जुलाई के आसपास विकसित होने की उम्मीद है और इसका प्रभाव मॉनसूनी मौसम के दूसरे हिस्से में महसूस किया जा सकता है। आईएमडी ने कहा था कि दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के दौरान सकारात्मक हिंद महासागर द्विध्रुव (आईओडी) की स्थिति उत्पन्न होने की उम्मीद है और उत्तरी गोलार्ध तथा यूरेशिया पर बर्फ का आवरण भी दिसंबर 2022 से मार्च 2023 तक सामान्य से कम था। आईओडी को अफ्रीका के पास हिंद महासागर के पश्चिमी भागों और इंडोनेशिया के पास महासागर के पूर्वी भागों के बीच समुद्र की सतह के तापमान में अंतर से परिभाषित किया गया है। एक सकारात्मक आईओडी भारतीय मॉनसून के लिए अच्छा माना जाता है।

इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस के भारती इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक पॉलिसी के शोध निदेशक अंजल प्रकाश ने कहा कि 40 प्रतिशत अल नीनो वर्षों में सामान्य या सामान्य से अधिक बारिश हुई है, जबकि 60 प्रतिशत साल में कम बारिश दर्ज की गई है। उन्होंने सवाल किया, हम उन बड़े रुझानों को समझने के बजाय छोटे मूल्यों पर क्यों गौर करते हैं जो दिखाते हैं कि अल नीनो का मॉनसून की बारिश की पद्धति (पैटर्न) पर प्रभाव पड़ता है। भारत के कृषि परिदृश्य के लिए सामान्य बारिश महत्वपूर्ण है क्योंकि खेती वाले क्षेत्र का 52 प्रतिशत इसी पर निर्भर है। यह देश भर में बिजली उत्पादन के अलावा पेयजल आपूर्ति के लिए महत्वपूर्ण जलाशयों में जल के भंडारण के लिए भी जरूरी है।

## न्यायालय ने सपा नेता के खिलाफ रासुका के तहत कार्यवाही को रद्द किया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी (सपा) के एक नेता के खिलाफ राजस्व बकाया मामले में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत की जा रही कार्यवाही को रद्द कर दिया है। शीर्ष अदालत ने इस मामले में राज्य सरकार को दिमाग का इस्तेमाल न करने और न्यायाधिकार का अनुचित इस्तेमाल करने को लेकर फटकार भी लगाई है। न्यायमूर्ति एस के कौल और न्यायमूर्ति ए अमानुल्ला की पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत मुरादाबाद में एक संपत्ति के राजस्व बकाया विवाद के संबंध में याचिकाकर्ता यूसुफ मलिक के खिलाफ पिछले साल अप्रैल में रासुका के तहत शक्तियों के इस्तेमाल से काफी हैरान है। पीठ ने राज्य सरकार का पक्ष रख रहे अधिवक्ता से सोमवार को सवाल किया, क्या यह रासुका के तहत मामला बनता है? उसने कहा कि यही कारण है कि राजनीतिक प्रतिशोध के आरोप लगाए जाते हैं।

# कोविड-19 के टीके कोविशील्ड का फिर से उत्पादन शुरू किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**सीरम** इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) आदर पूनावाला ने बुधवार को कहा कि वायरस संक्रमण के मामले बढ़ने के मद्देनजर इसने कोविड-19 के टीके कोविशील्ड का उत्पादन फिर से शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि कंपनी के पास कोवावैक्स टीके की 60 लाख बूस्टर खुराक पहले से उपलब्ध है और वयस्क व्यक्तियों को बूस्टर खुराक लेनी चाहिए। कोविड-19 के टीकों की कमी से जुड़ी खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि टीके के विनिर्माता तैयार हैं,लेकिन इसकी मांग नहीं है।

पूनावाला ने टीके का उत्पादन फिर से शुरू करने के विषय पर पीटीआई-भाषा से कहा, सिर्फ एहतियात के तौर पर हमने यह कदम उठाया है, ताकि लोग यदि चाहें तो उनके पास कोविशील्ड के रूप में एक विकल्प हो। उन्होंने कहा कि एसआईआई 90 दिनों के अंदर कोविशील्ड की 60-70 लाख खुराक उपलब्ध करा देगा और मांग आधारित भंडार तैयार करने में नौ महीने का वक्त लग सकता है। कंपनी ने दिसंबर 2021 में कोविशील्ड टीके का उत्पादन बंद कर दिया था।

एसआईआई ने कोविशील्ड का उत्पादन ऐसे समय में फिर से शुरू किया है जब देश में संक्रमण के मामले फिर से बढ़ रहे हैं। बुधवार को अद्यतन किए गए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 7,830 नए मामले सामने आए हैं, जो 223 दिनों में सर्वाधिक है। देश में कोविड के उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़ कर 40,215 हो गई है। बुधवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली, पंजाब और हिमाचल प्रदेश में दो-दो तथा गुजरात, हरियाणा, तमिलनाडु व उत्तर प्रदेश में कोविड के एक-एक मरीज की मौत के बाद देश में संक्रमण से जान गंवाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 5,31,016 हो गई। साथ ही, संक्रमण से मौत के आंकड़ों का पुन:मिलान करते हुए केरल ने वैश्विक महामारी से जान गंवाने वाले व्यक्तियों की सूची में पांच नाम और जोड़े हैं।

कोविड के टीके की कमी से जुड़ी खबरों पर पूनावाला ने कहा कि यह कहना गलत है कि कोई भंडार नहीं है और लोगों को गलत जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा, सभी विनिर्माताओं से पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि वहीं दूसरी ओर, टीके की मांग नहीं है। उन्होंने कहा, मांग नहीं है...यही कारण है कि अस्पतालों में इसके भंडार नहीं हैं। ऐसा नहीं है कि टीका विनिर्माता इसका उत्पादन करने में रूचि नहीं ले रहे हैं। यदि मांग है तो इसका उत्पादन करने में हमारी रूचि है। पूनावाला ने 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए बूस्टर खुराक के रूप में मंजूरी प्रदान किए गए कोवावैक्स पर कहा, हमारे पास 60 लाख खुराक तैयार हैं, लेकिन इस वक्त मांग नगण्य है। उन्होंने कहा कि कोवावैक्स वयस्कों और बुजुर्गों के लिए सर्वश्रेष्ठ बूस्टर खुराक है क्योंकि वायरस के ओमीक्रोन और एक्सबीबी स्वरूपों के लिए इसमें प्रभावकारी एंटीबॉडी हैं।

बूस्टर खुराक के लिए लोगों को प्रेरित करते हुए पूनावाला कहा, मैं यह कहना चाहता हूं कि लोगों को मास्क पहनना चाहिए, बुजुर्गों को एहतियाती खुराक लेनी चाहिए। लोगों को टीके के लिए 225 रुपए और इसे लगाने के शुल्क के रूप में 150 या 200 रुपए अदा करने होंगे। उन्होंने कहा, यदि ऐसा नहीं होगा, तो विनिर्माताओं को आर्डर देने के लिए अस्पतालों की ओर से मांग नहीं होगी। कोवावैक्स बूस्टर खुराक अब कोविन ऐप पर उपलब्ध है।

# सुपरकिंग्स को तीन रन से हराकर रॉयल्स शीर्ष पर

**भाषा।** चेन्नई



**सलामी** बल्लेबाज जोस बटलर के अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के प्रभावी प्रदर्शन से राजस्थान रॉयल्स बुधवार को यहां चेन्नई सुपरकिंग्स को इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में तीन रन से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर पहुंच गया। रॉयल्स के 176 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सुपरकिंग्स की टीम सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे (50) के अर्धशतक के बाद कप्तान महेंद्र सिंह धोनी (17 गेंद में नाबाद 32, एक चौका, तीन छक्के) और रविंद्र जडेजा (15 गेंद में नाबाद 25, एक चौका, दो छक्के) के बीच सातवें विकेट की पांच ओवर में 59 रन की अटूट साझेदारी के बावजूद छह विकेट पर 172 रन ही बना की।

रॉयल्स की ओर से रविचंद्रन अश्विन (25 रन पर दो विकेट) और युजवेंद्र चहल (27 रन पर दो विकेट) सबसे सफल गेंदबाज रहे। रॉयल्स के चार मैच में तीन जीत से लखनऊ सुपर जाइंट्स के समान छह अंक हो गए हैं लेकिन टीम बेहतर नेट रन रेट के कारण शीर्ष पर है। रॉयल्स ने इससे पहले बटलर (36 गेंद में 52 रन, एक चौका, तीन छक्के) के अर्धशतक के अलावा देवदत्त पडिक्कल (38) के साथ उनकी दूसरे विकेट के लिए 77 और रविचंद्रन अश्विन (30) के साथ चौथे विकेट के लिए 47 रन की साझेदारी से आठ विकेट पर 175 रन बनाए। शिमरोन हेटमायर (18 गेंद में नाबाद 30 रन, दो छक्के, दो चौके) ने अंतिम ओवरों में तेजतर्रार पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरे सुपरकिंग्स की शुरुआत खराब रही। टीम ने तीसरे ओवर में ही रुतुराज गायकवाड़ (08) का विकेट गंवा दिया जो संदीप सिंह की गेंद को हवा में लहराकर यशस्वी जायसवाल को कैच दे बैठे।

कॉनवे और अजिंक्य रहाणे (31) ने जेसन होल्डर पर चौके मारे। कॉनवे ने जंपा का स्वागत दो चौकों के साथ किया जबकि रहाणे ने रविचंद्रन अश्विन पर पारी का पहला छक्का मारा जिससे टीम ने टीम पावर प्ले में एक विकेट पर 45 रन बनाए। कॉनवे और रहाणे ने बीच के ओवरों में स्ट्राइक रोटेट करने को तरजीह दी लेकिन खराब गेंदों को सबक सिखाने में कोताही भी नहीं बरती। अश्विन ने इसके बाद गेंदबाजी में वापसी करते हुए रहाणे को पगबाधा करके कॉनवे के साथ उनकी 68 रन की साझेदारी का अंत किया। रहाणे ने 19 गेंद का सामना करते हुए दो चौके और एक छक्का मारा। सुपरकिंग्स ने 10 ओवर में दो विकेट पर 80 रन बनाए। अश्विन ने शिवम दुबे (08) को पगबाधा करके सुपरकिंग्स को तीसरा झटका दिया। सुपरकिंग्स के रनों का शतक 14वें ओवर में पूरा हुआ लेकिन मोईन अली (07) इसी ओवर में रन गति बढ़ाने की कोशिश में जंपा की गेंद पर संदीप को कैच दे बैठे। अंबाती रायुडू भी सिर्फ एक रन बनाने के बाद युजवेंद्र चहल की गेंद पर हेटमायर के हाथों लपके गए जिससे सुपरकिंग्स का स्कोर पांच विकेट पर 103 रन हो गया। कॉनवे ने चहल पर चौका और फिर तीन रन के साथ 37 गेंद में अर्धशतक पूरा किया लेकिन इसी ओवर में गेंद को हवा में लहराकर जायवाल के हाथों लपके गए। उन्होंने 38 गेंद का सामना करते हुए छह चौके मारे। सुपरकिंग्स को अंतिम पांच ओवर में 63 रन की दरकार थी। अश्विन के 16वें ओवर में सिर्फ चार रन बने जबकि चहल ने अगले ओवर में सिर्फ पांच रन दिए। सुपरकिंग्स को अंतिम तीन ओवर में 54 रन की जरूरत थी। कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने जंपा पर चौका और फिर छक्का मारा लेकिन ओवर में 14 ही रन बने। रविंद्र जडेजा ने 19वें ओवर में होल्डर पर दो छक्कों और एक चौके से 19 रन बनाकर सुपरकिंग्स की उम्मीद जीवंत रखी। संदीप के अंतिम ओवर में सुपरकिंग्स को 21 रन की जरूरत थी। धोनी ने संदीप पर लगातार दो छक्के मारे लेकिन अंतिम ओवर में मैच को टाई करने के लिए चौका या जीत के लिए छक्का नहीं मार पाए।

## स्कोर बोर्ड

**राजस्थान रॉयल्सः** यशस्वी जायसवाल का दुबे बो देशपांडे 10, जोस बटलर बो मोईन 52, देवदत्त पडिक्कल कॉनवे बो जडेजा 38, संजू सैमसन बो जडेजा 00, रविचंद्रन अश्विन का मगाला बो आकाश 30, शिमरोन हेटमायर नाबाद 30, ध्रुव जुरेल का दुबे बो आकाश 04, जेसन होल्डर का कॉनवे बो देशपांडे 00, एडम जंपा रन आउट 01, **अतिरिक्तः** 10 **कुलः 20 ओवर में आठ विकेट परः** 175 रन **विकेट पतनः** 1-11, 2-88, 3-88, 4-135, 5-142, 6-167, 7-174, 8-175 **गेंदबाजीः** आकाश 4-0-40-2, देशपांडे 4-0-37-2, तीक्षणा 4-0-42-0, जडेजा 4-0-21-2, मोईन 2-0-21-1, मगाला 2-0-14-0

**चेन्नई सुपरकिंग्सः** रुतुराज गायकवाड़ का जायसवाल बो संदीप 08, डेवोन कॉनवे का जायसवाल बो चहल 50, अजिंक्य रहाणे पगबाधा बो अश्विन 31, शिवम दुबे पगबाधा बो अश्विन 08, मोईन अली का संदीप बो जंपा 07, अंबाती रायुडू का हेटमायर बो चहल 01, रविंद्र जडेजा नाबाद 25, महेंद्र सिंह धोनी नाबाद 32, **अतिरिक्तः** 10, **कुलः 20 ओवर में छह विकेट परः** 172 रन **विकेट पतनः** 1-10, 2-78, 3-92, 4-102, 5-103, 6-113 **गेंदबाजीः** संदीप 3-0-30-1, सेन 2-0-8-0, होल्डर 3-0-37-0, जंपा 4-0-43-1, अश्विन 4-0-25-2, चहल 4-0-27-2

# आईसीसी टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में सूर्यकुमार यादव शीर्ष पर बरकरार

**भाषा।** दुबई



**सूर्यकुमार** यादव भले ही मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खराब दौर से गुजर रहे हों लेकिन वह बुधवार को जारी आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) की पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर कायम हैं।

सूर्यकुमार 906 अंक लेकर सूची में पहले स्थान पर काबिज हैं जिससे वह पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान (811 अंक) और कप्तान बाबर आजम (755 अंक) की जोड़ी, दक्षिण अफ्रीका के ऐडन मार्कराम (748 अंक) और न्यूजीलैंड के डेवोन कॉनवे (745 अंक) से आगे चल रहे हैं। विराट कोहली अपने 15वें स्थान पर बरकरार हैं।

सूर्यकुमार के लिए आईपीएल का यह चरण अभी तक अच्छा नहीं रहा है, उन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए पहले तीन मैचों में 15, 01 और शून्य रन बनाए हैं।

बाबर तीसरे स्थान पर पहुंचे, उन्हें शनिवार से न्यूजीलैंड के खिलाफ पाकिस्तान की पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में सूर्यकुमार के करीब आने का मौका मिलेगा। न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच हाल में समाप्त हुई टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन का फायदा मिला जिसमें युवा स्पिनर महीश तीक्षणा अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल करने में सफल रहे जिससे वह गेंदबाजों की रैंकिंग में संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर पहुंच गए।

अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान गेंदबाजों की सूची में हमवतन फजलहक फारूकी, आस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड और श्रीलंका के वानिंदु हसारंगा से आगे शीर्ष पर चल रहे हैं। गेंदबाजों की सूची में शीर्ष 10 में कोई भी भारतीय शामिल नहीं है।

बांग्लादेश की मीरपुर में आयरलैंड पर जीत से टेस्ट रैंकिंग में भी कुछ बदलाव हुआ है। मुश्फिकुर रहीम 126 और नाबाद 51 रन के स्कोर से टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में पांच पायदान के लाभ से 17वें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि ताईजुल इस्लाम और शाकिब अल हसन की स्पिन जोड़ी को गेंदबाजों की सूची में फायदा मिला है। ताईजुल ने पांच विकेट झटके थे जिससे वह तीन पायदान ऊपर 20वें स्थान पर पहुंच गए जबकि बांग्लादेश के कप्तान शाकिब दो पायदान के सुधार से संयुक्त 26वें नंबर पर काबिज हो गए हैं।

### ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड का 30 मैचों से चला आ रहा अजेय अभियान रोका

**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया ने महिला विश्वकप फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू होने से 100 दिन पहले एक मैत्री मैच में इंग्लैंड को 2-0 से हराकर उसके पिछले 30 मैचो से चले आ रहे अजेय अभियान पर रोक लगा दी। सैम केर ने पहले हाफ मे रक्षा पंक्ति की गलती का फायदा उठाकर गोल दागा जबकि शार्लेट ग्रांट ने 67वे मिनट मे बढ़त को दोगुना किया। सरीना विगमैन के कोच बनने के बाद यह इंग्लैंड की पहली हार है। इंग्लैंड ने इससे पहले पिछले 30 मैचो मे से 26 मे जीत दर्ज की थी जबकि बाकी चार मैच ड्रॉ रहे थे। इस बीच उसने पिछले साल यूरोपीय चैपियनशिप का खिताब भी जीता था। इन दोनो टीमो के बीच इससे पहले अक्टूबर 2018 मे मैच खेला गया था जो1-1 से ड्रॉ रहा था। महिला विश्वकप ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की संयुक्त मेजबानी मे खेला जाएगा।

### मैनचेस्टर सिटी लगातार तीसरे साल चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में पहुंचने के करीब

**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर सिटी ने बायर्न म्युनिख को क्वार्टर फाइनल के पहले चरण मे 3-0 से हराकर लगातार तीसरे साल चैपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मे प्रवेश करने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। बायर्न म्युनिख अगले सप्ताह जर्मनी मे होने वाले दूसरे चरण मे अपने घरेलू दर्शको के सामने वापसी की कोशिश करेगा। मैनचेस्टर सिटी के हाथो हार से पहले इस सत्र मे बायर्न म्युनिख का चैपियंस लीग मे शत प्रतिशत जीत का रिकॉर्ड रहा था। इस बीच उसने इंटर मिलान, बार्सिलोना और पेरिस सेंट जर्मेन जैसी टीमो को भी हराया था लेकिन मैनचेस्टर सिटी के सामने उसकी एक नही चली। मैनचेस्टर सिटी ने शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाया जिसका उसे फायदा मिला। उसकी तरफ से रोड्री, बर्नार्डो सिल्वा और एरलिंग हालैड ने गोल किए।

### चैंपियंस लीग क्वार्टर फाइनल में बेनफिका को हराकर जीत की राह पर लौटा इंटर मिलान

**लिस्बन।** इंटर मिलान ने चैपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल के पहले चरण मे बेनफिका को 2-0 से हराकर फिर से जीत की राह पकड़ी। इंटर मिलान इससे पहले छह मैचो मे जीत दर्ज नही कर पाया था लेकिन उसने तब जीत हासिल की जबकि इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। इससे वह एक दशक से भी अधिक समय मे पहली बार चैपियंस लीग के सेमीफाइनल में जगह बनाने की स्थिति में पहुंच गया है। पहला हाफ गोल रहित छूटने के बाद इंटर मिलान की तरफ से निकोलो बारेला और रोमेलु लुकाकू ने दूसरे हाफ में गोल किए। इंटर मिलान की यह पिछले एक महीने से भी अधिक समय मे पहली जीत है जबकि बेनफिका की सभी प्रतियोगिताओं मे 15 मैचों मे अजेय रहने के बाद यह लगातार दूसरी हार है। बेनफिका ने इस बीच 13 मैचो मे जीत दर्ज की थी।

### रहीम के दो गोल से चेन्नईयिन ने नॉर्थईस्ट युनाइटेड को 4-2 से हराया

**मंजेरी।** रहीम अली के दो गोल की मदद से चेन्नईयिन एफसी ने यहां हीरो सुपर कप फुटबॉल प्रतियोगिता के के ग्रुप डी मैच मे नार्थईस्ट यूनाइटेड एफसी को 4-2 से करारी शिकस्त दी। चेन्नईयिन एफसी ने 17वे मिनट मे ही पहला गोल किया। रहीम ने दाहिने छोर से मिले क्रॉस पर यह गोल दागा। आकाश सांगवान ने 34वे मिनट मे दूसरा गोल करके चेन्नई की बढ़त को दोगुना किया। जब लग रहा था कि मैच पूरी तरह से चेन्नईयिन एफसी के नियंत्रण में है तब रोचरजेला ने 42वे मिनट में नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड की तरफ से पहला गोल किया।

# रिंकू की तूफानी पारी को भुलाकर पंजाब किंग्स के खिलाफ उतरेगा गुजरात टाइटंस

**भाषा।** मोहाली



**पिछले** मैच में आखिरी ओवर में रिंकू सिंह के पांच छक्कों से अप्रत्याशित हार झेलने वाली गत चैम्पियन गुजरात टाइटंस उस रात को बुरे सपने की तरह भुलाकर पंजाब किंग्स के खिलाफ बृहस्पतिवार को आईपीएल के मैच में जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेगी।

कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पिछले मैच में गुजरात के लिए कार्यवाहक कप्तान राशिद खान ने हैट्रिक ली, साइ सुदर्शन और विजय शंकर ने उम्दा पारियां खेली लेकिन रिंकू के बल्ले से निकले तूफान में सब बह गया। रिंकू ने आखिरी ओवर में पांच छक्के लगाकर केकेआर को चमत्कारिक जीत दिलाई। यह हार लंबे समय तक गुजरात को याद रहेगी लेकिन अब उसे अगले मैच पर फोकस करना होगा। तीन मैचों में चार अंक लेकर अंकतालिका में चौथे स्थान पर काबिज गुजरात को आत्मविश्वास से भरी पंजाब के खिलाफ शानदार खेल दिखाना होगा।

मौजूदा फॉर्म को देखें तो सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आठ विकेट से मिली हार के अलावा पंजाब ने जबर्दस्त प्रदर्शन किया है जिसका श्रेय कप्तान शिखर धवन और तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की फॉर्म को जाता है। दूसरे छोर से विकेटों के पतन के बावजूद धवन ने सनराइजर्स के खिलाफ 99 रन बनाए हालांकि टीम को हार से नहीं बचा सके। इसके बाद राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ नाबाद 86 और केकेआर के खिलाफ 40 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। गुजरात के कप्तान हार्दिक पंड्या को बखूबी पता है कि धवन क्या कर सकते हैं। यह मुकाबला धवन और शुभमन गिल के बीच भी होगा चूंकि धवन का लक्ष्य अभी भी अपनी उपयोगिता साबित करके विश्व कप टीम में जगह बनाने का होगा। धवन और उनके युवा सलामी जोड़ीदार प्रभसिमरन सिंह ने पावरप्ले के ओवरों में पंजाब को शानदार शुरूआत दी है और मोहम्मद शमी, हार्दिक तथा राशिद के खिलाफ भी उनकी यही रणनीति होगी।

पंजाब के पास आईपीएल के इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी सैम कुरेन हैं जिनका साथ देने के लिए लियाम लिविंगस्टोन और जितेश शर्मा होंगे। गेंदबाजी में अर्शदीप के साथ नाथन एलिस रहेंगे।

गुजरात के पास गिल, सुदर्शन और शंकर जैसे मैच विनर हैं। शंकर ने पिछले मैच में 24 गेंद में 63 रन बनाए थे। गेंदबाजी में शमी, जोश लिटिल, अलजारी जोसेफ और राशिद हैं।

**टीमें :**

**गुजरात टाइटंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), शुभमन गिल, कोना भरत, रिद्धिमान साहा, राहुल तेवतिया, अभिनव मनोहर, मोहम्मद शमी, प्रदीप सांगवान, आर साई किशोर, विजय शंकर, साई सुदर्शन, राशिद खान, शिवम मावी, मैथ्यू वेड, ओडियन स्मिथ, उर्विल पटेल, दर्शन नालकांडे, डेविड मिलर (पहले 2 मैचों में उपलब्ध नहीं), , यश दयाल, जयंत यादव, नूर अहमद और अल्जारी जोसेफ।

**पंजाब किंग्सः** शिखर धवन (कप्तान), अर्शदीप सिंह, बलतेज सिंह, राज बावा, राहुल चाहर, सैम कुरेन, ऋषि धवन, नाथन एलिस, हरप्रीत बरार, हरप्रीत सिंह, वी कावेरप्पा, लियाम लिविंगस्टोन, मोहित राठी, प्रभसिमरन सिंह, कागिसो रबादा , भानुका राजपक्षे, एम शाहरुख खान, जितेश शर्मा, शिवम सिंह, मैथ्यू शॉर्ट, सिकंदर रजा और अथर्व तायडे। समयः मैच शाम 7:30 बजे से शुरू होगा।

# वॉल्श को वेस्टइंडीज महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच पद से हटाया गया

**सेंट जोन्स ( एंटीगा )।** अपने जमाने के दिग्गज तेज गेंदबाज कर्टनी वॉल्श को वेस्टइंडीज की राष्ट्रीय महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच पद से हटा दिया गया है। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने टीम के दक्षिण अफ्रीका में हाल में खेले गए टी20 विश्वकप के नॉकआउट चरण में पहुंचने में नाकाम रहने के बाद यह फैसला किया। बोर्ड ने कहा कि वह वॉल्श और अन्य सहयोगी स्टाफ की जगह जल्द ही नई नियुक्ति करेगा। विश्वकप में टीम के लचर प्रदर्शन के बाद सहयोगी स्टाफ के किसी भी सदस्य के अनुबंध का नवीनीकरण नहीं किया गया है। वेस्टइंडीज विश्व कप में पहले दो मैचों में इंग्लैंड और भारत से हार गया था तथा आयरलैंड और पाकिस्तान के खिलाफ जीत के बावजूद अपने ग्रुप में तीसरे स्थान पर रहा था। वॉल्श ने अक्टूबर 2020 में वेस्टइंडीज की महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच का पद संभाला था। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने बयान में कहा, क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने महिला टीम के मुख्य कोच कर्टनी वॉल्श के अनुबंध का नवीनीकरण नहीं करने का फैसला किया है और उनके स्थान पर नई नियुक्ति की प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी। वॉल्श ने अपने करियर के दौरान 132 टेस्ट मैचों में 519 और 205 वनडे में 227 विकेट लिए थे।

# स्टोक्स की एशेज के लिए रणनीति : आक्रामक बल्लेबाजी और तूफानी गेंदबाजी

**भाषा।** लंदन



**इंग्लैंड** के टेस्ट कप्तान और चेन्नई सुपरकिंग्स के ऑल राउंडर बेन स्टोक्स इस साल होने वाली एशेज श्रृंखला के दौरान आक्रामक बल्लेबाजी की अपनी रणनीति पर कायम रहकर तेज गेंदबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियों में तूफानी गेंदबाजी का सहारा लेकर आस्ट्रेलिया के कड़ी परीक्षा लेना चाहते हैं।

इंग्लैंड ने अपने नए कोच ब्रैंडन मैकुलम की अगुवाई में टेस्ट मैचों में आक्रामक बल्लेबाजी की रणनीति अपनाई जिसके उसे सकारात्मक परिणाम मिले और वह 12 में से 10 मैचों में जीत दर्ज करने में सफल रहा। स्टोक्स ने कहा कि बल्लेबाजी में अपनी इस रणनीति पर कायम रहते हुए वह तेज गेंदबाजों की फौज को उतारकर जून में शुरू होने वाली एशेज श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया के लिए नया खतरा पैदा करना चाहते हैं।

स्टोक्स ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, अगर मैं चाहता तो 20 सदस्ईय टीम चुन सकता था। मैंने चिकित्सा टीम से कहा है कि वह मुझे चयन के लिए आठ गेंदबाज मुहैया कराए। इस साल मैच काफी करीबी होने वाले हैं इसलिए मैं चाहता हूं कि प्रत्एक मैच के लिए हमारे पास उपयुक्त संसाधन मौजूद रहें।

अभी आईपीएल में खेल रहे इस 31 वर्षीय आलराउंडर ने फिर से एशेज हासिल करने के लिए अपने दिमाग में अंतिम एकादश तय कर ली है। पांच मैचों की श्रृंखला 16 जून से एजबेस्टन में शुरू होगी। जो रूट की अगुवाई में इंग्लैंड पिछली श्रृंखला में 0-4 से हार गया था।

स्टोक्स ने कहा, हम भाग्यशाली हैं कि हमारे पास चयन के लिए अच्छे खिलाड़ियों का समूह है। मैं जानता हूं कि मुझे किस अंतिम एकादश के साथ मैदान पर उतरना है। इंग्लैंड के पास अनुभवी जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के अलावा जोफ्रा आर्चर, मार्क वुड और ओली स्टोन के रूप में उपयोगी तेज गेंदबाजी आक्रमण है जो कि एशेज में ऑस्ट्रेलिया की कड़ी परीक्षा लेने के लिए तैयार है।

# अंतिम पंघाल फाइनल में, अंशु सहित तीन अन्य कांस्य पदक के लिए भिड़ेंगे

**भाषा।** अस्ताना

**भारत** की युवा पहलवान अंतिम पंघाल ने जवाबी हमले का शानदार नमूना पेश करते हुए बुधवार को यहां एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के 53 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया जबकि अंशु मलिक जापान की साए नैंजो के रक्षण को तोड़ने में नाकाम रही और उन्हें अब कांस्य पदक के लिए भिड़ना होगा।

पिछले साल अंडर 20 विश्व चैंपियन बनने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनी 18 वर्षीय पंघाल ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को आसानी से हराया और फाइनल तक की राह में केवल एक अंक गंवाया।

पंघाल ने सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान की अक्तेंग क्यूनिमजाएवा के खिलाफ चेतावनी मिलने के कारण एक अंक गंवाया लेकिन उन्होंने यहां मुकाबला आसानी से 8-। से जीता। पंघाल ने अपने अभियान की शुरुआत सिंगापुर की सिआओ पिंग एलविना लिम के खिलाफ आसान जीत के साथ की और इसके बाद क्वार्टरफाइनल में चीन की ली डेंग को 6-0 से हराया। स्वर्ण पदक के लिए उनका मुकाबला 2021 की विश्व चैंपियन जापान की अकारी फुजिनामी से होगा जिन्होंने 2020 में सीनियर स्तर पर प्रतिस्पर्धा शुरू करने के बाद बमुश्किल ही कोई मुकाबला गंवाया होगा।

अंशु मलिक से 57 किग्रा भार वर्ग में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद थी लेकिन 2021 की विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता यह भारतीय खिलाड़ी मौजूदा अंडर 23 विश्व चैंपियन नैंजो के खिलाफ अंक बनाने के लिए जूझती रही। जापानी पहलवान ने पहले पीरियड में आक्रामकता भी दिखाई जबकि अंशु को निष्क्रिय बने रहने के लिए एक अंक गंवाना पड़ा।

# आईएसएसएफ ने स्वर्ण पदक के लिए शीर्ष दो निशानेबाजों के बीच मुकाबले के नियम को खत्म किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**अंतरराष्ट्रीय** निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) ने विश्व कप और ओलंपिक सहित अन्य बड़ी खेल प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक के लिए फाइनल्स में सबसे अधिक अंक जुटाने वाले दो निशानेबाजों के बीच मुकाबले के एक अतिरिक्त चरण को हटा दिया है और पुराने प्रारूप को बहाल किया है। आईएसएसएफ ने 2020 तोक्यो ओलंपिक खेलों के बाद पिस्टल और राइफल निशानेबाजी में विजेता का फैसला करने के लिए फाइनल में अतिरिक्त चरण की शुरुआत की थी। आईएसएसएफ अब फिर से पुरानी एलिमिनेशन प्रणाली पर वापस चला गया है जहां सर्वश्रेष्ठ स्कोरर को स्वर्ण पदक मिलेगा। शीर्ष दो निशानेबाज अब स्वर्ण पदक के लिए अलग से प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे।

यह परिवर्तन बाकू (8-15 मई) में आईएसएसएफ पिस्टलाराइफल विश्व कप से प्रभावी होगा और पेरिस में 2024 ओलंपिक खेलों के दौरान भी इसका पालन किया जाएगा।

खेल को और अधिक दर्शकों के अनुकूल बनाने के लिए 2020 तोक्यो ओलंपिक के बाद फाइनल के लिए अंकों का एक नया प्रारूप पेश किया गया था जहां पहले की एलिमिनेशन प्रक्रिया की जगह दो सर्वाधिक अंक जुटाने वाले निशानेबाजों के बीच स्वर्ण पदक के लिए मुकाबला होता था। पहले 16 अंकों तक पहुंचने वाले निशानेबाज को विजेता घोषित किया जाता था। यह प्रणाली भोपाल में हाल ही में समाप्त हुए आईएसएसएफ पिस्टलाराइफल विश्व कप तक लागू थी। आईएसएसएफ ने क्वालीफिकेशन दौर में कोई बदलाव नहीं किया है जहां से सबसे ज्यादा स्कोर करने वाले आठ निशानेबाज फाइनल में जगह बनाते हैं। फाइनल के लिए प्रारूप में बदलाव करके आईएसएसएफ ने न केवल अंक प्रणाली को सरल बनाया है बल्कि दर्शकों के लिए भी मुकाबले को समझना आसान कर दिया है। नवीनतम प्रारूप के अनुसार फाइनल में सभी आठ निशानेबाजों को पांच शॉट की दो सीरीज मिलेंगी। इसके बाद 14 एकल मैच शॉट होंगे जहां आठ फाइनलिस्टों में सबसे कम अंक प्राप्त करने वाला निशानेबाज 12वें शॉट के बाद बाहर हो जाएगा और यह प्रक्रिया हर दो शॉट पर तब तक जारी रहेगी जब तक कि पदक विजेताओं का फैसला नहीं हो जाता। विजेता का फैसला करने के लिए फाइनल में कुल 24 शॉट दागे जाएंगे।

# कुछ खिलाड़ी एनसीए के स्थाई निवासी बन गए हैं, लगातार चार मैच नहीं खेल सकते

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने देश के कुछ प्रमुख गेंदबाजों की चोट के प्रबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वे रिहैबिलिटेशन कराते हुए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के स्थाई निवासी बन गए हैं।

शास्त्री ने किसी का नाम नहीं लिया लेकिन उनका इशारा चेन्नई सुपर किंग्स के तेज गेंदबाज दीपक चाहर की ओर था जो पिछले आठ महीने में कम से कम तीन बार चोटिल हो चुके हैं जबकि नितिन पटेल की अगुवाई वाली एनसीए की खेल विज्ञान और मेडिकल टीम ने उन्हें फिट करार दिया था।

शास्त्री ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो के डिजिटल वीडियो में व्यंग्यात्मक लहजे में कहा , ऐसे भी कह सकते हैं कि पिछले तीन या चार साल में एनसीए को स्थाई ठिकाना बनाने वाले कई हैं। उन्हें जल्दी ही निवास की अनुमति मिल जाएगी यानी वे कभी भी वहां जा सकते हैं जो अच्छी बात नहीं है। बीसीसीआई द्वारा संचालित बेंगलुरू स्थित एनसीए के पास खेल विज्ञान और मेडिकल की एक विशेषज्ञ टीम है जो केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की चोटों के इलाज में मदद करती है।

चाहर को बाईं हैमस्ट्रिंग में चोट लगी है जबकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा कमर के फ्रेक्चर के कारण सर्जरी करा चुके हैं।

अक्टूबर 2021 तक भारतीय टीम के कोच रहे शास्त्री ने हैरानी जताई कि इनमें से कुछ खिलाड़ी तो सारे प्रारूप भी नहीं खेलते हैं लेकिन लगातार चार टी20 मैचों में चार चार ओवर भी नहीं डाल सकते। उन्होंने कहा , ए लगातार चार मैच नहीं खेल सकते। फिर एनसीए क्यों जाते हैं। तीन मैच बाद फिर एनसीए लौट आते हैं।



शास्त्री का मानना है कि रोहित शर्मा का फॉर्म में लौटना पांच बार की चैम्पियन मुंबई इंडियंस के लिए अच्छा संकेत है। मुंबई ने दिल्ली कैपिटल्स को छह विकेट से हराकर तीन मैचों में पहली जीत दर्ज की।

दिल्ली ने 172 रन बनाए जिसके जवाब में मुंबई ने आखिरी गेंद पर जीत दर्ज की। रोहित ने 65 रन बनाए जो 24 पारियों के बाद उनका पहला अर्धशतक है। शास्त्री ने कहा , रोहित शर्मा ने दिल्ली के खिलाफ दबाव का बखूबी सामना किया। उन्होंने मोर्चे से अगुवाई की। उनका फॉर्म में लौटना उनके और टीम के लिए अच्छा है। उन्होंने कहा , इस जीत से आगे के मैचों के लिए मुंबई का आत्मविश्वास बढेगा। इस बीच महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर चाहते हैं कि चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी बल्लेबाजी क्रम में ऊपर आएं।

चेन्नई को बुधवार को राजस्थान रॉयल्स से खेलना है जो बतौर कप्तान धोनी का 200वां मैच है। गावस्कर ने कहा , मुझे उम्मीद है कि धोनी बल्लेबाजी क्रम में ऊपर आएंगे ताकि उन्हें दो तीन ओवर अधिक खेलने को मिले। वह बड़ी पारियां खेलने में माहिर हैं।

# रुड मोंटे कार्लो मास्टर्स के तीसरे दौर में

**एपी।** मोनाको

**चौथे** वरीय कास्पर रूड ने क्ले कोर्ट पर अपनी जीत के क्रम को नौ मैच तक पहुंचाते हुए बुधवार को यहां मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में जगह बनाई।

फ्रेंच ओपन 2022 के उप विजेता रूड ने कड़े मुकाबले में बोटिक वेन डि जेंडशुल्प को सीधे सेट में 7-5, 7-6 से हराया।

दूसरे सेट में एक सेट प्वाइंट बचाने वाले रूड अगले दौर में यान लेनार्ड स्ट्रूफ से भिड़ेंगे जिन्होंने 14वें वरीय एलेक्स डि मिनोर को 6-3, 6-2 से हराया।

सातवें वरीय यानिक सिनर, 13वें वरीय एलेक्सांद्र ज्वेरेव और 16वें वरीय लोरेंजो मुसेटी भी तीसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहे।